नई दिल्ली
शनिवार 20 जून 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 62
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 39
न्यून. 31

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## 26वें अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन-2026 का केंद्रीय गृह मंत्री ने किया उद्घाटन

# अपराधी कितना भी चतुर हो, कानून और विज्ञान की संयुक्त शक्ति से बच नहीं सकता : अमित शाह

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित 26वें अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन-2026 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य एफआईआर दर्ज होने से लेकर दोषसिद्धि तक तीन वर्ष के भीतर न्याय सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा किए गए आपराधिक न्याय प्रणाली सुधारों का प्रमुख उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को तेज, वैज्ञानिक और तकनीक आधारित बनाना है। इस अवसर पर गृह मंत्री ने नए डिजिटल प्लेटफॉर्म और एप्लीकेशनों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ये सभी पहल लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे और समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

**लंबित मामलों को कम करने का तैयार हो रहा ब्लूप्रिंट:** अमित शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय, सर्वोच्च न्यायालय और विभिन्न उच्च न्यायालयों के साथ मिलकर लंबित मामलों की संख्या कम करने के लिए एक व्यापक ब्लूप्रिंट तैयार कर रहा है। उनका कहना था कि न्याय में देरी को कम करना और अपराधियों को शीघ्र सजा दिलाना सरकार की प्राथमिकता है।

**साइंटिफिक एविडेंस आधारित जांच बनेगी नई पहचान:** गृह मंत्री ने कहा कि देश की पुलिस व्यवस्था अब पारंपरिक 'फोर्स आधारित पुलिसिंग' मॉडल से आगे बढ़कर वैज्ञानिक साक्ष्य आधारित जांच की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण का सबसे प्रभावी तरीका आधुनिक फॉरेंसिक तकनीकों और वैज्ञानिक जांच को अपनाना है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अपराधी कितना भी चतुर क्यों न हो, कानून और विज्ञान की संयुक्त शक्ति से वह बच नहीं सकता।




### एआई और मशीन लर्निंग से अपराध होने से पहले रोकथाम की तैयारी

अमित शाह ने कहा कि सरकार अब केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई करने की व्यवस्था तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि अपराध को पहले ही रोकने की दिशा में काम कर रही है। इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और पैटर्न एनालिसिस के माध्यम से रिपीट ऑफेंडर्स और अंतरराज्यीय अपराध नेटवर्क की पहचान कर उन्हें अपराध करने से पहले रोकने का नया फ्रेमवर्क विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य की पुलिसिंग प्रेडिक्टिव पुलिसिंग पर आधारित होगी, जहां डेटा विश्लेषण के जरिए संभावित अपराधों और अपराधियों की पहचान पहले से की जा सकेगी।

### 17,840 पुलिस थानों तक पहुंचा सीसीटीएनएस नेटवर्क

अमित शाह ने कहा कि क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स आज देश के 17,840 पुलिस थानों तक पहुंच चुका है। इसके तहत उपलब्ध 37 करोड़ 86 लाख से अधिक डिजिटल रिकॉर्ड का एआई आधारित विश्लेषण अपराधियों की पहचान, निगरानी और गिरफ्तारी में एक महत्वपूर्ण उपकरण साबित होगा।

### विशाल डेटा बैंक को बनाया जाएगा एक्शन योग्य इंटेलिजेंस

गृह मंत्री ने बताया कि देश के पास वर्तमान में 1 करोड़ 29 लाख फिंगरप्रिंट रिकॉर्ड, 9 लाख नार्कोटिक्स अपराधियों का डेटा, 3 लाख 65 हजार मानव तस्करी से जुड़े रिकॉर्ड। उपलब्ध हैं। इन सभी आंकड़ों को एआई और मशीन लर्निंग तकनीकों के जरिए एक्शनबल इंटेलिजेंस में परिवर्तित किया जाएगा, जिससे जांच एजेंसियों को अपराधियों तक तेजी से पहुंचने में मदद मिलेगी।

### क्रिमिनल जस्टिस चेन का डिजिटल एकीकरण

गृह मंत्री ने कहा कि नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटीफिकेशन सिस्टम, सीआरपीआई, ई - प्रॉसिक्यूशन और ई - फॉरेंसिक सेंटर जैसी व्यवस्थाओं ने अपराध जांच से लेकर अभियोजन और न्यायिक प्रक्रिया तक पूरी क्रिमिनल जस्टिस चेन को तकनीक से जोड़ दिया है। अब केवल डेटा संग्रह नहीं, बल्कि उसे विश्लेषित कर उपयोगी खुफिया जानकारी में बदला जा रहा है।

### एनसीआरबी और बीपीआरडी की भूमिका में बड़ा बदलाव

अमित शाह ने कहा कि एनसीआरबी और बीपीआरडी जैसी संस्थाएं अब केवल रिकॉर्ड रखने वाली एजेंसियां नहीं रहेंगी। इन्हें इंटेलिजेंस-ड्रिवन क्राइम प्रिवेंशन संस्थाओं के रूप में विकसित किया जा रहा है, जो डेटा एनालिटिक्स और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से अपराध रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाएंगी।

### तकनीक आधारित पुलिसिंग की ओर बढ़ता भारत

गृह मंत्री ने कहा कि भारत की कानून-व्यवस्था प्रणाली तेजी से तकनीक आधारित, पारदर्शी और वैज्ञानिक स्वरूप ग्रहण कर रही है। नई डिजिटल पहलें न केवल जांच और अभियोजन की गति बढ़ाएंगी, बल्कि आम नागरिकों को समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भारत की पुलिसिंग और आपराधिक न्याय व्यवस्था विश्व के सर्वश्रेष्ठ मॉडलों में शामिल होगी।

## अभिषेक बनर्जी ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला से मुलाकात की, 20 बागी टीएमसी सांसदों के खिलाफ अयोग्यता याचिका दायर की



**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात कर सभी बागी सांसदों को दल बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य ठहराने की मांग करते हुए 20 अलग-अलग याचिकाएं सौंपी। बनर्जी की अगुवाई में कल्याण बनर्जी, महुआ मोइत्रा और राज्यसभा में पार्टी के नेता डेरेक ओब्रायन के साथ पार्टी नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल बिरला से मिला। वहीं, सूत्रों के अनुसार, बिरला ने कहा कि इसमें कई कानूनी पहलु जुड़े हैं और इसलिए सभी पक्षों को सुनने के बाद ही सदस्यों की सदन में स्थिति को लेकर फैसला लिया जाएगा। ज्ञात हो कि बागी सांसदों के प्रतिनिधिमंडल से लोकसभा अध्यक्ष बिरला से पहले ही मिल चुके हैं। बागी सांसदों के नेशनलिस्ट ▸▸ शेष पेज 7 पर

## भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन का पंजाब दौरा आज से, तीन दिन कई कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन शनिवार आज 20 जून से 22 जून तक पंजाब के तीन दिवसीय विस्तृत संगठनात्मक दौरे पर रहेंगे। तीन दिनों के इस प्रवास कार्यक्रम में श्री नवीन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में भाग लेंगे और कई संगठनात्मक बैठकें भी करेंगे। साथ ही, वे प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों के साथ संवाद करेंगे, सामाजिक एवं धार्मिक नेताओं से मुलाकात करेंगे तथा भाजपा के संगठनात्मक नेटवर्क को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से भाजपा के शक्ति केंद्र प्रभारियों से भी मुलाकात करेंगे।

प्रवास के पहले दिन, नवीन श्री हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) में मत्था टेकेंगे और अरदास करेंगे। वे प्रदेश भाजपा कोर कमिटी बैठक करेंगे। साथ ही, वे ऐतिहासिक जलियांवाला बाग का भ्रमण करेंगे, श्री दुर्गियाना मंदिर में दर्शन करेंगे तथा श्री राम तीर्थ (वाल्मीकि मंदिर) में नमन करेंगे। सायंकाल वे जालंधर के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां वे रात्रि 7:45 बजे एक रोड शो करेंगे।

प्रवास के दूसरे दिन, 21 जून को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात वे जालंधर में दैनिक सवेरा द्वारा आयोजित संत समाज कॉन्क्लेव में प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद, नवीन लुधियाना के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां वे दोपहर 2:50 बजे लुधियाना जिला भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करेंगे तथा शक्ति केंद्र प्रभारियों और वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक बैठक करेंगे। सायंकाल नवीन लुधियाना में आयोजित एक विशेष बैठक के दौरान क्षेत्र के उद्योगपतियों के साथ ▸▸ शेष पेज 7 पर










## अदालत ने आरोपी डॉक्टर विनोद कुमार रंगा को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

# 650 करोड़ की दवा और मेडिकल उपकरण खरीद घोटाले में डीजीएचएस का पूर्व अधिकारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



एंटी करप्शन ब्रांच ने दिल्ली के अस्पतालों में 650 करोड़ के दवा और मेडिकल उपकरण घोटाले में डीजीएचएस के पूर्व अधिकारी डॉक्टर विनोद कुमार रंगा को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच अभी जारी है। उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में कुछ और गिरफ्तारियां हो सकती है।

एसीबी के ज्वाइंट सीपी विक्रमजीत सिंह के मुताबिक यह गिरफ्तारी केंद्रीय खरीद एजेंसी (सीपीए) द्वारा दवाइयों, सर्जिकल सामान, इस्तेमाल होने वाली चीजों और मेडिकल उपकरणों की खरीद में बड़े पैमाने पर हुई कथित गड़बड़ियों की जांच के बाद की गई है। डॉ. रंगा सीपीए के पूर्व विभागाध्यक्ष हैं। सतर्कता निदेशालय की एक शिकायत में आरोप लगाया गया था कि कुछ सरकारी कर्मचारियों और कुछ अन्य लोगों ने आपराधिक साजिश रची और चुनिंदा कंपनियों एवं आपूर्तिकर्ताओं को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए खरीद की प्रक्रियाओं, टेंडर की शर्तों और तकनीकी विनिर्देश में बदलाव किया, जिससे सरकारी खजाने को मोटा नुकसान हुआ। इसके साथ ही निजी स्तर पर काम करने वाले लोगों को गलत तरीके से लाभ मिला। जांचकर्ताओं ने पता लगाया अनियमितताएं पोर्टेबल एक्स-रे मशीनों, चादर एवं संबंधित कपड़े, सी-आर्म रेडियोलॉजिकल उपकरणों, एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन, ओआरएस, शल्य चिकित्सा में इस्तेमाल होने वाली सामग्री तथा दवाओं की अत्यधिक बढ़ी हुई कीमतों पर खरीद से संबंधित थी।

यह भी आरोप है कि चुनिंदा आपूर्तिकर्ताओं को लाभ पहुंचाने के लिए उनकी जरूरत के अनुरूप विनिर्देश तैयार किए गए, वास्तविक प्रतिस्पर्धियों को निविदा प्रक्रिया से बाहर रखा गया और सरकारी धन की सैकड़ों करोड़ रुपये की राशि का दुरुपयोग किया गया। बयान में कहा गया कि शिकायत के आधार पर एसीबी ने दो जून को इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की थी।

जांच के दौरान अधिकारियों ने खरीद संबंधी अभिलेखों, आधिकारिक दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों की जांच की। शुरुआती जांच में सामने आया कि जांच के दायरे में आने वाली खरीद से संबंधित कई महत्वपूर्ण फाइलें कथित तौर पर डॉ रंगा ने उपलब्ध नहीं कराई, जिन्हें उन्होंने अपने कब्जे में रखा हुआ था। एसीबी ने कहा कि जांच के दौरान डॉ. रंगा से पूछताछ की गई, लेकिन वह लापता अभिलेखों और मामले के अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं के संबंध में संतोषजनक स्पष्टीकरण देने में विफल रहे।

एसीबी ने डॉ. रंगा को गुरुवार को गिरफ्तार किया और उन्हें शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि साजिश में शामिल अन्य लोकसेवकों, व्यक्तियों, आपूर्तिकर्ताओं और लाभार्थियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

## साइबर धोखाधड़ी में लिप्त राजस्थान से चार चढ़े हत्थे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मध्य जिले की साइबर पुलिस ने राजस्थान से संचालित साइबर धोखाधड़ी और धनशोधन गिरोह का भंडाफोड़ करके चार लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह कई बैंक खातों के जरिए अवैध रूप से हासिल हुए पैसे इधर-उधर भेजता था।

पुलिस के अनुसार ये गिरफ्तारियां एक साइबर धोखाधड़ी मामले में की गई हैं, जिसमें एक महिला के बैंक खाते से बिना अनुमति के दो लाख रुपये निकाले गए थे। मामला पिछले साल चार नवंबर को दर्ज किया गया था और धोखाधड़ी का पता उस समय चला जब अमेरिका में रहने वाले महिला के बेटे ने संदिग्ध लेन-देन का पता चलने के बाद भारत आकर शिकायत दर्ज कराई।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि महिला से ऐंठी गई रकम पहले एक बैंक खाते में भेजी गई और फिर उसे कई अन्य खातों में घुमाया गया ताकि पैसे के स्रोत का जांचकर्ताओं को देरी से पता चलें। पुलिस ने राजस्थान के सीकर जिले के एक गांव में छापेमारी कर चार आरोपियों को पकड़ा है। इनके नाम अभिषेक सिहाग, अंकित गढ़वाल, विकास बेनीवाल और लोकेश कुमार बताये गये हैं।

# मंगोलपुरी के फर्नीचर बाजार में लगी आग, छह दुकानें जलकर हुई खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मंगोलपुरी इलाके में शुक्रवार तड़के एक फर्नीचर बाजार में आग लग गई। इस घटना में करीब आधा दर्जन दुकानें और एक टैंपो जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि आग से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के मुताबिक मंगोलपुरी के एस ब्लॉक स्थित फर्नीचर बाजार में आग लगने की सूचना तड़के तीन बजे मिली, जिसके बाद दमकल की गई गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल विभाग द्वारा बताया गया कि सुबह पांच बजकर 20 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग से आधा दर्जन दुकानों को भारी नुकसान पहुंचा है।

### द्वारका में नमकीन बनाने वाली फैक्टरी में आग

द्वारका स्थित नंद विहार इलाके में गुरुवार देर रात नमकीन बनाने वाली एक फैक्टरी में आग लग गई। दमकल की आठ गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के मुताबिक द्वारका सेक्टर-16ए में मेट्रो स्टेशन के पास आग लगने की सूचना देर रात एक बजे मिली, जिसके बाद दमकल की आठ गाड़ियों को मौके पर तुरंत भेजा गया। टिन शेड से बनी फैक्टरी में आग बहुत जल्दी फैली। देर रात करीब एक बजकर 40 मिनट पर आग पर काबू पाया गया।

# जीतेगी दिल्ली हारेगा डेंगू- मलेरियाः महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- प्रवेश वाही ने मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए ऑटो रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना

'जीतेगी दिल्ली हारेगा डेंगू-मलेरिया' यह हमारा आदर्श वाक्य ही नहीं बल्कि संकल्प भी है। दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने शुक्रवार को मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम एवं उनके प्रति जन जागरूकता का प्रचार करने के लिए ऑटो रैली को झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद यह बात कही।

इस अवसर पर महापौर वाही ने कहा कि नरेंद्र मोदी के देश के प्रधानमंत्री के रूप में 12 वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष में तथा उनसे प्रेरणा लेते हुए हम दिल्ली को साफ स्वच्छ एवं हरित बनाने के लिए पूर्ण रूप से संकल्पित है और इसी कड़ी में यह कार्य किया जा रहा है। महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली को बेहतर शहर बनाने के लिए संकल्पित है और दिल्ली नगर निगम उनके इस संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर महापौर ने 450 कर्मियों सहित 100 ऑटो रिक्शा को रवाना किया गया। वहीं, बताया गया कि प्रत्येक ऑटो रिक्शा पर महापौर का मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु किए जाने वाले उपायों का संदेश प्रसारित किया जाएगा एवं ऑटो रिक्शा पैम्फलेट, बैनर एवं फॉगिंग मशीन से लैस किए गए हैं। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त डॉ सतेंद्र सिंह दुर्सावत, निगम स्वास्थय अधिकारी डॉ. अशोक रावत, डॉ. लल्लन राम वर्मा एवं दिल्ली नगर निगम के अधिकारीगण और कर्मचारी उपस्थित रहे। दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने बताया कि सिविक सेंटर स्थित दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय से ऑटो रिक्शा रैली का शुभारंभ किया है जो दिल्ली नगर निगम के प्रत्येक 250 वार्डों में जाएगी। उन्होंने कहा कि यह ऑटो रिक्शा फॉगिंग मशीन एवं जन जागरूकता सामग्री जैसे मच्छर जनित बीमारियों से बचने के तरीके बताने वाले संदेश, पैम्फलेट एवं बैनर प्रसारित करेगी। प्रवेश वाही ने कहा कि मच्छर जनित बीमारियों के लिए निगम द्वारा किए जा रहे प्रयासों एवं फील्ड विजिट के अतिरिक्त यह रैली आयोजित की जा रही है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गजेन्द्र सिंह** पुत्र वीरेन्द्र सिंह, निवासी मकान नं. डी–131, गली नं. 11, गली मेंडू खजूरी खास, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 739/2024 धारा 12/9/55 दिल्ली सार्वजनिक जुआ अधिनियम, थाना सब्जी मण्डी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गजेन्द्र सिंह** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गजेन्द्र सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 739/2024 धारा 12/9/55 दिल्ली सार्वजनिक जुआ अधिनियम, थाना सब्जी मण्डी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **गजेन्द्र सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **31.08.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री प्रीति राजोरिया,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07,**
**कमरा नं. 32, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/7827/N/2026

# दुष्कर्म और पॉक्सो केस में दो माह से फरार आरोपी उत्तराखंड से दबोचा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी जिले की वेलकम पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो मामले में वांछित एवं दो माह से अधिक समय से फरार 26 वर्षीय आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। वेलकम निवासी आरोपी उत्तराखंड के भगवानपुर में छापेमारी के बाद पकड़ा गया।

पुलिस के अनुसार यह मामला चार अप्रैल को तब प्रकाश में आया जब 21 वर्षीय एक महिला ने वेलकम थाने में शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी युवक ने साल 2023 में पिस्तौल दिखाकर उसे डराया-धमकाया और उसका यौन उत्पीड़न किया था। बताया कि आरोपी ने इस कृत्य का एक वीडियो भी बनाया था और बाद में ब्लैकमेल कर बार-बार उसका यौन शोषण किया गया। आरोपी पीड़िता की ट्यूशन क्लास के दौरान उसका पीछा भी करता था और उसने पीड़िता तथा उसके परिवार के सदस्यों को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी थी। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की और पीड़िता की उम्र का सत्यापन किया। पता चला कि कथित घटना के समय लड़की नाबालिग थी।

अधिकारी ने बताया कि इसके बाद पॉक्सो की धारा छह जोड़ी गई। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार था। उसके संभावित ठिकानों पर कई बार छापेमारी की गई। आरोपी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट प्राप्त किया गया और उसे भगोड़ा घोषित करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई थी। हाल ही में एक पुख्ता सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम ने आरोपी का पता लगाया और उसे उत्तराखंड के भगवानपुर से धर दबोचा। आरोपी पहले भी गैर-इरादतन हत्या और जुए से जुड़े आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

## साइबर अपराधियों को बैंक खाते मुहैया करवाने वाले तीन पकड़े

**नई दिल्ली।** पूर्वी जिले की साइबर पुलिस ने ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस संबंध में तीन लोगों को यूपी से गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम शिवम कुमार, अंकित चौधरी और राजेंद्र शर्मा बताये गये हैं।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी ऐसे बैंक खातों की व्यवस्था करते थे, जिनका इस्तेमाल ऑनलाइन ठगी से हासिल रकम को प्राप्त करने और विभिन्न खातों में भेजकर उसके स्रोत को छिपाने के लिए किया जाता था। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई एक 'ई-एफआईआर' के आधार पर की गई है। दरअसल आईपी एक्सटेंशन निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि ऑनलाइन लेनदेन के बहाने उसके साथ साइबर ठगी हुई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके बैंक खाते से धोखाधड़ी से रकम निकालकर कई अलग-अलग बैंक खातों में भेज दी गई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच शुरू की, जिसके तहत पैसों के लेनदेन की पूरी श्रृंखला की जांच कर इसमें शामिल लोगों की पहचान की गई। जांच के दौरान एक ऐसे नेटवर्क का पता चला जो साइबर ठगों के लिए बैंक खातों का इंतजाम करता था। इसी कड़ी में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस गिरोह के तार और किन लोगों या साइबर अपराधी नेटवर्क से जुड़े हुए हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **राजन, पुत्रः प्रविंदर, निवासीः सतीश का मकान, सैय्यद के पास, खेड़ा मजार, ग्राम बांकनेर, नरेला, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **Case FIR No.40/2020 Dt.21.01.2020 U/S 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना नरेला औद्योगिक क्षेत्र, बाहरी उत्तरी ज़िला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **राजन** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **राजन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **Case FIR No.40/2020 Dt.21.01.2020 U/S 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना नरेला औद्योगिक क्षेत्र, बाहरी उत्तरी ज़िला, दिल्ली** के अभियुक्त **राजन** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **21.08.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

**आदेशानुसार, श्री साहिल गुप्ता**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (उत्तर),**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/8289/ON/2026**
**(अदालती मामला)**

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NITNO.EPC/05/DARKFIBERDATED 15.01.2026 | शुद्धिपत्र-6/ जमा करवाने की निर्धारित तिथि का विस्तार 09.07.2026 तक 17.00 बजे तक। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | NIT NO. 19/CWD-2/VOL-XX/HVPN/2026-27 DATED:29.05.2026 (ONLINE TENDER ID NO.2026_HBC_525282_1) | "बोली खुलने की तिथि 19.06.2026 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 25.06.2026 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)।" | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: **www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**
संवाद–13/2027/80/46379/I/88/7 दि. 19.06.26

# 'ऑपरेशन साइहॉक 5.0' के दौरान चार बैंक कर्मचारी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने 'ऑपरेशन साइहॉक 5.0' के दौरान चार बैंक कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। इन पर ठगी में शामिल बैंक खाते खुलवाने में मदद का आरोप है। पुलिस के अनुसार नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव बैंक, न्यू कोंडली ब्रांच के डिप्टी मैनेजर पवित्र कुमार बिस्वाल (42) को एक 'म्यूल अकाउंट' खुलवाने में मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

यह अकाउंट देश के अलग-अलग हिस्सों से आई साइबर धोखाधड़ी की 159 शिकायतों से जुड़ा था और इसका इस्तेमाल साइबर धोखाधड़ी के पीड़ितों से ठगी गई रकम को प्राप्त करने और उसे आगे भेजने के लिए किया जा रहा था। इस संबंध में पूर्वी जिले के साइबर थाने में केस दर्ज किया था। जांच से पता चला कि आरोपी ने आवेदक या अकाउंट खोलने के दस्तावेजों में बताई गई बिजनेस की जगह का अनिवार्य फिजिकल वेरिफिकेशन किए बिना ही एक फर्म के नाम पर वह अकाउंट खुलवाने में मदद की थी। दूसरे आईसीआईसीआई बैंक के रिलेशनशिप मैनेजर उदय राज यादव को अंतर-राज्यीय साइबर धोखाधड़ी और साइबर अपराध से मिली रकम की लॉन्ड्रिंग (मनी लॉन्ड्रिंग) में मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

इस संबंध में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट में केस दर्ज हुआ था। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि आईसीआईसीआई बैंक, संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर ब्रांच के रिलेशनशिप मैनेजर उदय राज यादव ने बैंकिंग सिस्टम में अपने पद का गलत इस्तेमाल किया। उसने भोले-भाले नागरिकों को बैंक अकाउंट खोलने के लिए बहलाया-फुसलाया, जिनका इस्तेमाल बाद में अलग-अलग राज्यों में साइबर धोखाधड़ी से ठगी गई रकम को प्राप्त करने और उसे इधर-उधर घुमाने (लेयरिंग) के लिए किया गया। तीसरी एफआईआर साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट में दर्ज की गई थी। इस सिलसिले में पीएनबी मयूर विहार के कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले सेल्स एग्जीक्यूटिव विश्वास मीणा को गिरफ्तार किया गया है। उसने अपनी बैंकिंग जानकारी का इस्तेमाल करके राजस्थान के दौसा के रहने वाले लोगों के कई बैंक अकाउंट्स का इंतजाम किया और उन्हें कंट्रोल किया। उसने इन अकाउंट्स से जुड़े अकाउंट किट, चेक बुक, डेबिट कार्ड और सिम कार्ड अपने पास रखे थे। चेक के जरिए धोखाधड़ी से निकाले गए पैसे के हॉटस्पॉट की जांच के दौरान उसे पकड़ा गया। इसके पास से व्हाट्सएप चैट के सबूत भी मिले जिनसे पता चलता है कि वह फंड रोटेशन और क्रिप्टो ट्रेडिंग में सक्रिय रूप से शामिल था। चौथा केस साइबर वेस्ट थाने का है। इसमें शालीमार बाग ब्रांच के एक्सिस बैंक के सेल्स मैनेजर अजय कुमार (28) निवासी बुराड़ी को गिरफ्तार किया गया है। वह धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल होने वाले अकाउंट खुलवाने और साइबर फ्रॉड से मिले पैसे को ट्रांसफर करने में मदद कर रहा था। उसी ब्रांच के सात म्यूल करंट बैंक अकाउंट्स में उसकी भूमिका पाई गई।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प रोहतक | जीन्द जिले में गांव पेगां में आईटीआई भवन का निर्माण (एसी और आरओ प्लांट का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 18.06.2026 25.06.2026 | 25.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 2 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | राज्य परिवहन हरियाणा के डिपुओं में अपेक्षित टायर रिट्रीडिंग मैटीरियल (प्रीक्योर्ड) और इसके सम्बद्ध उत्पादों की खरीद हेतु नई ऑनलाइन निविदा के लिए निविदा सूचना। | 22.06.2026 21.07.2026 | 4.01 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2709809 dtcstore-dst@hry.gov.in |
| 3 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | अगले एक वर्ष के लिए हरियाणा रोडवेज की बसों के लिए आवश्यकताएं पूरी करने के लिए नये स्टील रेडियल ट्यूबलैस टावर आकार 295/80 आर 22.5-16पीआर, नये नॉयलोन टायर सैट्स आकार 7.50×16पीआर सहित ट्यूब और फ्लैप तथा नये स्टील रेडियल टायर सैट आकार 10.00 आर 20-16 पीआर सहित ट्यूब और फ्लैप की खरीद के लिए नये ऑनलाइन निविदा हेतु निविदा सूचना (लगभग मूल्य 32.00 करोड़)। | 22.06.2026 21.07.2026 | 32 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2709809 dtcstore-dst@hry.gov.in |
| 4 | पंचायती राज सोनीपत | मुंडलाना गांव ब्लॉक मुंडलाना में फिरनी का निर्माण + 2 कार्य। | 16.06.2026 24.06.2026 | 95.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज सोनीपत | महिला एवं युवा विकास केन्द्र, दीपालपुर का निर्माण। | 18.06.2026 25.06.2026 | 83.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज अम्बाला | एचजीवीवाई - गांव बेगोमाजरा ब्लॉक अम्बाला-1 में हरकीरत के खेत से कुलभूषण के खेत तक ब्रिक पेव्ड रास्ता का निर्माण + 1 कार्य। | 17.06.2026 23.06.2026 | 14.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज पुण्डरी | गांव मुन्नारहेड़ी में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना + 4 कार्य। | 17.06.2026 25.06.2026 | 21.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398020009 sdoprpundri@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज कैथल | गांव जाडौला, ब्लॉक ढांड में बाल्मिकी चौपाल हेतु हॉल का निर्माण। | 16.06.2026 22.06.2026 | 8.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01746-234748 prexeeng.ktl@hry.nic.in |
| 9 | सिविल सर्जन सिरसा | जिला सिरसा में ऑर्थो इम्प्लांट्स और इंस्ट्रयूमेंट्स 2026-27 की ई-निविदा। | 23.06.2026 09.07.2026 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416255807 cposirsa@gmail.com |
| 10 | सिविल सर्जन फरीदाबाद | एनटीईपी कार्यक्रम के तहत एसीएफ टीबी विभाग समेत पब्लिक प्राईवेट सपोर्ट एजेंसी पीपीएसए हेतु निविदा। | 19.06.2026 02.07.2026 | 1.04 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 8059682590 dtohrfbd@rntcp.org |
| 11 | सिविल सर्जन भिवानी | ऑर्थो इम्प्लांट्स के लिए ई-निविदा। | 22.06.2026 13.07.2026 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9992174254 dycsnrhm.bhiwani@gmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | पांची जाट्टान लिंक ड्रेन पर आरडी 3200 पर पाइप एक्वेडक्ट का पुनर्निर्माण। | बंद होने की तिथि 22.06.2026 | 5.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9050101646 xenrws@rediffmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | गांव हुल्लाहेड़ी में ईस्ट जुआं ड्रेन के रीच आरडी 20705 से 21565 में डिजाइन के अनुरूप ड्रेन खुदाई और रीच आरडी 20705 से 20865 और 21245 से 21270 और 21650 में पाइप लाइन बिछाकर ड्रेनेज के पुनरोद्धार हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 26.06.2026 | 9.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813232636 xenwsdivnspt@rediffmail.com |
| 14 | वन विभाग फरीदाबाद | फतेहाबाद और टोहाना रेंज में प्लांटेशन का रखरखाव। | 18.06.2026 29.06.2026 | 256.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667220313 dfo.fatehabad@yahoo.co.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : **www.etenders.hry.nic.in**
पीआरडीएच–11/2027/280/46391/I/88/7 दि. 19.06.26

नई दिल्ली
शनिवार 20 जून 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 62
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 39
न्यून. 31

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 'सुपर सैटर्डे': क्लीन स्वीप पर भारत की नजर






## खबर संक्षेप

### देश में 7 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग, बांटे गए जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड भी



**भोपाल।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन में मप्र ने जो बहुआयामी उपलब्धियां हासिल की हैं, उसके लिए मैं राज्य सरकार की सराहना करती हूं। उन्होंने कहा कि देश में नवजात शिशुओं से लेकर 40 वर्ष की आयु तक के 7 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य पूरा हो चुका है। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। यह पूरे विश्व में आनुवंशिक रोगों की जांच-परख की सबसे बड़ी पहलों में से एक है। राष्ट्रपति ने कहा कि इस उपलब्धि में मप्र का महत्वपूर्ण योगदान है। मप्र में अब तक डेढ़ करोड़ से भी अधिक लोगों की स्क्रीनिंग हो चुकी है। इनमें से अधिकांश लोगों को जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड भी दिए जा चुके हैं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु शुक्रवार को खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बोल रही थीं। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। राष्ट्रपति ने कहा कि यह संतोष की बात है कि वर्ष 2023 में राष्ट्रीय मिशन का शुभारंभ करते समय जो अनेक बड़े लक्ष्य देश के सामने रखे गए थे, उनमें से स्क्रीनिंग का लक्ष्य समय से पहले ही पूरा हो गया। लगभग तीन वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मप्र के शहडोल से राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन को लॉन्च किया था। अध्ययनों से यह भी पता चला कि भारत के जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल रोग का प्रसार सामान्य आबादी की तुलना में कई गुना अधिक है।


नागपुर में 10 हजार टन एल्यूमिनियम एक्सट्रूजन प्रेस के भूमि पूजन समारोह में बोले रक्षा मंत्री

# अपनी जरूरतों को खुद पूरा करने वाला देश अधिक आत्मविश्वास से आगे बढ़ सकता है: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के नागपुर स्थित यंत्र इंडिया लिमिटेड (वाईआईएल) की इकाई आयुध निर्माणी अंबाझरी में 10 हजार टन एल्यूमिनियम एक्सट्रूज़न प्रेस के भूमि पूजन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रेस भारत की आयात पर निर्भरता घटाकर स्वदेश में महत्वपूर्ण सामग्रियों के निर्माण की सोच का प्रतीक है। आज युद्ध का स्वरूप बदल रहा है और दुश्मन को पहचानना पहले के मुकाबले और अधिक मुश्किल हो गया है। लेकिन पारंपरिक युद्ध और उससे जुड़े हुए साधनों का महत्व आज भी उतना ही है। जितना 1947 में था। यह 2047 में भी काफी हद तक पहले के समान ही बना रहेगा। यह एक ऐसी सच्चाई है, जिसे हमें स्वीकार करना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि एक मजबूत सैन्य औद्योगिक आधार का महत्व लंबे समय तक बरकरार रहेगा। समारोह में राजनाथ सिंह के अलावा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, वाईआईएल और मंत्रालय के कई उच्च-अधिकारी शामिल हुए। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

**एक्सट्रूज़न प्रेस से होगा यह फायदा :** प्रस्तावित प्रेस देश में अपनी तरह की सबसे अधिक उन्नत सुविधाओं में से एक होगी। जो कि रक्षा प्रणालियों, प्लेटफार्मों, एयरोस्पेस, विमानन संरचनाओं, मिसाइल कार्यक्रमों, रेलवे और परिवहन क्षेत्रों सहित अन्य रणनीतिक औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए जरूरी बड़े और जटिल एल्यूमीनियम मिश्र धातु प्रोफाइल के निर्माण में सहायक होगी।




### युद्ध के समय प्रभावित होती सप्लाई चेन

उन्होंने कहा कि युद्धकाल में जब सप्लाई चेन पर प्रभाव पड़ता है। तब प्रत्येक देश यह चाहता है कि उसके जरूरी रक्षा उत्पादों का घरेलू स्तर पर उत्पादन किया जाना चाहिए। एक ऐसा मुल्क जो अपनी आवश्यकताओं को अपने बलबूते पर पूरा करने में सक्षम हो। वह और अधिक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकता है। राजनाथ के मुताबिक, भारत ने आगामी दो से तीन वर्षों के लिए रक्षा उत्पादन का 3 लाख करोड़ और रक्षा निर्यात का 50 हजार करोड़ रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह लक्ष्य अपनी तय समय-सीमा से पहले ही पूरा हो जाएगा।

### स्वदेश में निर्माण, आत्मनिर्भरता बढ़ेगी

उन्होंने कहा कि एल्यूमिनियम एक्सट्रूज़न प्रेस का भूमिपूजन देश की उस बदलती हुई सोच को प्रदर्शित करता है। जिसमें अब हम पहले की तरह अपनी किसी भी सैन्य जरूरत को पूरा करने के लिए बाहर के मुल्कों की तरफ देखने की बजाय चरण दर चरण देश के अंदर अपने नागरिकों की मदद से ही निर्माण कर रहे हैं। मेरा मानना है कि यह जरूरी है। क्योंकि वर्तमान में हम सभी स्पष्ट रूप से दुनिया की स्थिति से भली-भांति परिचित हैं। जहां कई भागों में युद्ध जारी है और उससे समूची सप्लाई चेन प्रभावित है। ऐसे में स्वाभाविक है कि प्रत्येक देश चाहेगा कि वह अपने आवश्यक सुरक्षा उत्पादों का निर्माण अपने देश के अंदर अपने लोगों की मदद से ही करे। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में स्वदेश में निर्मित हथियारों की बड़ी भूमिका रही है। बड़ी मशीनों की असली शक्ति हजारों पुर्जों से मिलकर बनती है।

### पीएम के विजन ने दी प्रेरणा

*रक्षा मंत्री ने कहा कि देश के भीतर निर्माण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन से हमें काफी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि भारत का रक्षा उत्पादन 2025-26 में अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर यानी 1 लाख 78 हजार करोड़ रुपए पर जा पहुंचा है। जो वर्ष 2014 में महज 46 हजार करोड़ रुपए पर ही था। वहीं, इसी अवधि में रक्षा निर्यात 1 हजार करोड़ रुपए पर था। जो अब 40 हजार करोड़ रुपए के स्तर तक पहुंच गया है। यह केवल आंकड़ों में हुई वृद्धि नहीं है। बल्कि इससे कहीं न कहीं देश का कौशल और आत्मविश्वास भी बढ़ा है। उन्होंने वाईआईएल के प्रयासों की सराहना की है। जिनकी मदद से वह आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की पूर्ति में अपना अहम योगदान कर रही है। आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में दीर्घकालिक प्रगति, मुकाबला करने के लिए आर-एंड-डी, पूंजी निवेश और नवाचार को रक्षा मंत्री ने अत्यंत महत्वपूर्ण आधार बताया है। उन्होंने कहा कि इन्हें अपनाने वाले संगठन ही भविष्य का नेतृत्व करते हैं।*

### ओएफबी के निगमीकरण से हुआ लाभ

*बदलते समय और उभरती हुई प्रौद्योगिकियों को ध्यान में रखते हुए संबंधित प्रणाली को अधिक मजबूत और चुस्त बनाने के लिए आयुध निर्माणी बोर्ड (ओएफबी) का निगमीकरण किया गया था। वाईआईएल भी इसी परिवर्तन का परिणाम है। सरकार ने निगमीकरण के दौरान तय किए गए सभी उद्देश्यों को सफलता के साथ पूरा किया है। जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र की नई रक्षा इकाइयों (डीपीएसयू) को पर्याप्त परिचालन स्वायत्तता प्रदान करना, उन्हें नवाचार, जोखिम लेने, अनुसंधान-निर्यात क्षेत्र में आगे बढ़ाने के अवसर मिलना शामिल है। निगमीकरण से पूर्व के वित्त वर्ष 2019-20 में ओएफबी का उत्पादन 12 हजार 755 करोड़ रुपए था। जो 2025-26 में बढ़कर 26 हजार 282 करोड़ रुपए तक जा पहुंचा है। इसके अलावा रक्षा निर्यात में निगमीकरण से पहले का आंकड़ा मात्र 81 करोड़ रुपए था। जो अब बढ़कर 4 हजार 561 करोड़ हो गया है। जिसमें वाईआईएल का योगदान 397 करोड़ रुपए रहा है।*

*महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, दुनिया भारत के रक्षा क्षेत्र के विकास को स्वीकार कर रही है। क्योंकि केंद्र सरकार के प्रयासों की वजह से हमारा देश अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक निर्यातक के रूप में खुद को स्थापित कर रहा है।*

जीआरएसई ने स्वदेश में किया है दूनागिरी, संशोधक और अग्रय का निर्माण

# 21 जून को नौसेना में कमीशन होंगे 3 जहाज, पीएम करेंगे समारोह की अध्यक्षता




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रविवार 21 जून को नौसेना के जंगी बेड़े में दूनागिरी, संशोधक और अग्रय नामक तीन नए प्लेटफॉर्म एक साथ शामिल होंगे। कोलकाता में एक भव्य और ऐतिहासिक समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। घरेलू और वैश्विक स्तर पर तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच तीनों जहाजों की नौसेना में आवक से बल की समूचे समुद्री क्षेत्र में रणनीतिक क्षमता, हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण और एंटी-सबमरीन युद्ध जैसे क्षेत्रों में कई गुना का इजाफा ▶▶ शेष पेज 7 पर

### जीआरएसई ने बनाए तीनों प्लेटफार्म

*रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि तीनों जहाजों का निर्माण स्वदेश में किया गया है। डिजाइन नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने बनाया और उसके आधार पर निर्माण कार्य कोलकाता स्थित स्वदेशी शिपयार्ड गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने किया है। अब एक साथ इनके शामिल होने से नौसेना की उभरते हुए खतरों के खिलाफ क्षमता विकास, समुद्री जलक्षेत्र में अभियानों को मजबूती प्रदान करने, जागरूकता बढ़ाने और तटीय जलक्षेत्रों की सुरक्षा को संतुलन के साथ प्रगाढ़ बनाने की सोच प्रदर्शित होती है।*

### यह हैं जहाजों की खूबियां

*दूनागिरी, नौसेना की प्रोजेक्ट-17-ए स्टेल्थ फ्रिगेट परियोजना का हिस्सा है। जिसमें उन्नत और अत्याधुनिक हथियार, सेंसर लगे हुए हैं। ध्वनि की गति से भी कई गुना अधिक तेजी से सतह से सतह पर सटीक मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल और मध्यम रेंज वाली सतह से हवा में मार करने वाली बराक-8 जैसी विध्वंसक मिसाइलें युद्धपोत में लगाई गई हैं। जो दूनागिरी की युद्धक क्षमता को सराहनीय रूप से बढ़ा देती हैं। यह युद्धपोत दुश्मन पर घात लगाकर हमला कर उसे भारी नुकसान पहुंचा सकता है। संशोधक, चौथा सर्वेक्षण जहाज (लॉर्ज) है। जिसे रक्षा और नागरिक एप्लीकेशन के लिए समुद्र तट से लेकर गहरे पानी में हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण, समुद्र विज्ञान तथा भू-भौतिकीय विज्ञान संबंधी डेटा के एकत्रीकरण, मैपिंग के लिए बनाया गया है। जहाज उन्नत सर्वेक्षण सिस्टम जैसे ऑटोनोमस अंडरवाटर व्हीकल्स, रिमोर्टली ऑपरेटेड व्हीकल्स से लैस है। अग्रय, अर्नला श्रेणी का चौथा एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट है। जिसमें हल्के भार वाले टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लांचर और उथले पानी में कार्य करने में* ▶▶ शेष पेज 7 पर

# कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर आयोग सख्त, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को जारी की एडवाइजरी

***पोश-कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 18 बिंदुओं पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश, जिला स्तर तक जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कार्यस्थलों पर महिलाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को विस्तृत एडवाइजरी जारी की है।

आयोग ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (पोश एक्ट) के प्रभावी और तत्काल क्रियान्वयन के लिए व्यापक कदम उठाने का आग्रह किया है। आयोग ने कहा कि इस एडवाइजरी में राज्य सरकारों और जिला प्रशासनों के लिए 18 महत्वपूर्ण उपायों की सिफारिश की गई है, जिन पर तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। मुख्य सचिवों और पुलिस प्रमुखों को भेजे गए निर्देश के अनुसार, यह एडवाइजरी सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों तथा पुलिस महानिदेशकों को भेजी गई है। इसके साथ ही जमीनी स्तर पर कानून के प्रभावी अनुपालन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए देशभर के जिला मजिस्ट्रेटों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और पुलिस आयुक्तों को भी इसकी प्रतियां भेजी गई हैं। आयोग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े प्रावधान केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका प्रभावी पालन प्रत्येक कार्यस्थल पर हो।

### सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों पर लागू होगी सख्ती

एडवाइजरी में स्पष्ट किया गया है कि सरकारी, निजी, संगठित और असंगठित क्षेत्र के सभी कार्यस्थलों को पोश - अधिनियम के प्रावधानों का सख्ती से पालन करना होगा। आयोग ने कहा कि प्रत्येक संस्थान में महिलाओं के लिए सुरक्षित, समावेशी और लैंगिक संवेदनशील कार्य वातावरण विकसित करना अनिवार्य है। इसके लिए आंतरिक शिकायत समितियों की स्थापना, जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन और शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत बनाने जैसे उपायों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

# रिक्त पदों को जल्द भरने, अतिरिक्त स्टेशन मास्टर्स की तैनाती और सुरक्षा उपकरणों के उन्नयन पर जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देशभर के रेलवे स्टेशन प्रबंधन को अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाने की दिशा में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने स्टेशन मास्टर्स को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे उपायों की व्यापक समीक्षा की। इस संबंध में उन्होंने वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक में स्टेशन मास्टर्स के समक्ष आने वाली परिचालन और प्रशासनिक चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में स्टेशन मास्टर्स के दैनिक कार्यों में आने वाली समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान तैयार करने तथा उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। ▶▶ शेष पेज 7 पर

### कौशल विकास और क्षमता निर्माण पर विशेष जोर

*बैठक के दौरान रेल मंत्री ने बदलती तकनीकी और परिचालन आवश्यकताओं के अनुरूप स्टेशन मास्टर्स के आधुनिक कौशल विकास और क्षमता निर्माण को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि रेलवे नेटवर्क के विस्तार और यातायात में वृद्धि को देखते हुए कर्मचारियों को नवीनतम तकनीकों और आधुनिक प्रबंधन प्रणालियों का प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है, ताकि वे अधिक दक्षता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें।*

### व्यस्त रेल मार्गों पर बढ़ाई जाएगी स्टेशन मास्टर्स की संख्या

*रेल मंत्री ने बहु-पटरी और उच्च घनत्व वाले रेल खंडों में बढ़ते परिचालन दबाव को ध्यान में रखते हुए* ▶▶ शेष पेज 7 पर

पीएम मोदी ने राहुल को दी जन्मदिन की बधाई

# कांग्रेस मुख्यालय में खरगे और प्रियंका संग काटा केक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी 56 वर्ष के हो गए हैं। उनके जन्मदिन के इस विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट साझा कर उन्हें बधाई दी। पीएम मोदी ने लिखा कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना ▶▶ शेष पेज 7 पर

56 साल के हुए नेता विपक्ष देशभर में कार्यकर्ताओं में उत्साह



पासपोर्ट सेवा दिवस के मौके पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले विदेश मंत्री

देश में सालाना पासपोर्ट जारी करने का आंकड़ा 1.38 करोड़ के पार पहुंच गया है

# भारत में पासपोर्ट महज कुछ पन्नों वाली पुस्तिका नहीं, राष्ट्रीय पहचान का सशक्त साधन है: जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर राजधानी में आयोजित किए गए तीन दिवसीय वार्षिक क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में पासपोर्ट केवल कुछ पन्नों वाली एक पुस्तिका नहीं है। बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय व्यापार, आर्थिक अवसरों और राष्ट्रीय पहचान का एक मजबूत और महत्वपूर्ण साधन बन गया है। साथ ही अब पासपोर्ट मुहैया कराने की प्रक्रिया समूचे भारत में पूरी तरह से लोकतांत्रिक और विकेंद्रीकृत हो गई है। यह दस्तावेज एक समृद्ध, वैश्विक रूप से जुड़े हुए और विकसित भारत के निर्माण की एक प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य कर रहा है। जिसने वैश्विक गतिशीलता को भी एक नई परिभाषा प्रदान की है। विदेश ▶▶ शेष पेज 7 पर




### 2014 के मुकाबले हुई कई गुना प्रगति

*मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने अपनी प्रस्तुति में बताया कि बीते वित्त वर्ष 2014 में जहां देश में पासपोर्ट जारी करने की सालाना संख्या 83 लाख थी। जो 2025-26 में बढ़कर 1.38 करोड़ (138 लाख प्लस) के आंकड़े को भी पार कर गई है। वहीं, इसी समय अवधि में देश में मौजूद पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीएसके) की बात करें तो 2014 में इनकी संख्या 77 थी। जो 2024-25 में बढ़कर 545 हो गई है। जबकि देश में 454 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र भी मौजूद हैं। जिन्हें हम पीओपीएसके के नाम से जानते हैं।*




## खबर संक्षेप

### बंधुआ मजदूर का टीम ने किया रेस्क्यू, एक गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** थाना तिगांव क्षेत्र के अंतर्गत गांव शाहबाद से पुलिस ने एक बंधुआ मजदूर को रेस्क्यू किया है। युवक मानसिक रूप से विकृत था। थाना तिगांव की टीम ने उसको रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती कर दिया है तथा एक आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अनुसार 17 जून को थाना तिगांव की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि गांव शाहबाद में 30 वर्षीय युवक को बंधुआ मजदूर बनाकर रखा हुआ है।

### चोरी करने के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** ग्रीन फील्ड कॉलोनी स्थित एक घर से पानी की मोटर चोरी करने के मामले में क्राईम ब्रांच सेक्टर 48 की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान अनूप व नीरज निवासी संगम विहार दिल्ली को लोटस गार्डन सूरजकुंड से गिरफ्तार किया है। पुलिस अनुसार मुकेश कामत वासी 9 जून को कोई नामालूम व्यक्ति उसके घर में लगी पानी की मोटर को चोरी कर ले गये।

### गाजियाबाद में दो गुट भिड़े, चली गोलियां, छात्र घायल



**गाजियाबाद।** नंदग्राम थाने के पास 100 फुटा रोड पर शुक्रवार को दिनदहाड़े बाइक सवार युवकों ने होटल पर खाना खाने आए छात्र को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। छात्र को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तरुण के दाएं हाथ में पिस्टल की गोली धंस गई। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर 100 फुटा रोड पर दो बाइकों पर सवार पांच युवक आए और होटल पर खाना खाने आए तरुण और उसके साथी से गाली गलौज की।

## सभी दीक्षित भक्तों को अपनत्व के भाव से स्वीकार किया

# श्रीरामानुज संप्रदाय के दीक्षांत समारोह में बरसी गुरूकृपा से भावुक हुए श्रद्धालुगण, 493 श्रद्धालुओं ने दीक्षा प्राप्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सूरजकुंड मार्ग स्थित श्रीरामानुज संप्रदाय की इंद्रप्रस्थ एवं हरियाणा तीर्थपीठ श्रीलक्ष्मीनारायण दिव्यधाम श्री सिद्धदाता आश्रम में शुक्रवार को दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इसमें दिल्ली एनसीआर के अलावा हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दक्षिण अफ्रीका समेत देश-विदेश से आए करीब 493 श्रद्धालुओं ने दीक्षा प्राप्त कर ईश्वर के प्रति शरणागति का मार्ग स्वीकार किया।



### समारोह में आए भक्तों को एक-एक कर दीक्षित किया

श्रीरामानुज संप्रदाय के इस दीक्षांत समारोह में बरसी गुरूकृपा से भक्तगण भावुक हो गए। श्रीसदगुरुदेव ने भी सभी दीक्षित भक्तों को अपनत्व के भाव से स्वीकार किया। श्रीरामानुज संप्रदाय की इंद्रप्रस्थ एवं हरियाणा तीर्थपीठ के पीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित श्रीमद जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्रीपुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज ने दीक्षांत समरोह में आए भक्तों को एक-एक कर दीक्षित किया। इससे पहले श्रीसदगुरुदेव ने सभी भक्तों को श्रीरामानुज संप्रदाय के दीक्षा संस्कार पूर्ण करवाए। इसमें सबसे पहले सभी नव दीक्षार्थियों को यज्ञ, यज्ञोपवीत, शंख.चक्र धारण करवाया गया और उनका नया आध्यात्मिक नामकरण किया गया।

### भक्तों के शरीर पर संप्रदाय के चिन्ह धारण करवाए

श्रीसंप्रदाय में दीक्षित होने के लिए पंच.संस्कार अनिवार्य हैं, इनमें सबसे पहले ताप संस्कार अर्थात श्रीसदगुरुदेव ने भक्तों के शरीर पर संप्रदाय के चिह्न शंख, चक्र के तप्त चिह्न धारण कराए। फिर पुंड्र संस्कार अर्थात उध्व पुंड्र का विशेष तिलक लगाना सिखाया गया।

## केंद्रीय राज्य मंत्री ने नालों, ड्रेनों और जल निकासी मार्गों को पूरी तरह कार्यशील रखने के दिए निर्देश

# जलभराव मुक्त, हरित एवं सुगम शहर बनाने के लिए सभी विभाग और प्रशासन मिशन मोड में करें कार्यः कृष्ण पाल

**मुख्य मार्गों और ग्रीन बेल्ट में बड़े पैमाने पर होगा पौधारोपण**

**प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद के समग्र विकास, जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान, सड़क एवं यातायात व्यवस्था में सुधार तथा हरित वातावरण के निर्माण के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर मिशन मोड में कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार जल निकासी व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी कुछ क्षेत्रों में अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता है ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के पौधारोपण गतिविधियों की तैयारी और स्थिति, तथा जल जमाव, मानसून की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक करते हुए सेक्टर-21 से सैनिक कॉलोनी, लकड़पुर, प्याली, बडक़ल तथा अन्य क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उनके साथ सीईओ एफएमडीए पी सी मीणा, नगर निगम कमिश्नर धीरेंद्र खडग़टा, डीसी आयुष सिन्हा, अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम सलोनी शर्मा, एडीसी अंजलि श्रोत्रिया भी मौजूद रही। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी नालों, ड्रेनों एवं जल निकासी मार्गों को पूरी तरह कार्यशील रखा जाए तथा जहां कहीं भी अवरोध की संभावना हो उसे तत्काल दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि शहर में यातायात सुगमता बढ़ाने के लिए विभिन्न स्थानों पर सड़क सुधार एवं वैकल्पिक मार्गों के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर सर्विस रोड़, यू.टर्न अथवा अन्य यातायात संबंधी सुधार कार्य प्रस्तावित हैं, उन्हें निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए ताकि नागरिकों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

बैठक के दौरान विभिन्न चौकों के सौंदर्यीकरण एवं पुनर्विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि कई प्रमुख चौकों की डिजाइन तैयार कर ली गई है तथा उपयोगिताओं के स्थानांतरण के बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा और संबंधित एजेंसियां निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करें। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि कई महत्वपूर्ण स्थानों पर जल निकासी के लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं। कुछ स्थानों पर पुराने एवं क्षतिग्रस्त ढांचों की मरम्मत की गई है तथा आवश्यकतानुसार नए नालों का निर्माण एवं चौड़ीकरण भी किया गया है। मंत्री ने निर्देश दिए कि जलभराव की समस्या वाले सभी चिन्हित बिंदुओं की नियमित निगरानी की जाए और किसी भी शिकायत का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने वृक्षारोपण अभियान को लेकर विशेष निर्देश देते हुए कहा कि केवल पौधे लगाना पर्याप्त नहीं हैए बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है। यदि किसी स्थान पर पौधे नष्ट होते हैं तो उनकी पुनः रोपाई कराई जाए तथा नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद को हरित एवं स्वच्छ शहर बनाने के उद्देश्य से इस वर्ष बड़े स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। मुख्य मार्गों, ग्रीन बेल्ट, संस्थागत क्षेत्रों तथा उपलब्ध सरकारी भूमि पर बड़े पैमाने पर पौधे लगाए जाएंगे। साथ ही दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे एवं अन्य प्रमुख मार्गों के आसपास भी हरित पट्टी विकसित की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे पौधों का चयन किया जाए जो कम समय में विकसित होकर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ शहर की सुंदरता में भी वृद्धि करें। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पौधारोपण कार्य के लिए दीर्घकालीन योजना तैयार की जाए तथा कम से कम तीन वर्षों तक पौधों के रखरखाव की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण जनभागीदारी से ही संभव है सामाजिक संगठनों, आरडब्ल्यूए, पंचायतों एवं जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाए। केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर जिले में दिव्यांगजनों के लिए एक व्यापक एवं प्रभावी जनकल्याण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक ब्लॉक एवं शहरी क्षेत्र से संबंधित दिव्यांगजनों की सूची तैयार कर उनका सत्यापन किया जाए ताकि वास्तविक लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में 60 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उनकी विस्तृत सूची तैयार की जाए तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, पंचायत प्रतिनिधियों, पार्षदों, आशा कार्यकर्ताओं एवं अन्य स्थानीय निकायों के सहयोग से अधिक से अधिक लाभार्थियों को विशेष शिविरों में शामिल किया जाए।

## सफल सर्जरी पहली उपलब्धि रही

# यथार्थ अस्पताल के डॉक्टरों ने मात्र 4 दिन के समय पूर्व जन्मे शिशु की सफलतापूर्वक की टीईएफ सर्जरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

चिकित्सा क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के डॉक्टरों ने जन्मजात ट्रेकियो-इसोफेजियल फिस्टुला (टीईएफ) से पीड़ित 33 सप्ताह में जन्मे एक समयपूर्व शिशु का सफल उपचार किया। डॉक्टरों ने जन्म के केवल चार दिन बाद इस नाजुक शिशु की जटिल और बड़ी सर्जरी कर उसकी जान बचाई। मात्र 1.7 किलोग्राम वजन वाले इस समयपूर्व शिशु पर की गई यह सफल सर्जरी क्षेत्र में अपनी तरह की पहली उपलब्धि मानी जा रही है, जो अत्यंत जटिल नवजात शल्य चिकित्सा मामलों के सफल प्रबंधन का उदाहरण है।

जन्म के पहले ही दिन गंभीर श्वसन संकट और ट्रेकियो-इसोफेजियल फिस्टुला की आशंका के साथ नवजात को यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल सेक्टर.88 फरीदाबाद रेफर किया गया था। टीईएफ एक दुर्लभ जन्मजात विकार है, जिसमें भोजन नली और श्वासनली के बीच असामान्य जुड़ाव बन जाता है, जिससे बच्चे को भोजन निगलने में कठिनाई होती है और गंभीर श्वसन जटिलताओं का खतरा बढ़ जाता है। 33 सप्ताह में जन्म और केवल 1.7 किलोग्राम वजन होने के कारण उपचार की जटिलता और जोखिम और भी अधिक था।

मामले पर टिप्पणी करते हुए यथार्थ अस्पताल के निदेशक बाल रोग एवं नवजात विज्ञान, डॉ. धनसुख कुमावत ने कहा कि कम वजन वाले समयपूर्व शिशु में टीईएफ जैसी जन्मजात विकृति का उपचार करना एक बहु-विषयक टीम के समन्वित प्रयासों की मांग करता है।

फेफड़ों के पूर्ण विकसित न होने के कारण शिशु को श्वसन संबंधी गंभीर समस्या हो रही थी, जिसके लिए तुरंत सर्फैक्टेंट थेरेपी दी गई ताकि फेफड़ों की कार्यक्षमता को सहायता मिल सके। शिशु की स्थिति स्थिर होने के बाद हमारी टीम ने समयपूर्व जन्म से जुड़े जोखिमों और तत्काल सर्जरी की आवश्यकता के बीच संतुलन बनाते हुए उपचार की सावधानीपूर्वक योजना बनाई।

## पुलिस मामले की जांच में जुटी

# गुरुग्राम क्राइम ब्रांच ने 9.30 करोड़ के फर्जी सौदे में एक और आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

दूसरों की जमीन के फर्जी कागजात दिखाकर एग्रीमेंट कर 45 लाख रुपए की ठगी करने वाले संगठित गिरोह के एक और सदस्य को गुरुग्राम पुलिस की क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने संदीप कुमार ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी की पहचान अश्वनी कुमार निवासी मेरठ उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। इस मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 ने 18 जून 2026 को गुरुग्राम से अश्वनी कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि अश्वनी अपने साथियों कविंद्र, विजय वर्मा और अन्य के साथ मिलकर संगठित तरीके से भूमि धोखाधड़ी करता था।

गिरोह बिना बिक्री योग्य या दूसरों की जमीन को वैध बताकर बेचने का झांसा देता था। आरोपियों ने शिकायतकर्ता को जमीन दिखाने के लिए बुलाया और अश्वनी अपने साथियों के साथ फर्जी खरीददार बनकर मौके पर पहुंचा। ऊंचे दाम पर जमीन खरीदने की इच्छा जताकर शिकायतकर्ता को विश्वास में लिया गया। इसके बाद विजय वर्मा और कविंद्र ने फर्जी एग्रीमेंट तैयार कर 45 लाख रुपए ठग लिए। पूछताछ में पता चला कि ठगी की राशि में से अश्वनी के हिस्से में लगभग 55 हजार रुपये आए थे। पुलिस के अनुसार इस मामले में अब तक तीन आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा ताकि अन्य साथियों और मामले से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटाई जा सके। छह जून 2024 को आर्थिक अपराध शाखा-2 गुरुग्राम को शिकायत मिली थी कि वर्ष 2023 में अश्वनी चौधरी नामक व्यक्ति ने खुद को प्रॉपर्टी इन्वेस्टमेंट ग्रुप का सदस्य बताकर शिकायतकर्ता को जमीन में निवेश का झांसा दिया। अश्वनी ने अपने साथियों के साथ मिलकर गांव मंडकोला और नोएडा की जमीन से संबंधित फर्जी एग्रीमेंट तैयार किए। गिरोह ने दूसरों की 15 बीघा जमीन को अपनी बताकर नौ करोड़ 30 लाख रुपए का फर्जी सौदा किया और 45 लाख रुपए एडवांस लेकर ठगी कर ली। बाद में जांच में पता चला कि जमीन बिक्री योग्य नहीं थी और दस्तावेज फर्जी थे। मामले में थाना सिविल लाइन्स में केस दर्ज किया गया।

## राहुल के दीर्घायु होने के साथ देश की खुशहाली की कामना की

# कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन केक काटा और मरीजों को बांटे फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को गाज़ियाबाद के तत्वावधान में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 56वां जन्मदिवस बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केक काटकर राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं देश की खुशहाली की कामना के साथ किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी जिंदाबाद के गगनभेदी नारों के साथ अपनी खुशी का इज़हार किया तथा आतिशबाजी कर जन्मदिवस का उत्सव मनाया। पूरे कार्यक्रम का वातावरण उत्साह एवं जोश से परिपूर्ण रहा। इसके उपरांत बाहर चौराहे पर जरूरतमंद एवं गरीब लोगों के बीच फल एवं कोल्ड ड्रिंक का वितरण किया गया। तत्पश्चात कांग्रेसजनों का प्रतिनिधिमंडल दोहाई स्थित वृद्ध आश्रम पहुँचा, जहाँ आश्रम में निवास कर रहे बुजुर्गों को फल, कोल्ड ड्रिंक एवं वस्त्र वितरित किए गए।

जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव सेवा, करुणा एवं मानवता के मूल्यों में विश्वास रखती है तथा राहुल गांधी के जन्मदिवस को जनसेवा के रूप में मनाना इसी भावना का प्रतीक है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने राहुल गांधी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना की तथा समाज के जरूरतमंद वर्ग की सेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। सतीश त्यागी वरिष्ठ कांग्रेस पूर्व महानगर अध्यक्ष, लोकेश चौधरी, सुनील चौधरी, नवीन शर्मा, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष डोली त्यागी, एससी एसटी के जिला अध्यक्ष अरविंद गौतम, जिला उपाध्यक्ष नीरज प्रजापति, आशीष गुप्ता, राजकुमार शर्मा, जिला महामंत्री रिजवान मलिक, रूबी मलिक, हरेंद्र बाबा, बिजेंद्र शर्मा, रियाज सैफी, विनोद धाम, हरपाल सिंह, उदय सिंह पाल, सुनील सिंह, सविता जायसवाल, सविता गौतम तथा जिला सचिव जितेंद्र शर्मा, राबिया अंसारी, आशीष त्यागी, जिला महासचिव विश्व दीप त्यागी, विपिन गुर्जर, राजीव शर्मा, लक्ष्मण जाटव, बीडी दुबे, महफूज अली, किरण जाटव, अनवर कुरैशी आदि उपस्थित रहे।

## गाली-गलौज से नाराज होकर लाठी-डंडों से पीटा

# गुमशुदा बुजुर्ग की हत्या करके शव जलाने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

खांडसा निवासी 64 वर्षीय बुजुर्ग बलराम की गुमशुदगी के मामले में गुरुग्राम पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने गाली-गलौज से नाराज होकर बुजुर्ग की हत्या कर दी और साक्ष्य मिटाने के लिए शव को सुनसान जगह ले जाकर जला दिया। पुलिस के अनुसार 14 जून 2026 को थाना सेक्टर-37 में एक व्यक्ति ने अपने पिता बलराम के गुम होने की शिकायत दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय सूचना के आधार पर जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि बुजुर्ग की हत्या कर दी गई थी और शव को आग के हवाले कर दिया गया था। थाना सेक्टर-37 पुलिस ने 19 जून को बीकानेर टी-प्वाइंट, गुरुग्राम से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विशेष तोमर, 18 वर्ष, निवासी शामली, गाजियाबाद यूपी; मिथुन, 30 वर्ष, निवासी फकाना, बुलंदशहर यूपी; और संदीप, 41 वर्ष, निवासी खरखौदा, सोनीपत हरियाणा के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मृतक आए दिन उनके साथ गाली-गलौज करता था। 12-13 जून की रात को भी झगड़ा होने पर तीनों ने लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे बलराम की मौत हो गई। हत्या के बाद संदीप और विशेष ने शव को मोटरसाइकिल पर रखकर खांडसा गांव के पीछे खाली जगह पर ले जाकर जला दिया। शव पूरी तरह जलने तक आरोपी वहीं निगरानी करते रहे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने मृतक के हाथ से अंगूठी निकालकर लगभग 70 हजार रुपये में एक सुनार को बेच दी थी। पुलिस ने वह अंगूठी बरामद कर ली है। जांच में सामने आया कि आरोपी संदीप के खिलाफ सोनीपत में हत्या का एक मामला और मिथुन के खिलाफ गाजियाबाद व गुरुग्राम में मारपीट के मामले पहले से दर्ज है। पुलिस अब आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेगी, ताकि वारदात में इस्तेमाल हथियारों की बरामदगी और अन्य साक्ष्य जुटाए जा सकें। मामले की जांच जारी है।

## आरोपियों के कब्जे से 968.50 ग्राम पीली धातु व अन्य औजार जब्त

**आरोपियों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित था**

# तनिष्क शोरूम में चोरी करने वाले तीन इनामी आरोपी पकड़ाए, सोने के जेवरात एवं 5 हजार रुपए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



सर्विलांस टीम नगर जोन व थाना कविनगर पुलिस ने शुक्रवार को तनिष्क शोरूम में चोरी करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। उनके कब्जे से लगभग 968.50 ग्राम पीली धातु, एक फ्लेम सिलेंडर, एक कुठली, एक छोटी संड़सी तथा पांच हजार रुपए नकद बरामद हुए हैं।

पुलिस उपायुक्त सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि 12 जून रोहित अरोड़ा पुत्र लक्ष्मण अरोड़ा (निवासी के-99, तृतीय मंजिल, एनएनबी कालकाजी, नई दिल्ली) ने तनिष्क शोरूम पर कार्य करने वाले नितिन वर्मा व एक अन्य अज्ञात साथी द्वारा शोरूम का ताला खोलकर आभूषण चोरी कर लेने के संबंध में थाना कविनगर पर तहरीर दी थी। उक्त घटना को संज्ञान में लेते हुए तत्काल थाना कविनगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के अनावरण हेतु 5 टीमें गठित की गई थीं। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों व लोकल इनपुट की मदद से तथा मुखबिर की सूचना के आधार पर घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है तथा 2 अभियुक्त वांछित चल रहे थे। जिन पर 25,000-25,000 रुपए की ईनाम राशि घोषित की गई थी। दोनों ईनामी अभियुक्तों को नया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन वाली रोड पर बने रैन बसेरा के पास, चौकी क्षेत्र सेक्टर-3, राजनगर से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों में चितरंजन वरुण उर्फ चिंटू, सत्य नगर, कस्बा रोड, थाना मोदीनगर, सोनिया हैं। गिरफ्तार अभियुक्त चितरंजन उर्फ चिंटू ने बताया कि, मेरे और सोनिया के पास से जो यह सोने के गहने मिले हैं, इन्हें मैंने अपने दोस्त नितिन के साथ मिलकर तनिष्क शोरूम (आरडीसी) से 12 की सुबह चोरी किया था।

## राहुल गांधी के जन्मदिवस पर नारी न्याय के संकल्प के साथ बांटे निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन

# देश की हर महिला के आत्मसम्मान और सुरक्षा के सबसे बड़े प्रहरी हैं राहुल गांधीः प्रियंका अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद




कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल की धर्मपत्नी एवं बल्लभगढ़ की पीसीसी डेलिगेट प्रियंका अग्रवाल के नेतृत्व में सेक्टर-64 स्थित प्रयास वेलफेयर सोसाइटी में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में महिलाओं और बेटियों के उत्तम स्वास्थ्य को समर्पित निशुल्क सैनिटरी नैपकिन का वितरण किए गए। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं व बेटियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रियंका मनोज अग्रवाल ने कहा कि यह कार्यक्रम मात्र एक आयोजन नहीं, बल्कि राहुल गांधी के नारी न्याय के उस संकल्प को जमीन पर उतारने का एक सशक्त प्रयास है, जिसकी लड़ाई वे संसद से लेकर सडक़ तक लड़ रहे हैं। अग्रवाल ने कहा कि राहुल गांधी जी के जन्मदिवस के इस शुभ अवसर पर सैनिटरी नैपकिन वितरण का यह विशेष मार्ग चुनने के पीछे महिला कांग्रेस का एक अत्यंत गहरा और दूरदर्शी संदेश है। राहुल गांधी देश के इतिहास में एक ऐसे विरले न्याय योद्धा हैं, जिन्होंने हमेशा आधी आबादी के हकए सम्मान और उनके सामाजिक-आर्थिक न्याय के लिए सबसे प्रखर आवाज उठाई है।

## पहले दिन 15,186 लोगों की सहभागिता

# दिल्लीवासियों ने जन कल्याण शिविरों का उठाया भरपूर लाभ : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली सरकार द्वारा 18 से 20 जून तक आयोजित किए जा रहे जन कल्याण शिविरों को राजधानी के नागरिकों का उत्साहजनक समर्थन मिल रहा है।

शिविर के पहले दिन 18 जून को राजधानी के 42 जन सुविधा केंद्रों पर कुल 15,186 नागरिकों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं, सेवाओं और अपनी समस्याओं के समाधान से संबंधित जानकारी प्राप्त की और आवश्यक प्रक्रियाओं में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि जन कल्याण शिविरों के पहले ही दिन राजधानी के सभी क्षेत्रों में नागरिकों की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली। 42 केंद्रों पर लोगों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी प्राप्त की और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों से संपर्क किया। त्रिलोकपुरी स्थित सर्वोदय बाल विद्यालय केंद्र पर सर्वाधिक 1,280 नागरिक पहुंचे, जबकि ईस्ट लोनी रोड केंद्र पर 874 तथा सावित्री नगर केंद्र पर 841 नागरिकों की उपस्थिति दर्ज की गई। इसके अलावा नजफगढ़ स्टेडियम, गोयला डेयरी रोड और पालम कॉलोनी सहित अनेक केंद्रों पर भी उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज की गई। इंद्रपुरी केंद्र पर भी सैकड़ों नागरिकों ने पहुंचकर विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक सहायता हासिल की। यह व्यापक जनभागीदारी दर्शाती है कि दिल्लीवासी घर के निकट उपलब्ध हो रही सरकारी सेवाओं और योजनाओं का लाभ लेने के लिए सक्रिय रूप से आगे आ रहे हैं।

### घर के निकट सरकारी सेवाएं उपलब्ध होने से संतुष्ट है लोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले ही दिन बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी यह दर्शाती है कि दिल्लीवासी अपने घर के निकट सरकारी सेवाएं उपलब्ध होने से संतुष्ट हैं और इस पहल को सकारात्मक रूप से स्वीकार कर रहे हैं। अनेक नागरिक राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, जल कनेक्शन, आधार पंजीकरण, ई-श्रम कार्ड, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कार्यों के लिए शिविरों में पहुंचे। विभिन्न केंद्रों पर लोगों ने अपनी समस्याओं और आवश्यकताओं के अनुसार संबंधित विभागों के अधिकारियों से संपर्क किया और मौके पर ही मार्गदर्शन और समाधान प्राप्त किया। कई स्थानों पर नागरिकों ने योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ आवश्यक आवेदन और पंजीकरण की प्रक्रिया भी पूरी की।

### सरकार के निर्देश, मार्गदर्शन और त्वरित सेवा उपलब्ध कराई जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि जन कल्याण शिविरों के पहले दिन की सफलता को देखते हुए सरकार को विश्वास है कि शिविर के शेष दिन में भी बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचेंगे। विशेष रूप से वे लोग जो कार्यदिवसों में समय नहीं निकाल पाते, वे भी इन शिविरों का लाभ उठाने के लिए आगे आ रहे हैं। सरकार ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि आने वाले दिन में भी नागरिकों को बेहतर सुविधा, मार्गदर्शन और त्वरित सेवा उपलब्ध कराई जाए।

### 'विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराए गए'

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी देना नहीं, बल्कि पात्र नागरिकों तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। इसी सोच के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराए गए हैं ताकि नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। ये शिविर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित रहेंगे।

## सीएम ने एलजी से की 39 डॉक्टरों के स्थानांतरण की संस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ तिहाड़ और मंडोली जेलों में 5 वर्ष या उससे अधिक समय से तैनात चिकित्सक प्रस्ताव में शामिल

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने तिहाड़ और मंडोली जेलों में लंबे समय से तैनात चिकित्सकों के स्थानांतरण की संस्तुति उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू से की है। मुख्यमंत्री के अनुसार यह संस्तुति स्वास्थ्य सेवाओं के प्रशासनिक ढांचे और मानव संसाधन प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में की गई है। मुख्यमंत्री द्वारा की गई संस्तुति के अनुसार तिहाड़ और मंडोली जेलों में 5 वर्ष या उससे अधिक समय से कार्यरत 39 डॉक्टरों का स्थानांतरण प्रस्तावित है।

इनमें विशेषज्ञ चिकित्सक और जनरल ड्यूटी मेडिकल अधिकारी (जीडीएमओ) दोनों शामिल हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार इनमें से कई चिकित्सक वर्ष 2014 से लगातार एक ही स्थान पर तैनात हैं और उनकी सेवा अवधि 11 वर्ष से अधिक हो चुकी है। प्रस्ताव के अनुसार इन डॉक्टरों के स्थान पर लगभग 35 अन्य चिकित्सकों की तैनाती भी प्रस्तावित है। इस प्रकार कुल मिलाकर लगभग 74 स्थानांतरण प्रस्तावित हैं। मुख्यमंत्री का मानना है कि नियमित मानव संसाधन प्रबंधन और समय-समय पर पदस्थापन की समीक्षा से स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यक्षमता बढ़ाने में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न इकाइयों को अधिक सक्षम, उत्तरदायी और जनहित केंद्रित बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य उपलब्ध मानव संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना तथा संस्थागत क्षमता को मजबूत करना है ताकि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें। स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रशासनिक सुधार, संसाधनों का संतुलित उपयोग और जवाबदेही आधारित कार्य संस्कृति आवश्यक है।

इसी दृष्टिकोण के तहत विभिन्न संस्थानों में मानव संसाधनों की तैनाती की समीक्षा की जा रही है और आवश्यकता के अनुरूप सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी क्रम में हाल ही में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत कार्यरत केंद्रीय खरीद एजेंसी (सीपीए) में व्यापक स्तर पर मानव संसाधनों का पुनर्गठन किया गया था, जिसके तहत 40 से अधिक मेडिकल, पैरामेडिकल और प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मियों का स्थानांतरण किया गया।

## कैबिनेट मंत्री ने चांद नगर, राजौरी गार्डन में किया 'जन कल्याण शिविर' का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ घर के निकट मिल रही केंद्र और दिल्ली सरकार की योजनाओं की जानकारी

दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शुक्रवार को चांद नगर, राजौरी गार्डन स्थित गवर्नमेंट सर्वोदय बाल विद्यालय में 'जन कल्याण शिविर' का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि दिल्ली में 42 स्थानों पर जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में लोग केंद्र एवं दिल्ली सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

जन कल्याण शिविर के उद्घाटन अवसर पर कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, जनकल्याण और अंत्योदय के मंत्र को आगे बढ़ाते हुए तथा उनकी जनसेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर इस जनकल्याण शिविर का उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अथक प्रयासों के चलते विभिन्न स्थानों पर जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। दिल्ली सरकार द्वारा केंद्र और दिल्ली सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नागरिकों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन शिविरों की शुरुआत की गई है। कैबिनेट मंत्री सिरसा ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे इस जनकल्याण शिविर में आकर अपने राशन कार्ड, आधार कार्ड, पिंक कार्ड और हेल्थ कार्ड जैसी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपना फॉर्म भरें तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त करें।

### कांग्रेस में शामिल हुए आप कार्यकर्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में आम आदमी पार्टी के सैंकड़ों सक्रिय कार्यकर्ताओं और समर्थकों के कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का दावा करते हुए उनका स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष यादव ने बताया कि इन कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की विचारधारा, जनहित की राजनीति और जनता के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष से प्रभावित होकर कांग्रेस का दामन थामा है। मंच का संचालन महासचिव संगठन अनिल भारद्वाज ने किया। यादव ने पार्टी में शामिल हुए सभी साथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा से लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और जनसेवा की राजनीति में विश्वास करती रही है। पार्टी में शामिल होने वाले सभी कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान दिया जाएगा और दिल्ली की जनता के हितों के लिए मिलकर संघर्ष किया जाएगा तथा कांग्रेस की विचारधारा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व नेता विपक्ष, जन नायक राहुल गांधी के दिखाए रास्ते पर मिलकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे।

## भाजपा का घर-घर महा जनसंपर्क अभियान जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा ने शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी घर-घर महा जनसंपर्क अभियान जारी रखा। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली के सभी 256 मंडलों में आयोजित महा जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से सांसद, विधायक और प्रमुख प्रदेश पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। दिल्ली भाजपा महामंत्री एवं सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास, विश्वास एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे घर-घर जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को सुल्तानपुरी बी मंडल के बूथ संख्या 134 पर घर-घर जाकर क्षेत्रवासियों से संपर्क किया तथा केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर भाजपा बाहरी दिल्ली जिला अध्यक्ष रामचंद्र चावरिया सहित भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ओ-जोन तोड़फोड़ मामले में आमने सामने आप-भाजपा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और बुराड़ी से विधायक संजीव झा ने शुक्रवार को ओ-जोन में शामिल कॉलोनियों में तोड़फोड़ की कार्रवाई को रोकने और इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए संसद में कानून बनाने की मांग को लेकर झड़ौदा पार्ट-3 में सिग्नेचर अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने दिल्लीवालों से वादा किया था कि एक भी मकान नहीं टूटेंगे। इसलिए अब वह ओ-जोन की कॉलोनियों को कानूनी सुरक्षा देकर 'एक भी मकान नहीं टूटने' देने का अपना वादा पूरा करें। वहीं, दूसरी तरफ दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि दिल्ली एवं बुराड़ी की जनता विधायक संजीव झा की ओ- जोन में तोड़फोड़ के नाम पर की जा रही रोज की ब्यानबाज़ी को भलीभांति समझ रही है कि संजीव झा को आम नागरिकों के लिए कोई चिंता नहीं है, वह केवल अपनी आम आदमी पार्टी के निगम पार्षद गगन चौधरी द्वारा ओ- जोन में अवैध कब्जा कर बनाई जा रही बिल्डिंग को बचाना चाहते हैं।

## निगम ने किया 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम का

**नई दिल्ली।** 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय, सिविक सेंटर के प्रांगण में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि योग हमारी परंपरा एवं संस्कृति से जुड़ा प्राचीन शास्त्र है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई है। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि अच्छे स्वास्थय के लिए योग से जुड़ें एवं अपने परिवारों को भी योग से जोड़ें। इस दौरान निगम में आयुष विभाग के निदेशक हरीश कश्यप एवं दिल्ली नगर निगम के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बताया गया कि इस वर्ष के योग दिवस की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग रखी गई है। निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में योग के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। योग सत्र का शुभारंभ प्रातःकाल सूर्य नमस्कार से हुआ, जिसके बाद विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान क्रियाएं कराई गईं। इस अवसर पर स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने योगाभ्यास भी किया। स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि योग को हम रोजमर्रा की दिनचर्या का हिस्सा बना कर अपने स्वास्थय का अच्छे से ध्यान रख सकते हैं। योग को हम अपने जीवन में आत्मसात करके बढ़ती उम्र में होने वाले रोगों से बचकर एक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। दिल्ली नगर निगम योग के प्रचार एवं प्रसार के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है एवं नागरिकों के मध्य इसे लोकप्रिय बनाने के लिए प्रयासरत है।

## फुटपाथ निर्माण के साथ नाले से हटाया जाए अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ मानसून के दौरान जलभराव की समस्या ले सकती है गंभीर रूप

दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-25 में लोगों ने मांग की है कि फुटपाथ निर्माण के साथ-साथ सार्वजनिक नाले पर हुए अतिक्रमण और अवैध निर्माणों को भी हटाया जाए, ताकि भविष्य में जलभराव और स्वच्छता संबंधी समस्याओं से बचा जा सके। स्थानीय निवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता निशांत गुलाटी ने बताया कि डीडीए और निगम प्रशासन को संयुक्त रूप से सेक्टर-25 में वर्षों से नाले के ऊपर और आसपास अतिक्रमण बना हुआ है, जिससे जल निकासी व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उनका कहना है कि यदि केवल फुटपाथ का निर्माण किया गया और नाले की सफाई तथा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं हुई, तो मानसून के दौरान जलभराव की समस्या गंभीर रूप ले सकती है। हालांकि डीडीए द्वारा किए जा रहे फुटपाथ निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य का स्थानीय निवासियों ने स्वागत भी किया है। निवासियों का कहना है कि विकास कार्य तभी सार्थक होगा जब फुटपाथ, नाला और सार्वजनिक मार्ग सभी नागरिकों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और सुगम बनाए जाएं। उन्होंने संबंधित विभागों से संयुक्त निरीक्षण कर शीघ्र कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) जारी करने की भी मांग की है।

### वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, महिलाओं और बच्चों को हो रही दिक्कतें

निवासियों के अनुसार, कई स्थानों पर नाले और फुटपाथ पर बने अवरोधों के कारण वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, महिलाओं और बच्चों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही नाले की नियमित सफाई और रखरखाव भी लंबे समय से प्रभावित बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने डीडीए, एमसीडी और संबंधित विभागों से मांग की है कि फुटपाथ निर्माण कार्य के साथ नाले पर हुए सभी अवैध अतिक्रमणों को हटाया जाए, नाले की डी-सिल्टिंग और मरम्मत कराई जाए तथा नागरिकों के लिए सुरक्षित और बाधा-मुक्त पैदल मार्ग सुनिश्चित किया जाए।

### सब्जी मंडी से हुई शुरुआत

# दिल्ली को मिला पहला महिला पुलिस थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





राजधानी के पहले महिला पुलिस थाने का शुक्रवार को उत्तरी दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके में एलजी तरनजीत सिंह संधू ने उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा को पहले से और अधिक मजबूत करना और उनके खिलाफ अपराधों का बेहतर ढंग से निस्तारण करना है।

उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने पुलिस आयुक्त सतीश गोलछा की उपस्थिति में सब्जी मंडी थाना परिसर में इस पुलिस थाने का उद्घाटन किया। संधू ने कहा कि यह थाना राजधानी की महिलाओं को अपनी समस्याएं सीधे पुलिस के समक्ष रखने और उनका समाधान कराने के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराएगा। इसी तरह की सुविधाएं जल्द ही अन्य जिलों में भी स्थापित की जाएंगी। उपराज्यपाल ने यह भी घोषणा की कि शनिवार से शहर के सभी पुलिस थानों में जन सुनवाई कार्यक्रम शुरू किया जाएगा, जिसके तहत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी आम लोगों की शिकायतें सुनेंगे और उनके निस्तारण की दिशा में मौके पर ही आवश्यक कदम उठाएंगे। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह नवनिर्मित पुलिस थाना दिल्ली का पहला ऐसा थाना है जहां पूरी तरह से महिला कर्मचारी तैनात हैं। इस थाने की स्थापना महिलाओं के खिलाफ गंभीर अपराधों को रोकने, उनकी जांच करने और उनके समाधान पर विशेष ध्यान देने के लक्ष्य के साथ की गई है। इस थाने के सभी कर्मचारी, जांच अधिकारियों से लेकर सहायक कर्मचारियों तक महिलाएं हैं। पुलिस ने यह भी बताया कि यह थाना सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने और महिलाओं के अधिकारों तथा कानूनी उपायों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम आयोजित करेगा व परामर्श प्रदान करेगा।

### निगम ने किया तारामंडल एवं प्रधानमंत्री संग्रहालय भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ज्ञानवर्धक प्रेरणा को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम के प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए तारामंडल एवं प्रधानमंत्री संग्रहालय भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि दिल्ली नगर निगम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक एवं अनुभवात्मक शिक्षा के अवसर भी उपलब्ध कराए जाने चाहिए। इसी उद्देश्य से निगम विद्यालयों के विद्यार्थियों को तारामंडल एवं प्रधानमंत्री संग्रहालय का भ्रमण कराया जा रहा है। महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि दिल्ली नगर निगम भविष्य में भी विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार के शैक्षणिक, प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर करता रहेगा, ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ व्यापक ज्ञान और अनुभव भी प्राप्त हो सके। वहीं, निगम की शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने बताया कि दिल्ली नगर निगम देश की पहली ऐसी शैक्षणिक संस्था बनी है जिसने प्रधानमंत्री के इस संदेश को धरातल पर उतारते हुए निगम विद्यालयों के बच्चों को तारामंडल का भ्रमण कराने की पहल की है।




# अब शादीशुदा और बच्चों का बाप है रैंचो : हिरानी

**मुंबई।** करीब 17 साल बाद '3 इडियट्स' के सीक्वल पर आधिकारिक काम शुरू हो चुका है। खुद राजकुमार हिरानी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर खुलकर बात की है। आमिर खान भी कहानी सुन चुके हैं और ओरिजिनल स्टार कास्ट के वापस आने की उम्मीद है। राजकुमार हिरानी ने एक बातचीत में बताया कि वह अपने लंबे समय के राइटिंग पार्टनर अभिजात जोशी के साथ मिलकर सीक्वल की कहानी और स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी इस प्रोजेक्ट पर काफी काम बाकी है। हिरानी के मुताबिक, इस बार कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी, जहां से पहली फिल्म खत्म हुई थी, लेकिन करीब 15-20 साल बाद। यानी अब तीनों दोस्त शादीशुदा हैं और उनके बच्चे भी हैं। वे अपनी जिंदगी के मिड-लाइफ क्राइसिस से गुजर रहे हैं। इस बार कहानी कॉलेज में नहीं होगी, क्योंकि अब वक्त और जिंदगी दोनों बदल चुके हैं।

लाइफ Style



# श्रद्धा

## ईथा में फिर छोड़ा अदाकारी का असर

एजेंसी ⏭ मुंबई

सबसे पसंदीदा एक्ट्रेसेस में से एक श्रद्धा कपूर अपनी आने वाली फिल्म 'ईथा' में अपनी परफॉर्मेंस से फैंस को इंप्रेस करने के लिए तैयार हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बन रही यह फिल्म महाराष्ट्र की मशहूर तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर की जिंदगी पर आधारित है।

यह फिल्म 1940 से 1990 के दशक तक की कहानी दिखाएगी, जिसमें उनके मशहूर होने का सफर और उनके संघर्ष शामिल होंगे। फिल्म की पहली झलक दिख गई है। इस बायोपिक का पहला टीजर 19 जून को शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ सिनेमाघरों में दिखाया गया। जैसे ही फिल्म का पहला शो शुरू हुआ, दर्शकों को श्रद्धा की एक हैरान करने वाली और नई झलक देखने को मिली। टीजर में वह लावणी डांसर के रोल में शानदार लग रही थीं। 'ईथा' का टीजर मशहूर लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की जिंदगी के सबसे यादगार पलों में से एक को दिखाता है। श्रद्धा कपूर पहले ही सीन से इस किरदार में पूरी तरह ढल जाती हैं और इस मशहूर कलाकार की मजबूती और हिम्मत को बखूबी दिखाती हैं। टीजर में विठाबाई को बहुत ज्यादा प्रेग्नेंट होने के बावजूद पूरे जोश और लगन के साथ स्टेज पर परफॉर्म करते हुए दिखाया गया है। टीजर में, परफॉर्मेंस के दौरान उन्हें एहसास होता है कि वह बच्चे को जन्म देने वाली हैं। शो को बीच में न छोड़ने का पक्का इरादा करते हुए, वह शांत रहती हैं और बैकस्टेज जाती हैं, जहां वह बच्चे को जन्म देती हैं। हिम्मत की एक अनोखी मिसाल पेश करते हुए, विठाबाई पत्थर से गर्भनाल काटती हैं और अपनी परफॉर्मेंस पूरी करने के लिए वापस स्टेज पर आ जाती हैं।

हॉलीवुड मसाला



# भारत में रिलीज होगी डोरेमोन की यह फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** कॉर्टून की दुनिया का सबसे लोकप्रिय किरदार डोरेमोन अब जल्द भारतीय सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है। फिल्म 'डोरेमोन द मूवीः न्यू नोबिता एंड द कैसल ऑफ द अंडरसी डेविल' इस साल देशभर में रिलीज होने जा रही है। गुरुवार को मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर जारी कर फैंस के साथ यह जानकारी साझा की। फिल्म का प्रमोशन 20 जून से शुरू होने वाले पॉप कल्चर फेस्टिवल में किया जाएगा। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए बताया कि इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।




# आज के बच्चों को आईना दिखाती है टॉय स्टोरी 5

**मुंबई।** कभी गुड्डे-गुड़ियों की शादी कराते, तो कभी घंटों खिलौनों के साथ एक नई दुनिया बुनते बच्चों के हाथों में जब से फोन और टैबलेट आए हैं, तब से खिलौनों से उनका नाता बहुत कम हो गया है। बाहर निकलकर खेलना, असली दोस्त बनाना कितना अहम है, यह बेहद खूबसूरती से दिखाती है 31 वर्षों से चल रही एनिमेटेड एडवेंचर कॉमेडी टॉय स्टोरी सीरीज की पांचवीं फिल्म टॉय स्टोरी 5। कहानी है बौनी (स्कार्लेट स्पीयर्स) की जो खिलौनों से तो खूब खेलती है, लेकिन दोस्त नहीं बना पाती है। उसके माता-पिता उसके लिए लिलीपैड (ग्रेटा ली) डिवाइस यानी टैबलेट ले आते हैं, जिस पर बौनी के डांस क्लास के दोस्त ऑनलाइन बनते हैं। बौनी अपने खिलौने से दूर हो जाती है।



# एक्टर हेनरी के साथ नजर आईं सारा

**मुंबई।** गुरुवार की शाम हॉलीवुड और बॉलीवुड का शानदार संगम देखने को मिला। जब 'सुपरमैन' फेम एक्टर हेनरी कैविल और बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान की मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। दोनों कलाकार एक लग्जरी वॉच ब्रांड के इवेंट में शामिल हुए। इवेंट में पटौदी खानदान की युवा राजकुमारी सारा अली खान अपने शाही अंदाज में नजर आईं। सारा ने इवेंट से कई तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। सारा ने इस खास इवेंट के लिए मोनोक्रोमैटिक आइवरी आउटफिट चुना। इसके साथ उन्होंने अपनी खूबसूरती और शालीनता का बेहतरीन मेल पेश किया। उनके लुक में एक तरफ जहां विंटेज चार्म था वहीं दूसरी तरफ आधुनिक भव्यता भी नजर आई। उन्होंने रिच टेक्सचर वाले ट्वीड-स्टाइल फैब्रिक से बनी स्ट्रक्चर्ड मिडी-लेंथ शीथ ड्रेस पहनी थी।



# 18 महीने तक नहीं देंगे कोई इंटरव्यू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों 'डॉन 3' को लेकर चल रहे विवाद के कारण सुर्खियों में हैं। खबरों के मुताबिक, रणवीर ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने तय किया है कि वह अगले 18 महीनों तक किसी भी तरह का इंटरव्यू नहीं देंगे और इस विवाद पर कोई बयान भी नहीं देंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, रणवीर ने यह बात एक ट्रेड जर्नलिस्ट से मुलाकात के दौरान खुद कही। उन्होंने साफ कर दिया कि वह 'डॉन 3' से जुड़े किसी भी सवाल पर बात नहीं करेंगे और अपनी अगली फिल्म 'प्रलय' की रिलीज तक मीडिया से दूरी बनाए रखेंगे। दरअसल, रणवीर सिंह और फिल्ममेकर फरहान अख्तर के बीच 'डॉन 3' को लेकर मतभेद हो गए थे। कहा जा रहा है कि रणवीर फिल्म की स्क्रिप्ट और बार-बार हो रही देरी से खुश नहीं थे। इसी वजह से उन्होंने फिल्म छोड़ने का फैसला लिया।

टीवी मसाला



# बाघा का रो-रोकर बुरा हाल मां को यादकर फफक पड़े

**नई दिल्ली।** पॉपुलर टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बाघा का किरदार निभाकर मशहूर हुए तन्मय वेकारिया हाल ही सेट पर भावुक हो गए। तन्मय मां को याद कर इस कदर बिलख पड़े कि असित मोदी को शूटिंग बीच में ही रोकनी पड़ी और वह एक्टर को संभालते दिखे। सोशल मीडिया पर 'तारक मेहता...' के सेट से वीडियो सामने आया है, जिसे देख फैंस भी भावुक हो गए हैं। वीडियो में नजर आ रहा है कि तन्मय वेकारिया सीन के बीच भावुक हो गए और फूट-फूटकर रो पड़े। यह देख शो के प्रोड्यूसर असित मोदी ने उन्हें ढांढस बंधाया और संभालते दिखे। तन्मय वेकारिया एक सीन शूट कर रहे थे, जो बाघा और बावरी की लव स्टोरी से जुड़ा था। लेकिन, जैसे ही कैमरा रोल होना शुरू हुआ, तन्मय भावुक हो गए। दरअसल, तन्मय वेकारिया की मां उन्हें बाघा के रोल में बेहद पसंद करती थीं, पर हाल ही उनका निधन हो गया। फिलहाल शो में बाघा और बावरी की लव स्टोरी का ट्रैक दिखाया जा रहा है, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। लेकिन, तन्मय इस दुख को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे कि अब उनके लिए दर्शकों के इस प्यार और बाघा के रूप में उन्हें देखने के लिए मां दुनिया में नहीं है, और वह रोने लगे। तन्मय वेकारिया का हाल देख सेट का माहौल गम में बदल गया और हर किसी की आंखें नम हो गईं। शूटिंग भी रोक दी गई। असित मोदी के अलावा 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के प्रोड्यूसर्स और बाकी टीम तन्मय वेकारिया के पास जाकर उन्हें संभालने लगी। इसके बाद तन्मय ने अपनी मां से जुड़ी कई प्यारी यादें साझा कीं और बताया कि कैसे वह 'बाघा' वाले हर एपिसोड को देखने का बेसब्री से इंतजार करती थीं।


## माता-पिता का करें सम्मान : इमरान

मुंबई। छोटे पर्दे के मशहूर कलाकार के तौर पर अभिनेता इमरान खान को जाना जाता है। फादर्स डे के खास अवसर को मद्देनजर रखते हुए इमरान ने आज के समय में बच्चों को अनुसान सिखाने और माता-पिता सम्मान को लेकर चर्चा की है।



धारावाहिक जगधात्री में महेश देशमुख की भूमिका निभाने वाले अभिनेता इमरान खान कहते हैं- बतौर पिता मैं अपने बच्चों से सम्मान और अनुशासन की उम्मीद करता हूं। बच्चों को अपने माता-पिता को सम्मान देना ही चाहिए। यह मैं खासतौर पर आज की जेन जी पीढ़ी के लिए कहना चाहता हूं। हर माता-पिता अपने बच्चों को पालने के लिए बहुत मेहनत करते हैं। इसलिए, माता-पिता को उल्टे जवाब देना और सम्मान न करना मुझे नहीं पसंद है। माता-पिता को भी अपने बच्चों को बचपन से ही ये चीजें सिखानी चाहिए। मैंने देखा है कि कुछ माता-पिता अपने बच्चों को बहुत लाड-प्यार देते हैं, लेकिन उन्हें लोगों का सम्मान करना और तमीज सिखाना भूल जाते हैं।

# धमाल 4 का नया गाना कहर रिलीज, गुरु रंधावा ने लगाया तड़का




**मुंबई।** इस साल की एक और अवेटेड फिल्म 'धमाल 4' के ट्रेलर और हाल ही में रिलीज हुए जबरदस्त गाने 'चटनी' के बाद, 'धमाल 4' के मेकर्स ने अब एक और नया गाना 'कहर' रिलीज किया है। मजा कई गुना बढ़ाने वाला यह गाना सभी को एनर्जी और एंटरटेनमेंट से भरपूर एक जबरदस्त म्यूजिकल सफर पर ले जाता है। गाने में 'धमाल 4' की कास्ट के साथ गुरु रंधावा ने टीमअप किया है और गजब के पंजाबी वाइब्स दे रहे हैं। इस गाने को गुरु रंधावा ने गाया है और इसके बोल और संगीत गिल मचराई, रोनी अजनाली और गुरु रंधावा ने दिए हैं। संजॉय के प्रोड्यूस और अरेंज किए गए इस गाने में दर्शकों को एक मजेदार सफर पर ले जाया जाता है, जिसमें 'धमाल बॉयज' गुरु के रंग में रंगे हुए, अपने सबसे अनोखे अंदाज में और पीयूष व शाजिया के कोरियोग्राफ किए गए अपने जबरदस्त हुक स्टेप के साथ खूब धमाल मचाते हुए नजर आते हैं। इस गाने में एक्ट्रेस केतिका शर्मा भी एक स्पेशल अपीयरेंस में दिखाई देती हैं। हर उम्र के लोगों के लिए जबरदस्त मनोरंजन का वादा करते हुए, 'धमाल 4' में अजय देवगन, अरशद वारसी, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी और संजय मिश्रा जैसे दमदार कलाकार एक साथ नजर आएंगे।

# वैष्णो देवी के दरबार में पहुंचे अक्षय, लिया माता का आशीर्वाद

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस बीच हाल ही में अक्षय फिल्म की रिलीज से पहले माता वैष्णो देवी के दरबार में पहुंचे। अक्षय ने त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित इस पवित्र मंदिर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में अभिनेता को देखते ही वहां मौजूद फैंस ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान अक्षय कुमार पारंपरिक सफेद कुर्ता पहने नजर आए। सोशल मीडिया पर भी अक्षय के कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमें फैंस उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जाने से पहले कुमार यात्रा के बेस कैंप कटरा पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जाने से पहले अक्षय यात्रा के बेस कैंप कटरा पहुंचे। एक्टर के आने से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा गया। कई लोग फिल्म स्टार की एक झलक पाने की उम्मीद में रास्ते में और मंदिर परिसर में जमा हो गए। अधिकारियों ने बताया कि कुमार ने पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन किए और लौटने से पहले कुछ समय पूजा-अर्चना में बिताया। अहमद खान द्वारा निर्देशित 'वेलकम टू द जंगल' में अक्षय कुमार समेत 34 कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इनमें अक्षय कुमार के साथ सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, रवीना टंडन, लारा दत्ता, अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, आफताब शिवदासानी और जैकी श्रॉफ समेत कई अन्य नाम शामिल हैं। यह फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।



वेलकम टू द जंगल की रिलीज से पहले अक्षय ने लिया वैष्णो देवी का आशीर्वाद

## आकाश हैं, धूप में छांव हैं, जब टूट जाओ तो हिम्मत हैं पिता

# पिता-पुत्र के रिश्ते पर बनी हैं ये फिल्में, दर्शकों के दिलों को जीतने में रहीं कामयाब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

'पिता सिर्फ एक रिश्ता नहीं है, वह एक भरोसा होना चाहिए, जो तुम्हें यकीन दिलाए कि अगर पूरी दुनिया भी तुम्हारे सामने खड़ी हो जाए न तो तुम लड़ लोगे!' यह डायलॉग है शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' का। फिल्म में यह संवाद नयनतारा बोलती हैं। और, सही मायने में यह फिल्म में कह देने भर की बात नहीं है, बल्कि जिंदगी की हकीकत है। पिता आकाश हैं। धूप में छांव हैं। जब टूट जाओ तो पिता हिम्मत हैं। निर्माता-निर्देशकों ने भी इस रिश्ते की खूबसूरती को पर्दे पर दिखाने की कोशिश की है।

### जवान

शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' में भी बाप-बेटे की कहानी है। फिल्म में शाहरुख पिता और पुत्र की दोहरी भूमिका में हैं। फिल्म का ये डायलॉग खूब हिट हुआ है, 'बेटे को हाथ लगाने से पहले बाप से बात कर!' अभिनय के मामले में भी शाहरुख का पिता के रूप में विक्रम राठौर का किरदार कहीं ज्यादा पसंद किया गया।

### गदर 2

फिल्म 'गदर 2' बाप-बेटे के रिश्ते पर आधारित है, जहां पिता के रूप में सनी देओल अपने बेटे (उत्कर्ष शर्मा) के लिए पाकिस्तान तक पहुंच गए। जीते (उत्कर्ष शर्मा) जब पाकिस्तान में फंस जाता है, तो वह पाकिस्तानी फौजी अफसर से कहता है, 'दुआ कर कि मेरा बाप यहां ना आए। अगर मेरा बाप यहां आ गया, तो तेरे इतने टुकड़े करेगा, इतने टुकड़े करेगा...' वहीं तारा सिंह भी भले ही घर में जवान बेटे पर हाथ उठा देता हो, लेकिन बेटे के मुसीबत में फंस जाने पर सारे खतरे उठाकर पाकिस्तान चल पड़ता है। इससे पहले बाप से अक्सर नाराज रहने वाला बेटा भी अपने पिता को तलाशने की खातिर दुश्मन मुल्क पाकिस्तान में जाने का जोखिम उठाता है। फिल्म में एक और भावुक कर देने वाला संवाद है, जब जीते एक जगह कहता है, 'जिसके ऊपर पिता का साया है, उसे फिक्र करने की क्या जरूरत!'




### ओएमजी 2

*फिल्म 'ओएमजी 2' भी पिता-पुत्र की कहानी पर आधारित है, जिसमें एक पिता अपने मासूम बेटे के लिए कोर्ट तक जाता है। फिल्म में दिखाया गया कि जब नाबालिग बेटा अपना वीडियो वायरल होने के चलते परेशानी में था और सारी दुनिया उसके खिलाफ थी, तब उसके बाप ने ही उसका पूरी मजबूती से साथ दिया। यही नहीं, वह अपने बेटे की खातिर अपना सब कुछ दांव पर लगाकर सारी दुनिया से भिड़ने से भी नहीं हिचकिचाया।*

**टाइगर 3:** सलमान खान की फिल्म 'टाइगर 3' भी बाप-बेटे की कहानी कहती है। फिल्म में सलमान खान का एक संवाद है, 'मेरे बेटे को मैं नहीं, इंडिया बोलेगा कि उसका बाप क्या था? गद्दार या देशभक्त! जिंदा रहा तो आपकी खिदमत में फिर हाजिर नहीं तो जय हिंद'! यह फिल्म भी पिता-पुत्र के रिश्ते पर बनी है।

**एनिमल :** रणबीर कपूर की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' भी इस लिस्ट में शामिल है। इसमें रणबीर के पिता की भूमिका में अनिल कपूर नजर आए। अनिल कपूर को एक ऐसे सख्त पिता की भूमिका में दिखाया गया, जो अपने बेटे को किसी लायक नहीं समझता। हालांकि, बाद में फिल्म एक भावुक मोड़ लेती है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

**102 नॉट आउट:** अमिताभ बच्चन और ऋषि कपूर की ये फिल्म भी बाप-बेटे के रिश्ते पर बनी है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने 102 साल की उम्र के पिता को रोल निभाया था, जबकि दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर इसमें 75 साल के उनके बेटे की भूमिका में दिखाई दिए थे। फिल्म में बाप-बेटे की बेहतरीन केमिस्ट्री देखने को मिली। इस फिल्म का निर्देशन उमेश शुक्ला ने किया था।

**पा :** साल 2009 में अमिताभ, अभिषेक और विद्या बालन अभिनीत फिल्म 'पा' ने सिनेमा जगत के कई रिकार्ड्स तोड़े जब प्रोजेरिया से पीड़ति बेटे का किरदार निभाया अमिताभ बच्चन ने और उसके पिता का किरदार खुद उनके बेटे अभिषेक ने निभाया। एक बेहद मार्मिक कहानी जो 13 साल के एक बीमार बच्चे की है। इसमे साहस और आत्मविश्वास कूट-कूट कर भरा है। आर बाल्की ने इस फिल्म में पिता और पुत्र के एक अनोखे रिश्ते को दर्शाया है जो एक- दूसरे के बहुत अच्छे दोस्त है।

# 'मातृदेवो भवः' की साकार प्रतिमा थीं माता परमेश्वरी देवी

**पुण्यतिथि विशेष**

**पद्मश्री डॉ. सुकामा**



## एक साल बाद भी नम हैं आंखें : मां तो चली गईं, लेकिन उनके संस्कार आज भी घर-आंगन में सांस ले रहे

*'मातृमान् पितृमानाचार्यवान् पुरुषो वेद'*

अर्थात् जिस व्यक्ति को माता-पिता और आचार्य का श्रेष्ठ मार्गदर्शन प्राप्त होता है, वही जीवन के वास्तविक ज्ञान को प्राप्त करता है। वेदों और वैदिक साहित्य में माता को सृष्टि की प्रथम गुरु कहा गया है। वह केवल जन्म नहीं देती, बल्कि संस्कारों, मूल्यों और जीवन-दर्शन का भी निर्माण करती है। कुछ माताएं अपने परिवार तक सीमित रहती हैं, जबकि कुछ ऐसी होती हैं जिनका स्नेह, त्याग और मार्गदर्शन समाज की धरोहर बन जाता है। माता परमेश्वरी देवी जी ऐसी ही विलक्षण मातृशक्ति थीं, जिनका जीवन वैदिक संस्कृति, सेवा, त्याग और समर्पण का जीवंत उदाहरण रहा। 20 जून 2025 को जब उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली, तब केवल एक परिवार ने अपनी मुखिया नहीं खोई थी, बल्कि आर्य समाज, गुरुकुल परंपरा और हजारों लोगों ने एक ऐसी मातृशक्ति को विदाई दी थी, जिसकी छाया में कई पीढ़ियां पली-बढ़ीं। आज उनकी पहली पुण्यतिथि पर उन्हें स्मरण करते हुए वही भाव मन में उमड़ता है कि कुछ लोग शरीर से विदा होकर भी कभी नहीं जाते। वे अपने संस्कारों, अपने कर्मों और अपने स्नेह के रूप में सदैव जीवित रहते हैं। दान, समर्पण, सेवा और त्याग की प्रतिमूर्ति परमेश्वरी देवी जी का जीवन किसी जीवनी का अध्याय नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की जीवंत व्याख्या था। 30 अप्रैल 1936 को जींद जिले के जुलानी गांव में जन्मी इस बेटी ने बचपन में संघर्षों का सामना किया, लेकिन उन्हीं संघर्षों ने उनके व्यक्तित्व को इतना विराट बना दिया कि वे आगे चलकर केवल सिंधु परिवार की धुरी ही नहीं, बल्कि समाज और वैदिक संस्कृति की प्रेरणा बन गईं।



जन्म : 30 अप्रैल 1936 | देहांत : 20 जून 2025

### सात साल की उम्र में मां खोई, लेकिन खुद कई लोगों की मां बन गईं

ऋग्वेद में कहा गया है- 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।' अर्थात माता का स्थान सर्वोच्च है, क्योंकि वही जीवन की पहली पाठशाला होती है। मात्र सात वर्ष की आयु में जब परमेश्वरी देवी के सिर से मां का साया उठ गया, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यही बालिका आगे चलकर अपने परिवार की आधारशिला बनेगी। नौ भाइयों और तीन बहनों के बीच सबसे बड़ी होने के कारण उन्होंने बहन से अधिक मां की तरह भूमिका निभाई। छोटी उम्र में ही जिम्मेदारी, धैर्य और नेतृत्व के गुण उनके व्यक्तित्व में दिखाई देने लगे थे।

### बहू बनकर आईं व पूरे परिवार की आत्मा बन गईं

8 मार्च 1949 को चौधरी मित्रसेन आर्य के साथ विवाह के बाद वे सिंधु परिवार में आईं। भारतीय संस्कृति में बहू को घर की लक्ष्मी कहा जाता है, लेकिन माता परमेश्वरी देवी ने स्वयं को केवल गृहलक्ष्मी तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने पूरे परिवार को प्रेम, सम्मान और संस्कारों के सूत्र में बांध दिया। उनकी सास और ससुर उन्हें बहू नहीं, बेटी मानते थे। घर में उनका व्यवहार इतना सहज और आत्मीय था कि उन्होंने रिश्तों को केवल निभाया नहीं, बल्कि उन्हें मजबूत और जीवंत बनाया।

### 35 वर्षों तक नेत्रहीन ससुर की आंखें बनकर रहीं

यजुर्वेद का संदेश है- श्रद्धया देयम् अर्थात् हर कार्य श्रद्धा और समर्पण से किया जाना चाहिए। जब परमेश्वरी देवी के ससुर चौधरी शीशराम की आंखों की रोशनी चली गई, तब माता परमेश्वरी देवी ने लगभग 35 वर्षों तक उनकी सेवा की। वे केवल देखभाल नहीं करती थीं, बल्कि उनकी आंखों की तरह हर कार्य में उनका मार्गदर्शन करती थीं। सेवा का ऐसा उदाहरण आज भी परिवार और समाज में आदर के साथ याद किया जाता है।

### तीन बेटों को देश सेवा के लिए सेना में भेज दिया

एक मां के लिए अपने पुत्र को देश सेवा के लिए भेजना आसान नहीं होता, लेकिन परमेश्वरी देवी जी ने अपने बच्चों में राष्ट्रभक्ति के ऐसे संस्कार रोपे कि उनके तीन पुत्र भारतीय सेना में अधिकारी बने। कैप्टन रूद्रसेन, कैप्टन अभिमन्यु और मेजर सत्यपाल आर्य ने भारतीय सेना में सेवा देकर परिवार और समाज का गौरव बढ़ाया। यह उपलब्धि केवल बेटों की नहीं थी, बल्कि उस मां के संस्कारों की थी, जिसने राष्ट्र को परिवार से ऊपर रखा।

### पति के निधन के बाद परिवार की शक्ति बनीं

27 जनवरी 2011 को चौधरी मित्रसेन आर्य के निधन के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, लेकिन माता परमेश्वरी देवी ने इस कठिन समय में स्वयं को कमजोर नहीं पड़ने दिया। ऋग्वेद का मंत्र है- 'चरैवेति चरैवेति।' अर्थात् परिस्थितियां कैसी भी हों, जीवन में आगे बढ़ते रहना चाहिए। परमेश्वरी देवी ने पूरे परिवार को संभाला और अपने बच्चों को कभी पिता की कमी महसूस नहीं होने दी। संकट के समय उनका धैर्य व आत्मविश्वास परिवार के लिए संबल बन गया।

### गुरुकुलों की संरक्षक हजारों बच्चों की मां

परमेश्वरी देवी जी का स्नेह केवल अपने परिवार तक सीमित नहीं था। गुरुकुलों में पढ़ने वाले हजारों छात्र-छात्राओं के लिए भी वे मां के समान थीं। उनके संरक्षण में संचालित गुरुकुलीय संस्थाओं ने शिक्षा और संस्कार दोनों का प्रसार किया। विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को सहयोग प्रदान करना उनके जीवन का महत्वपूर्ण उद्देश्य रहा।

### यज्ञ की लौ के साथ जीवित रखीं वैदिक परंपराएं

ऋग्वेद का उद्घोष है- 'आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः।' अर्थात् हमारे पास संसार के सभी ओर से श्रेष्ठ विचार आते रहें। परमेश्वरी देवी जी ने अपने जीवन में वैदिक संस्कृति को केवल अपनाया ही नहीं, बल्कि उसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का भी कार्य किया। सिंधु भवन में निर्मित भव्य वेद मंदिर उनकी इसी सोच का प्रतीक है। परिवार के प्रत्येक शुभ अवसर पर यज्ञ और वैदिक अनुष्ठान उनकी प्रेरणा से ही आयोजित होते रहे। माता परमेश्वरी देवी का जीवन त्याग, संघर्ष और संस्कारों का अनुपम उदाहरण रहा।

*(लेखिका रोहतक के विश्ववारा कन्या गुरुकुल रुड़की की प्राचार्या हैं)*

---

## खबर संक्षेप

### बिहार को मिलेगी बुलेट ट्रेन की सौगात



**छपरा।** बिहार में रेल कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार होने वाला है। राज्य में अगले 5 से 8 सालों में 200 नई ट्रेनें चलाई जाएंगी। इससे रेल यात्रियों की समस्या दूर होगी। इसमें दिल्ली से सिलीगुड़ी के बीच बनने वाला बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट भी शामिल है। बुलेट ट्रेन के जरिए पटना से दिल्ली का सफर महज पौने 5 घंटे में पूरा हो जाएगा। यह घोषणा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को छपरा में की।

### नंबर होते हुए भी हार दोस्ती में भी दरार



**रांची।** झारखंड राज्यसभा चुनाव में शक के घेरे में आई आरजेडी ने सफाई दी है। पार्टी के महासचिव भोला यादव ने कहा कि पार्टी के सभी चार विधायकों ने इंडिया ब्लॉक के प्रत्याशी प्रणव झा को वोट दिया। वोटिंग लालू यादव और तेजस्वी यादव के निर्देशों के अनुसार की गई।

---

लोक निर्माण विभाग की विकास परियोजनाओं के कार्यों की हुई समीक्षा

# मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ संग बेहतर संपर्क के लिए 13 मार्गों का किया जाएगा विकास

*मुख्यमंत्री ने देवीपाटन मंडल के मां पाटेश्वरी देवी शक्तिपीठ, स्वामीनारायण मंदिर से बस्ती के मखौड़ा धाम व अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले प्रमुख 13 मार्गों के विकास को मंजूरी दी। कुल 4901.65 करोड़ रुपये की एक हजार से अधिक विकास परियोजनाओं के प्रस्तावों को स्वीकृति दी।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोंडा

सीएम योगी ने शुक्रवार को महज़ तेरह दिनों बाद फिर गोंडा का दौरा किया। उन्होंने अपने दो घंटे के कार्यक्रम के दौरान 33 विधानसभा क्षेत्रों से जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए प्रस्तावों का प्रेजेंटेशन देखा। प्रमुख रूप से मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ धाम संग अन्य धार्मिक स्थलों तक कनेक्टिविटी को बेहतर करने के निर्देश दिए। सीएम ने देवीपाटन मंडल के मां पाटेश्वरी देवी शक्तिपीठ, स्वामीनारायण मंदिर से बस्ती के मखौड़ा धाम व अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले प्रमुख 13 मार्गों के विकास को मंजूरी दी। कुल 4901.65 करोड़ रुपए की एक हजार से अधिक विकास परियोजनाओं के प्रस्तावों को स्वीकृति दी।

उन्होंने महाराजा सुहेलदेव सभागार में लोक निर्माण विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा की। साथ ही नई कार्य योजनाओं पर जनप्रतिनिधियों के साथ मंथन किया। इस दौरान देवीपाटन मंडल के गोंडा, बलरामपुर, बहराइच व श्रावस्ती की सड़क व संपर्क मार्ग परियोजनाओं की प्रगति परखी।

**खास बातें**

- प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के 50-50 करोड़ के विकास कार्यों का देखा प्रेजेंटेशन
- सीएम ग्रामीण सड़क योजना के सर्वाधिक 810 कार्यों को दी मंजूरी

### मुख्यमंत्री योगी ने 4901.65 करोड़ के कार्य प्रस्तावों को दी मंजूरी



### औद्योगिक क्षेत्रों की भी बेहतर होगी कनेक्टिविटी

मुख्यमंत्री ने दो राजमार्गों, प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों की कनेक्टिविटी, 81 लघु सेतु व सात बड़े पुलों को बनाने की मंजूरी दी। शहरी क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था के लिए बाईपास मार्गों, ओवरब्रिज के कामों को मंजूरी दी। देवीपाटन मंडल में सड़क सुरक्षा के कार्यों को कराने कभी निर्देश दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में 12 हेलीपैड निर्माण कार्यों को मंजूरी दी। उन्होंने हरदौपट्टी संपर्क मार्ग का मरम्मत कार्य, कटरा बाजार के पंडितपुरवा नहवा परसौरा वाया खजुहा संपर्क मार्ग का मरम्मत कार्य, सुभानपुर बेलवानोहर मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण आदि की जानकारी ली।

**प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की विकास परियोजनाओं पर मंथन**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की करीब 50-50 करोड़ की विकास परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण देखा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से विकास परियोजनाओं की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों की बेहतर कनेक्टिविटी और सुगम यातायात के लिए सड़क मार्गों के दुरुस्तीकरण पर केंद्रित प्रस्तावों को प्राथमिकता के साथ देखा। इसमें आधारभूत संरचना के कार्य भी शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने पिछड़े क्षेत्रों व आकांक्षात्मक ब्लॉक क्षेत्रों में जारी विकास परियोजनाओं की भी समीक्षा की।

---

# मुख्यमंत्री का अलग अंदाज, अनुपस्थित शिकायतकर्ताओं को किया सीधा फोन



■ सीएम नायब सिंह ने सिरसा में कष्ट निवारण समिति की बैठक में की जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में जनशिकायतों की सुनवाई करते हुए प्रशासनिक सक्रियता के साथ मानवीय संवेदनशीलता का भी परिचय दिया।

बैठक में अनुपस्थित दो शिकायतकर्ताओं से मुख्यमंत्री ने स्वयं फोन पर बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में गांव फतेहपुर जोतांवाली निवासी संजय कुमार की शिकायत पर सुनवाई की गई। शिकायत में रजवाहे पर साइफन गलत तरीके से बनाए जाने का आरोप लगाया गया था। मुख्यमंत्री ने संजय कुमार से सीधे फोन पर बातचीत कर मामले की जानकारी ली और संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। समिति मौके का निरीक्षण कर किसानों से बातचीत करेगी तथा अपनी रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करेगी।

---

महंत नृत्यगोपाल दास जन्मोत्सव हुए शामिल

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया श्रीराम लला का दर्शन



एजेंसी ⏭ अयोध्या

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राम नगरी अयोध्या के दूसरे दौरे पर श्रीराम जन्मभूमि परिसर में श्रीराम लला का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मणिराम दास छावनी का रुख किया। सीएम योगी आदित्यनाथ मणिराम दास छावनी में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने महंत नृत्यगोपाल दास को पूजनीय संत बताया। उन्होंने जन्मोत्सव कार्यक्रम में श्री राम कथा के आयोजन को लेकर भी आयोजकों को सराहा।

### प्रमाण हैं तो एसआईटी को दीजिए, सार्वजनिक मत करिए

उन्होंने कहा कि जो लोग कभी अयोध्या में रामलला का दर्शन करने नही आए, वो लोग आज रामभक्ति की बात कर रहे हैं। अयोध्या का अंतर कई लोगों को नहीं दिख रहा है, इसका विकास बर्दाश्त नहीं हो रहा है। हमने एसआईटी गठन किया और 500 वर्ष इंतजार करने वाले 15 दिन का इंतजार तो कर सकते हैं। मैं इस बात के लिए आश्वस्त करता हूं कि अगर आपके पास प्रमाण हैं तो एसआईटी को दीजिए, सार्वजनिक मत करिए।

---

## पेज एक का शेष

### अभिषेक बनर्जी ने ...

सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया यानि एनसीपीआई में विलय के प्रस्ताव के खिलाफ 14 जून को तृणमूल कांग्रेस की ओर से दी गई चिठ्ठी के सिलसिले में लोकसभा अध्यक्ष ने पार्टी नेताओं को अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया था। बिरला से मुलाकात के बाद अभिषेक बनर्जी ने पत्रकारों से कहा कि 20 लोगों ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर एक अलग समूह मानने की बात कही मगर बाद में पता चला कि वे एक अनजान एनसीपीआई में शामिल होने का दावा कर रहे। आश्चर्य यह है कि बागवत करने वालों ने भी इस पार्टी का नाम नहीं सुना था। उन्होंने कहा कि बागियों ने संविधान की 10वीं अनुसूची का उल्लंघन किया है और यदि वे जिस चुनाव चिह्न पर चुने गए हैं उसके दो साल बाद ही एक नई पार्टी में शामिल हो रहे हैं तो उनकी सदस्यता खत्म होनी चाहिए। दो-तिहाई सदस्यों के किसी दूसरी पार्टी में विलय का नियम पूरी पार्टी पर लागू होता है और न कि केवल संसदीय दल पर। बनर्जी ने इसी आधार पर सभी 20 बागियों के खिलाफ अलग-अलग याचिका लोकसभा अध्यक्ष को सौंपते हुए सदस्यता रद्द करने की मांग की है। तृणमूल कांग्रेस की ओर से लोकसभा के बागी 20 सांसदों की सदस्यता रद्द करने की मांग के बीच पार्टी से बगावत कर नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया यानि एनसीपीआई में शामिल हुए इन सांसदों के विलय-अयोग्यता का फैसला मानसून सत्र से पहले होगा।

### भाजपा अध्यक्ष नितिन ...

संवाद करेंगे। प्रवास के तीसरे और अंतिम दिन, नितिन नवीन प्रख्यात कृषि अर्थशास्त्री पद्मश्री सरदार सिंह जोहल से लुधियाना स्थित उनके निवास पर भेंट करेंगे। इसके पश्चात वे भाजपा सांसदों, पूर्व सांसदों, विधायकों तथा पूर्व विधायकों के साथ संवाद करेंगे। लुधियाना में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके उपरांत पंजाब भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

## पेज दो का शेष

### 21 जून को नौसेना...

देखने को मिलेगा।

जहाजों में लगी 75% स्वदेशी सामग्री : मंत्रालय ने कहा कि इन तीनों जहाजों का निर्माण देश की शिपबिल्डिंग निर्माण में तेजी से बढ़ती परिपक्वता का प्रमाण प्रस्तुत करता है। दूनागिरी, संशोधक और अग्रय के निर्माण में 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री लगाई गई है। भारतीय उद्योग, खासकर 200 से ज्यादा सूक्ष्म-लघु उद्योग (एमएसएमई) इनके निर्माण में शामिल रहे हैं। जिससे काफी तादाद में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उत्पन्न हुआ है। आगामी कमीशन समारोह केंद्र सरकार, भारतीय नौसेना, सार्वजनिक क्षेत्र के शिपयार्ड, निजी उद्योग तथा एमएसएमई के साझा प्रयासों के साथ आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने और देश की मजबूत समुद्री क्षमता को प्रदर्शित करेगा।

### यह हैं जहाजों की ...

सक्षम सोनार सिस्टम लगाया गया है। समुद्री तटीय जल और दूर समुद्र के अंदर मौजूद खतरों को पकड़कर अग्रय उन्हें नष्ट कर सकता है। जरूरत पड़ने पर यह दुश्मन की पनडुब्बियों का काल बनेगा।

### रिक्त पदों को जल्द भरने...

रिक्त पदों को भरना सर्वोच्च प्राथमिकता : समीक्षा बैठक में स्टेशन मास्टर संवर्ग में रिक्त पदों को शीघ्र भरने की आवश्यकता पर भी विशेष ध्यान देते हुए रेलमंत्री ने रिक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर भरने की प्रक्रिया की समीक्षा की। इसे तेजी से पूरा करने का आदेश दिया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि आवश्यक मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित कर रेलवे परिचालन में किसी प्रकार की बाधा न आने दी जाए।

**सुरक्षा उपकरणों और सुविधाओं में होगा सुधार** : बैठक में सुरक्षा संबंधी मुद्दों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। रेलवे स्टेशनों पर कार्यरत कर्मचारियों को बेहतर सुरक्षा उपकरण और अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल कार्य उपकरण उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। विशेष रूप से रेलवे परिचालन में महिला स्टेशन मास्टर्स और महिला पॉइंट्समैन की बढ़ती भागीदारी को ध्यान में रखते हुए कार्यस्थलों को अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और समावेशी बनाने पर बल दिया गया।

**फ्रंटलाइन कर्मचारियों के लिए बेहतर कार्य वातावरण का लक्ष्य** : रेल मंत्रालय ने कहा कि इन पहलों का मुख्य उद्देश्य रेलवे के फ्रंटलाइन कर्मचारियों के लिए सुरक्षित, सुलभ और अधिक दक्ष कार्य परिस्थितियां सुनिश्चित करना है। इससे न केवल कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ेगी, बल्कि यात्रियों को भी बेहतर और अधिक सुरक्षित सेवाएं उपलब्ध होंगी।

**रेलवे आधुनिकीकरण की दिशा में एक और कदम** : विशेषज्ञों का मानना है कि स्टेशन मास्टर्स रेलवे परिचालन की रीढ़ होते हैं और उन्हें बेहतर संसाधन, प्रशिक्षण तथा पर्याप्त मानव बल उपलब्ध कराना रेलवे की समग्र दक्षता और सुरक्षा को मजबूत करेगा। रेल मंत्रालय की यह पहल भारतीय रेलवे को अधिक आधुनिक, सुरक्षित और यात्री-केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### व्यस्त रेल मार्गों पर ...

अतिरिक्तस्टेशन मास्टर्स की तैनाती पर भी जोर दिया। बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि व्यस्त रेल मार्गों और प्रमुख स्टेशनों पर पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध कराकर परिचालन को और अधिक सुरक्षित तथा सुचारु बनाया जाए।

### कांग्रेस मुख्यालय में...

करता हूं। प्रधानमंत्री की इस बधाई के बीच देश भर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। राहुल गांधी शुक्रवार सुबह अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन पहुंचे, जहां उन्होंने लगातार तीसरे साल कार्यकर्ताओं के बीच अपना जन्मदिन मनाया। इस दौरान राहुल गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में केक काटा। प्रियंका गांधी ने इंस्टाग्राम पर 'हैप्पी बर्थ-डे माय स्वीट ब्रदर' लिखकर अपनी शुभकामनाएं साझा कीं, वहीं राहुल गांधी और खरगे ने एक-दूसरे को केक खिलाकर बधाई दी। वाराणसी में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की एक तस्वीर का दूध से अभिषेक किया, जिसमें उन्हें परशुराम के वेश में दिखाया गया था। भोपाल में महिला कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के पोस्टर को केक खिलाकर जश्न मनाया। दिल्ली में पार्टी मुख्यालय के बाहर हाथ में संविधान लिए राहुल गांधी के बड़े-बड़े पोस्टर्स लगाए गए। इस मौके को खास बनाते हुए यूथ कांग्रेस ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में एक रोजगार मेला भी आयोजित किया, जिसमें करीब 35 हजार युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया।

### भारत में पासपोर्ट महज...

मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी साझा की है।

**खत्म हुई विशेषाधिकार की सोच** : विदेश मंत्री ने यह भी कहा पासपोर्ट सेवाओं की आम जनता तक सीधे पहुंच बढ़ने से अब इसे प्राप्त करने की सोच में काफी बड़ा बदलाव आ चुका है। जहां पहले पासपोर्ट प्राप्त करने को किसी विशेष सुविधा या विशेषाधिकार की तरह माना जाता था। लेकिन आज इससे जुड़ी वितरण प्रक्रिया शत-प्रतिशत आमजन तक पहुंच चुकी है। अपने संबोधन से पहले डॉ. जयशंकर ने विभिन्न श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को पासपोर्ट सेवा पुरस्कार से सम्मानित भी किया।

**भविष्य में और बेहतर होगी सेवा** : उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि पासपोर्ट सेवा कर्मियों, अधिकारियों द्वारा प्रदान की जा रही निर्बाध सार्वजनिक सेवा विकसित भारत के एक इंजन के रूप में कार्य कर रही है। आने वाले हर साल के साथ यह और अधिक बेहतर होती जाएगी।

---

समस्याओं का समाधान सीएम से कराएंगे

# वर्तमान में पत्रकारों के सामने साख बचाने की बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ मथुरा

एनयूजेआई व ब्रज प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 34 वें पत्रकारिता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पत्रकारों के वर्तमान दशा, दिशा व चुनौतियों पर विमर्श हुआ। कार्यक्रम में खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज कुमार पांडेय, यूपी राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.बबीता सिंह चौहान, डीएम चन्द्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, नगर आयुक्त जगप्रवेश, एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने दीप प्रज्जवलन कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज पांडेय ने आजादी के समय का उदाहरण देते हुए कहा कि पत्रकारों का अतीत स्वर्णिम था इस दौर में पत्रकारों के समक्ष चुनौतियां हैं। जिसका मुकाबला कर स्वर्णिम भविष्य सुरक्षित करना है।

---

योगी सरकार ने परिवहन सेवाओं को बनाया स्मार्ट

# 5.30 करोड़ से अधिक वाहनों का डिजिटल प्रबंधन, तकनीक के दम पर आगे बढ़ रहा उत्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में डिजिटल गवर्नेंस को नई पहचान मिली है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण प्रदेश का परिवहन विभाग बनकर उभरा है, जहां तकनीक के व्यापक उपयोग से सेवाओं को पारदर्शी, सरल और नागरिकों के लिए अधिक सुलभ बनाया गया है। डिजिटल माध्यमों के जरिए वाहन पंजीकरण, ड्राइविंग लाइसेंस, कर भुगतान और अन्य सेवाओं की प्रक्रिया पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान और तेज हो गई है। प्रदेश में परिवहन विभाग के आंकड़े इस बदलाव की गवाही दे रहे हैं। वर्तमान में यूपी में कुल 5 करोड़ 30 लाख 25 हजार 689 वाहन पंजीकृत हैं। इनमें 34 लाख 76 हजार 928 वाणिज्यिक वाहन तथा 4 करोड़ 95 लाख 48 हजार 761 निजी वाहन शामिल हैं। इतने बड़े वाहन नेटवर्क का प्रभावी प्रबंधन सारथी पोर्टल के जरिए किया जा रहा है।



**परिवहन विभाग की 49 सेवाएं फेसलेस और कॉन्टैक्टलेस मोड पर**

योगी सरकार ने परिवहन विभाग में तकनीक आधारित सुधारों को प्राथमिकता देकर भ्रष्टाचार की संभावनाओं को कम किया है और सेवाओं की पारदर्शिता को बढ़ाया है। परिवहन विभाग ने डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देते हुए नागरिक सेवाओं को पूरी तरह सरल और पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है।

### सबसे ज्यादा डीएल जारी करने में टॉप पर लखनऊ आरटीओ

ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश में अब तक 2.99 लाख से अधिक नए ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं। सबसे अधिक ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने वाले आरटीओ कार्यालयों में लखनऊ (13.66 लाख), गाजियाबाद (13.11 लाख), मेरठ (10.58 लाख), कानपुर नगर (10.51 लाख) और प्रयागराज (10.16 लाख) शामिल हैं। व्यावसायिक ड्राइविंग लाइसेंस (ट्रांसपोर्ट डीएल) जारी करने में भी प्रदेश ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। अब तक 29 लाख 5 हजार 937 ट्रांसपोर्ट ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं।

चिंतन

# पैदल चलने वालों की सुरक्षा हो प्राथमिकता

देशभर में हाइवे का बेहतरीन जाल लगातार बिछाया जा रहा है। अब एक शहर से दूसरे शहर में जाना आसान हो गया है। कई हाइवेज पर औसत गति सीमा 100 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक है। यानी 200 से 300 किलोमीटर तक का सफर ढाई से तीन घंटे में ही पूरा किया जा सकता है। यह नए भारत की बदलती तस्वीर है। हमारे एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन विश्वविख्यात हो गए हैं। छोटे-छोटे शहरों में भी एस्केलेटर और लिफ्ट जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। यह लोगों को नए-नए अनुभव दे रहे हैं, लेकिन शहरों के इंफ्रास्ट्रक्चर यानी आधारभूत ढांचा आज भी पुराने स्तर का ही है। एक शहर से दूसरे शहर में जाने के बाद सड़कों पर जाम, अनियंत्रित ट्रैफिक, फुटपाथों पर कब्जे और सड़कों के किनारे खड़ी रेहड़ियां ऐसा दृश्य उत्पन्न करती हैं कि 100 किलोमीटर की गति 10 किलोमीटर पर आकर ठहर जाती है। यह अनेक बार बड़े हादसों का कारण भी बनती हैं। सच्चाई यह है कि भारत के अधिकांश शहरों में पैदल चलना आज भी किसी चुनौती से कम नहीं है। फुटपाथ या तो हैं ही नहीं, और जहां हैं वहां अतिक्रमण, रेहड़ियां, अवैध पार्किंग या निर्माण सामग्री का कब्जा है। नतीजा यह होता है कि पैदल यात्री सड़क पर चलने को मजबूर होते हैं और तेज रफ्तार वाहनों के बीच उनका जीवन हर पल खतरे में रहता है। यही कारण है कि सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में पैदल चलने वाले और साइकिल सवार लोग अपनी जान गंवाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को फुटपाथ पर सुरक्षित चलने को बुनियादी अधिकार बताया है। शीर्ष कोर्ट का यह फैसला अत्यंत महत्वपूर्ण है। अब इसका उल्लंघन हुआ तो जिम्मेदारों पर कड़ा एक्शन होगा। अब देशभर के निकायों व नगर निगमों को पैदल चलने वालों और शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर पर गंभीरता से विचार करना होगा। हमारे हाइवे कितने ही अच्छे हो जाएं, लेकिन जब तक शहर का इंफ्रास्ट्रक्चर कमजोर होगा, तब तक वह किसी भी रूप में लोगों के लिए सुविधाजनक नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि विकास का अर्थ केवल वाहनों के लिए सड़कें बनाना नहीं, बल्कि नागरिकों को सुरक्षित आवागमन का अधिकार देना भी है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए बड़ी राहत देने वाला है। क्योंकि पैदल चलने वालों में सबसे ज्यादा हादसों का शिकार यही लोग होते हैं। विडंबना यह है कि भारत में सड़क निर्माण की योजना बनाते समय सबसे कम ध्यान पैदल यात्रियों पर दिया जाता है। शहरों में फ्लाईओवर, अंडरपास और चौड़ी सड़कें तो बनती हैं, लेकिन फुटपाथों की हालत दयनीय रहती है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब जिम्मेदारी राज्य सरकारों, नगर निगमों और स्थानीय निकायों की है। फुटपाथों से अतिक्रमण हटाना, अवैध पार्किंग पर सख्ती करना, सुरक्षित पैदल पार पथ बनाना और सड़क निर्माण योजनाओं में पैदल यात्रियों को प्राथमिकता देना अब विकल्प नहीं, बल्कि दायित्व है। साथ ही नागरिकों को भी सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करने की मानसिकता छोड़नी होगी। भारत अमृतकाल की ओर बढ़ रहा है। यदि विकास को वास्तव में समावेशी बनाना है तो शहरों को केवल वाहनों के लिए नहीं, बल्कि लोगों के लिए बनाना होगा। हाइवे पर दौड़ती तेज रफ्तार तभी सार्थक होगी, जब शहर की गलियों और सड़कों पर एक आम नागरिक सुरक्षित और सम्मानपूर्वक पैदल चल सके।




दिवस विशेष
अखिलेश आर्येन्दु

# योग ध्यान से आध्यात्मिक पूंजी का निवेश

> भारत सरकार ने योग ध्यान के फायदे को देखते हुए देश-दुनिया को बाह्य और अंदर से सेहतमंद बनाने के लिए पहल शुरू की। इसका परिणाम यह हुआ कि आज सारी दुनिया भारत के आर्थिक विकास की गति की ही नहीं, बल्कि योग ध्यान व अध्यात्म के जरिए विश्व में अहिंसा, नैतिकता, मानवता और शांति के पहल की भी मुराद हो गई है। इस नजरिए से आज की पीढ़ी के लिए योग ध्यान की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा उपयोगी और फायदेमंद हो गई है। सोशल मीडिया के इस जमाने में जहां सब कुछ मोबाइल के एक छुअन से संभव हो रहा है, ऐसे में योग ध्यान और संयम की जरूरत कहीं ज्यादा हो गई है, जिसे रोजाना के अभ्यास या साधना के जरिए सहज रूप से हासिल किया जा सकता है।

दुनियाभर में विकास की एक ऐसी दौड़ जारी है, जो कहां पहुंच कर खत्म होगी, किसी को नहीं मालूम। हर कोई विकास की इस अंधी दौड़ में आगे निकल जाना चाहता है। जो सबसे आगे रहेगा, उसकी ही मनमानी और धौंस चलेगी। अमेरिका इसकी मिसाल है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि विकास की यह दौड़ लोगों की जिंदगी से सहजता, सरलता, सौम्यता, सज्जनता, स्वच्छता और मानवीय आदर्शों को अलग कर रही है। न सेहत का ध्यान और न संयम का। यानी जीवन असंयम और बिगड़ी सेहत के नाम हो गया है। समय और संयम दोनों की कमी ऐसी हो गई है कि लोगों को अपने बारे में सोचने की फुसर्त नहीं मिल रही है। वहीं दकरोड़ों ऐसे लोग हैं जो विकास की दौड़ में शामिल तो हैं, लेकिन उन सभी जरूरी अभिक्रियाओं को भी कर रहे हैं जिससे जिंदगी एकांगी न हो जाए। यह स्थिति पच्चीस साल पहले दुनिया भर में दिखाई देती थी। लेकिन समय बदला और भारत में पतंजलि के योगदर्शन को व्यावहारिक बनाने का एक बड़ा नाम जुड़ गया। भारत सरकार ने भी योग ध्यान के फायदे को देखते हुए देश-दुनिया को बाह्य और अंदर से सेहतमंद बनाने के लिए पहल शुरू की। इस पहल का परिणाम यह हुआ कि आज सारी दुनिया भारत के आर्थिक विकास की गति की ही नहीं, बल्कि योग ध्यान व अध्यात्म के जरिए विश्व में अहिंसा, नैतिकता, मानवता और शांति के पहल की भी मुराद हो गई है।

जब 2015 में 21 जून को भारत ने दुनिया को आर्थिक विकास के साथ आध्यात्मिक या यौगिक विकास पर भी गौर करने के लिए प्रेरित किया, तो लोगों को महर्षि पतंजलि की धारा को आगे बढ़ाने वाले महर्षि दयानंद, स्वामी विवेकानंद, परमहंस स्वामी, महर्षि रमण और महर्षि अरविंद याद आ गए। यह एक तरह का दुनिया के दो सौ देशों में योग ध्यान के जरिए आध्यात्मिक पूंजी का निवेश जैसा था। दुनिया के सभी देशों ने भारत के इस आध्यात्मिक निवेश का दिल खोलकर स्वागत ही नहीं किया, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाने के लिए खुद को तैयार किया और इसे सहज तरीके से स्वीकार भी कर लिया। पिछले बीस सालों में दुनिया में बहुत कुछ बदला है, जिसमें योग ध्यान की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। जिस तरह दुनियाभर की सरकारें और कंपनियां भारत में पूंजी निवेश करने के लिए आगे आईं हैं, उसी तरह भारत द्वारा किए गए योग ध्यान की आध्यात्मिक पूंजी के निवेश से सेहत के मामले में फायदा लिया है। आज हम यदि यह कहें कि शायद ही दुनिया का कोई देश हो जो भारत के इस आध्यात्मिक पूंजी को अपने देश के लोगों की जिंदगी के खुशहाली की पूंजी न बनाया हो, तो अतिश्योक्ति नहीं माना जाएगा। भारत सनातन से आध्यात्मिक, धार्मिक (मजहबी नहीं) और विज्ञानपरक और मूल्यवान साहित्य के क्षेत्र में दुनियाभर में जाना जाता रहा है, लेकिन 21वीं सदी (पिछले 12 वर्षों में) भारत ने नए सिरे से जिस तरह से आध्यात्मिक, नैतिक, मानव मूल्यों, सर्वहितकारी विचारों और कार्यों को लेकर दुनियाभर में एक चिंतन पैदा किया उससे उसकी सनातन धारा फिर से अविचल गति से आगे बढ़ती जा रही है। दुनियाभर में जहां आर्थिक विकास और प्रगति के लिए ही सभी तरह की कवायदें चल रही हैं, वहीं भारत में योग और वेद के जरिए दुनिया



को सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया के मकसद से सब को सुखी, निरोग और नैतिक बनाने के कार्य में आगे बढ़ रहा है। दस वर्ष पूर्व जब योग दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ के माध्यम से मनाने की घोषणा हुई थी, तब से लेकर अब तक योग ध्यान और भारत का अध्यात्म तत्व दुनिया के लिए वरदान वनकर उभरा है।

भारत दुनिया में अपने सर्वोच्च आध्यात्मिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और दार्शनिक ज्ञान, अनुभव और कार्य के जरिए यह बताने और समझाने में लगा हुआ है कि महज भौतिक या आर्थिक उन्नति या आधुनिक विज्ञान की उन्नति से विश्व समाज में शांति, सौहार्द, न्याय, सहजता, पवित्रता, सुख, प्रेम, सत्य, अहिंसा और परमार्थ की अविरल धारा को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है। इसलिए योग ध्यान, जप, तप और ईश्वरीय ज्ञान उतना ही जरूरी है जितना कि आर्थिक, वैज्ञानिक और सामाजिक उन्नति करना। योग एक व्यक्ति से अनंत को साधने, संवारने और निर्माण का साधन है। यह साधन भी और साध्य भी है। यानी इसके जरिए हम जिस परा-अपरा शक्ति को हासिल करना चाहते हैं, वह शक्ति इससे ही सहज तरीके से हासिल की जा सकती है। 21 जून यानी योग दिवस दुनिया के हर व्यक्ति को याद दिलाता है कि जिंदगी के लिए धन, सम्पत्ति, रिश्ते-नाते और सभी तरह की भौतिक उन्नति जितनी जरूरी है। उतनी ही जरूरी है सेहत, शांति, प्रेम, अहिंसक स्वभाव, न्याय और सौहार्द के प्रति अनुराग और मानव मूल्य के साथ ही उस परा शक्ति से मिलन की जिज्ञासा, जिससे यह सारी कायनात संचालित है। दुनिया को अब यह समझ में आने लगा है कि योग ध्यान और भारतीय अध्यात्म से ही जीवन में असली सुख या आनंद हासिल किया जा सकता है। भारत ने योग ध्यान के जरिए दुनिया को यह याद दिलाने की कोशिश की है कि जिंदगी में यदि संतुलन, सच्चा सुख-आनंद और शांति को बनाए रखना है तो योग ध्यान का अभ्यास उतना ही जरूरी है जितना की जिंदा रहने के लिए शुद्ध भोजन, साफ जल का संतुलित इस्तेमाल और श्वास लेना। जाहिर तौर पर ऋषि पतंजलि ने योगदर्शन के जरिए जिंदगी को हर तरह से खुशहाल और शांतिमय बनाए रखने के जरूरी सूत्र, सिद्धांत और नियम बता दिए हैं, जो बेहद रोचक, तर्कपूर्ण और विज्ञानपरक हैं। जिस तरह से योग जन-गण-मन के जीवन का आंदोलन बन गया, वह किसी युगांतरकारी चमत्कार से कम नहीं है। यह किसी युग पुरुष के जरिए विश्व समाज और मानव जीवन का कल्याण करने की ऐसी अमर गाथा है जिसे भारत का जन मानस ही नहीं, बल्कि विश्व समाज भी स्वीकार करता है कि योग के जरिए उनकी जिंदगी में नई तरह की बहार आई है। यह कौन स्वीकार नहीं करेगा कि विश्व समाज को योगमय और आयुर्वेदमय बनाने में योग ऋषि स्वामी रामदेव और बाल कृष्ण महाराज का सर्वाधिक योगदान है। दुनिया के दो सौ देशों में इस अनोखे और नियमबद्ध ज्ञान-विज्ञान को स्वामी ने अपने शिष्यों के जरिए दुनियाभर में पहुंचाने में जितना पुरुषार्थ किया है, वह अवर्णनीय है। यह है भारत की आध्यात्मिक विद्या या पूंजी का दुनियाभर में निवेश का परिणाम, जिससे दुनिया का हर व्यक्ति प्रभावित है और लाभ हासिल कर रहा है। योग दिवस हम सब को याद दिलाता है कि विकास की सरपट दौड़ लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि आतंरिक विकास के लिए दौड़ लगाना भी उतना ही जरूरी है। इस नजरिए से आज की पीढ़ी के लिए योग ध्यान की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा उपयोगी और फायदेमंद हो गई है। सोशल मीडिया के इस जमाने में जहां सब कुछ मोबाइल के एक छुअन से संभव हो रहा है, ऐसे में योग ध्यान और संयम की जरूरत कहीं ज्यादा हो गई है, जिसे रोजाना के अभ्यास या साधना के जरिए सहज रूप से हासिल किया जा सकता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

व्यक्तित्व
योगेंद्र माथुर



# बच्चों के चरित्र निर्माण में बाल साहित्य की सशक्त भूमिका

किसी भी देश के स्वस्थ विकास के लिए यह आवश्यक है कि उसके लिए ऐसे नागरिक तैयार किए जाएं, जो लोकतांत्रिक समाज व मूल्यों में आस्था रखते हों और मानवीय उच्च संस्कारों से युक्त हों। ऐसे उच्च संस्कार युक्त नागरिकों का दैदिप्यमान व्यक्तित्व समाज व देश की पहचान को नई आभा प्रदान करता है। किसी भी व्यक्ति के संस्कार व चरित्र निर्माण की नींव बाल्यावस्था में ही पड़ जाती है। एक बच्चा अपनी उम्र की आरंभिक अवस्था में जैसा देखता-सुनता व पढ़ता है, उसी से उसका व्यक्तित्व निर्माण व भविष्य निर्धारित होता है। बच्चों के उजले चेहरे देश के सुंदर भविष्य के द्योतक होते हैं। इसलिए देश भविष्य को सुंदर व सुखद बनाने के लिए बच्चों का सर्वांगीण विकास आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है। व्यक्तित्व निर्माण में सद साहित्य का महत्वपूर्ण योगदान होता है। माता-पिता व गुरु के बाद पुस्तकें व सद साहित्य ही व्यक्ति का श्रेष्ठ मार्गदर्शक होता है। पहले दादा-दादी, नाना-नानी व घर के अन्य बुजुर्गों द्वारा बच्चों को देवी-देवताओं, राजा-महाराजाओं, पशु-पक्षियों व अन्य पौराणिक व ऐतिहासिक चरित्रों को आधार बनाकर सुनाई जाने वाली कथा-कहानियां शिक्षा का एक अहम अंग हुआ करती थीं, जो मनोरंजन के साथ-साथ बच्चों के बौद्धिक, नैतिक व मानसिक विकास में सहायक बनती थी। बाद में बाल साहित्य ने भी इसमें जगह बना ली। हममें से कई लोग और हमारे पहले व बाद की पीढ़ी के भी कई लोगों ने स्वस्थ बाल साहित्य से काफी कुछ सीखा है। जीवन में ज्ञान, बुद्धि, विनय, विवेक, दया, परोपकार, सत्य, सदाचार व अहिंसा जैसे जैसे उद्दात्त नैतिक मूल्यों, गुणों, आदर्शों व सिद्धांतों का महत्व पता चला और ये हमारे व्यक्तित्व निर्माण या विकास में अत्यंत सहायक बने। हमारे ऋषि-मुनि, धर्मग्रंथकार व नीति निर्धारणकर्ता अत्यंत दूरदृष्टा थे, जिन्होंने इंसान के मनोविज्ञान को समझकर ही धर्म व नीति अनुकूल संदेश उन तक पहुंचाने के लिए कथा-कहानियों का सृजन किया। पिछले कुछ वर्षों में स्कूली शिक्षा में जो नवाचार प्रक्रिया अपनाई जाने लगी है, उनमें भी बच्चों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए कथा-कहानियों को एक माध्यम बनाया रहा है। यह एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है कि बच्चों को शिक्षा देने के तरीके मनोरंजक होना चाहिए। मनोचिकित्सकों के अनुसार किसी भी बात को मनोरंजन के जरिये बच्चों के मस्तिष्क में आसानी से पहुंचाया जा सकता है। चित्रकथा इसका अधिक बेहतर माध्यम हो सकती है। यह एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है कि बच्चों को चित्रों के माध्यम से जो जानकारी दी जाती है, उसका प्रभाव उनके मस्तिष्क पर स्थायी छाप छोड़ता है। चित्रकथा देखने-पढ़ने के बाद बालक को अर्थ ग्रहण करने की ऐसी किसी प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ता है, जैसा कि उसे किसी कहानी-कथा को सुनने या पढ़ने के बाद उसका अर्थ ग्रहण करने के दौरान गुजरना पड़ता है। इस दृष्टि से बोलते चित्रों का महत्व काफी बढ़ जाता है। अब इसे दुर्भाग्य कहा जाए या विडंबना कि आज का बच्चा टेलीविजन व वीडियो गेम की चकाचौंध में गुम होकर रह गया है। स्वस्थ बाल साहित्य से उनका दूर-दूर तक का नाता नजर नहीं आता। टेलीविजन का छोटा पर्दा हो या मोबाइल, बच्चों के स्वस्थ विकास में सहायक होने के बजाय सांस्कृतिक प्रदूषण फैलाने वाले माध्यम बन कर रह गए हैं। वर्तमान में छोटे पर्दे के अधिकांश कार्यक्रम या एनिमेशन फिल्में बच्चों में हिंसा, द्वेष व वैमनस्यता के भाव पैदा कर रही हैं और बच्चों के मन-मस्तिष्क पर आघात पहुंचा रही हैं। इससे कई सामाजिक व मनोवैज्ञानिक विकृतियां फैल रही हैं। बच्चों के स्वास्थ्य पर भी गहरा असर पड़ रहा है। इनमें मानवीय संवेदनाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए कोई जगह नजर नहीं आती। यही वजह है कि हमारे देश में बाल अपराधों की संख्या का ग्राफ दिन-ब-दिन ऊंचा उठता जा रहा है। हिंसा के साथ-साथ छोटे पर्दे व मोबाइल पर वीडियो फिल्मों आदि में प्रसारित अश्लीलता के ज्वार से किशोरावस्था में पहुंच चुके या पहुंच रहे बच्चों के कोमल मन गहरे से प्रभावित हो रहे हैं और उनकी मानसिकता व संवेदना दूषित हो रही है। यह अश्लीलता व सेक्स उन्हें न केवल लुभाने लगा है बल्कि कच्ची उम्र में ही वयस्कता के अनुभवों से 'तर' करने लगा है। पिछले कुछ वर्षों में किशोरवय बच्चों द्वारा सहपाठी या साथी अथवा अन्य मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म किये जाने की घटनाएँ भी तेजी से बढ़ीं हैं। ठीक इसी तरह नशे की प्रवृति का विकास हो रहा है और कोमल पौधे पनपने से पहले मुरझा रहे हैं। ऐसे में बच्चों को टेलीविजन व मोबाइल द्वारा फैलाए जा रहे ऐसे सांस्कृतिक प्रदूषण से बचाने के लिए शिक्षाप्रद बाल साहित्य से जोड़ा जाना नितांत आवश्यक ही नही अनिवार्य है। इस विषय मे गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन दर्शन भीतरी पराधीनता से मुक्ति



संकलित
दर्शन

स्वाधीनता किसे अच्छी नहीं लगती? हर किसी की चाह होती है सारे बंधनों से मुक्त होने की। पिंजरे में बंद पक्षी हो या रस्सी से बंधा हुआ पशु, हर प्राणी स्वतंत्रता या स्वाधीनता चाहता है। फिर मनुष्य, जिसकी चेतना इन पशु-पक्षियों से कहीं श्रेष्ठ है, भला वह क्यों नहीं चाहेगा स्वाधीन होना? इसीलिए हर सभ्यता में मनुष्य ने सदैव स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया है। तो क्या आज मानव जाति स्वाधीन है? शायद आप कहेंगे- हां। यह सही भी है, किंतु यदि हम ध्यान से देखें तो हमें समझ आ जाएगा कि सौभाग्य से मानव जाती बाह्य स्वतंत्रता तो पा चुकी है, किंतु दुर्भाग्य से आज बहुत बड़े स्तर पर भीतरी पराधीनता से त्रस्त है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम अपनी इस भीतरी पराधीनता को ही स्वाधीनता समझने लगे हैं, क्योंकि स्वाधीनता की हमारी सोच अत्यंत बचकानी हो गई है। पराधीनता दो प्रकार की होती है- बाहरी और भीतरी। बाहरी पराधीनता से स्वाधीन होना फिर भी आसान है, क्योंकि हमें बाहरी स्वाधीनता की प्रतीति होती है और हम पूरी जान लगाकर उसके लिए प्रयास करते हैं। लेकिन भीतरी पराधीनता से मुक्ति..? हमें तो अपनी इस भीतरी पराधीनता की प्रतीति तक नहीं है, फिर स्वाधीनता का प्रयास कैसे होगा? हम आज भी पराधीन हैं - कई स्तरों पर, कई रूपों में। तो क्या है यह भीतरी पराधीनता? किसके अधीन हैं हम? आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।'

## जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे?



संकलित
प्रेरणा

एक मछलीमार कांटा डाले तालाब के किनारे बैठा था। काफी समय बाद भी कोई मछली कांटे में नहीं फंसी, ना ही कोई हलचल हुई तो वह सोचने लगा... कहीं ऐसा तो नहीं कि मैने कांटा गलत जगह डाला है, यहां कोई मछली ही न हो! उसने तालाब में झांका तो देखा कि उसके कांटे के आसपास तो बहुत-सी मछलियाँथीं। उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि इतनी मछलियां होने के बाद भी कोई मछली फंसी क्यों नहीं! एक राहगीर ने जब यह नजारा देखा तो उससे कहाः लगता है भैया, यहां पर मछली मारने बहुत दिनों बाद आए हो! अब इस तालाब की मछलियां कांटे में नहीं फंसती। मछलीमार ने हैरत से पूछाः क्यों, ऐसा क्या है यहां? राहगीर बोलाः पिछले दिनों तालाब के किनारे एक बहुत बड़े संत ठहरे थे। उन्होने यहां मौन की महत्ता पर प्रवचन दिया था। उनकी वाणी में इतना तेज था कि जब वे प्रवचन देते तो सारी मछलियां भी बड़े ध्यान से सुनतीं। यह उनके प्रवचनों का ही असर है कि उसके बाद जब भी कोई इन्हें फंसाने के लिए कांटा डालकर बैठता है तो ये मौन धारण कर लेती हैं। जब मछली मुंह खोलेगी ही नहीं तो कांटे में फंसेगी कैसे? इसलिए बेहतर यहीं होगा कि आप कहीं और जाकर कांटा डालो। क्योंकि यह एक ही अनेक भयंकर परिस्थितियां पैदा करने के लिए पर्याप्त है। संत ने कितनी सही बात कही कि जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे? अगर इन्द्रिय पर संयम करना चाहते हैं तो.. इस जिह्वा पर नियंत्रण कर लेवें बाकी सब इन्द्रियां स्वयं नियंत्रित रहेंगी। यह बात हमें भी अपने जीवन में उतार लेनी चाहिए।

अंतर्मन




आज की पाती

### राष्ट्र निर्माता के रूप में गृहणियों की भूमिका

जून 2026 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक निर्णय देते हुए गृहणियों को राष्ट्र निर्माता की संज्ञा प्रदान की। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गृहणियों के योगदान को राष्ट्र निर्माण से जोड़ते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माता कहना न केवल महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है, बल्कि समाज की सोच में सकारात्मक परिवर्तन का भी संकेत है। यह महत्वपूर्ण फैसला सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ ने सुनाया। दोनों न्यायाधीशों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गृहणियां केवल घर संभालने वाली महिलाएं नहीं हैं, बल्कि वे राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। यह मामला वर्ष 2001 में पंजाब में हुई एक सड़क दुर्घटना से जुड़ा था। दुर्घटना में रेशमा नामक महिला की मृत्यु हो गई थी। उसके पति और बच्चों ने मुआवजे की मांग की थी। उच्च न्यायालय के बाद अब जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा, तो महिला के परिजनों को न्याय मिला।

- **वसुंधरा कश्यप**, राजनांदगांव

ट्रेंड


### भारत का पक्ष



एवियन में जी- 7 समिट के दौरान मेरी कई उपयोगी बैठकें और बातचीत हुईं। मुझे गवर्नेंस और पॉलिसी बनाने के अहम मुद्दों पर भारत का पक्ष और प्रयास रखने का मौका मिला।

- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### आत्मनिर्भर भारत



डिफेंस सेक्टर में 'आत्मनिर्भर भारत' की मज़बूत नींव सिर्फ़ बड़े हथियारों व प्लेटफार्म पर ही नहीं, बल्कि उनके पीछे काम करने वाले अहम पुर्जों पर टिकी है। यंत्र इंडिया इन्हीं 'बुनियादी उत्पादों' के ज़रिए देश की रक्षा क्षमताओं को मज़बूत कर आत्म निर्भरता के लक्ष्य को गति दे रहा है।

- **राजनाथ सिंह**, रक्षामंत्री

### बीजेपी सरकार की मंशा



बीजेपी सरकार की मंशा है कि कराड़ी की ज़मीन बिल्डरों को सौंपकर उसे पूरी तरह बर्बाद कर दिया जाए। कराड़ी के स्थानीय लोग अपने शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आज़ाद मैदान आना चाहते थे, लेकिन उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### निंदनीय हरकत



दूसरे राज्यों से अपराधियों को यूपी बुलाकर माहौल खराब करने की बीजेपी की हरकत बेहद निंदनीय है। सपा सांसद राजीव की कोशिशों से जनहित में "मऊ-आनंद विहार ट्रेन" शुरू की गई, लेकिन उद्घाटन के मौके पर माहौल तनावपूर्ण बना दिया गया।

-**अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

करंट अफेयर

## भारत ने संरा में पाकिस्तान को 'भस्मासुर देश' दिया करार




भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की कड़ी आलोचना करते हुए उसे 'भस्मासुर देश' करार दिया और कहा कि जब उसका 'अपना ही राक्षस उसे डसता है' तो वह हैरान रह जाता है। नयी दिल्ली ने बुधवार को यह बात इस्लामाबाद पर आतंकवादियों को ''पनाह देने, प्रशिक्षण देने और उनका इस्तेमाल करने'' का आरोप लगाते हुए कही। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने कड़ी टिप्पणी तब की जब पाकिस्तान और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) ने संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त की वार्षिक रिपोर्ट पर हुई चर्चा के दौरान जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। सिंह ने कहा, 'पाकिस्तान और ओआईसी की ओर से दिए गए संदर्भ के जवाब में भारत को उत्तर देने के इस अधिकार का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। हम पाकिस्तान के निराधार और दुर्भावनापूर्ण आरोपों को पूरी तरह से खारिज करते हैं।' उन्होंने कहा, 'हम ओआईसी की ओर से जम्मू-कश्मीर के बारे में की गई बातों को भी पूरी तरह से खारिज करते हैं... साफ तौर पर कहें तो, जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। एकमात्र अनसुलझा मुद्दा भारतीय क्षेत्रों पर पाकिस्तान का अवैध कब्ज़ा और उनका वापस किया जाना है।'

ऑफ बीट

## सूर्य हमारे अस्तित्व के लिए क्या आवश्यक है

आज इस बात के बहुत ज़्यादा सबूत नहीं हैं कि प्राचीन लोग मानते थे कि सूरज की रोशनी ही बीमारी को ठीक कर सकती है। इसके बजाय, इस बात के ज़्यादा सबूत हैं कि वे ठीक होने के लिए सूरज की गर्मी का इस्तेमाल करते थे। एबर्स पेपीरस ईसा पूर्व 1500 साल के आसपास का प्राचीन मिस्र का चिकित्सा 'स्क्रॉल' है। इसमें ''नसों को लचीला बनाने'' के लिए मरहम बनाने की विधि दी गई है। यह मरहम शराब, प्याज, कालिख, फल और पेड़ के अर्क लोबान और लोहबान से बनाया गया था। इसे लगाने के बाद, व्यक्ति को ''सूर्य के प्रकाश में रखा जाता था।'' उदाहरण के लिए, खांसी के इलाज के लिए अन्य नुस्खों में विभिन्न सामग्री को एक बर्तन में डालकर धूप में रखना शामिल था। यही तकनीक चिकित्सा लेखन में भी है जिसका श्रेय यूनानी चिकित्सक हिप्पोक्रेट्स को दिया जाता है जिनका काल लगभग 450-380 ईसा पूर्व माना जाता है। लगभग 150 ई. में आधुनिक तुर्की में सक्रिय रहे चिकित्सक एरेटियस ने लिखा था कि सूर्य का प्रकाश सुस्ती सहित कई बीमारियों को ठीक कर सकता था। इसमें वह बीमारी भी है जिसे हम आज अवसाद के रूप में पहचानते हैं। सुस्ती मिटाने का अर्थ है प्रकाश में लेटना, सूर्य की किरणों के संपर्क में आना; तथा अपेक्षाकृत गर्म स्थान में रहना।



अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# 21 जून को नीट परीक्षा में अंगूठी, चेन, कड़ा, घड़ी पहनी तो नहीं मिलेगी परीक्षा केंद्र में एंट्री

## एनटीए ने परीक्षा को लेकर जारी किए विस्तृत दिशा निर्देश, छात्रों की अनिवार्य रूप से होगी जांच

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 21 जून यानी रविवार को देशभर में एक बार फिर से होने वाली नीट-यूजी प्रवेश परीक्षा से जुड़ी सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा में कुल करीब 22.7 लाख छात्र-छात्राएं भाग लेंगी। परीक्षा का पारदर्शिता के साथ आयोजन कराने और उससे जुड़ी हुई हर छोटो-बड़ी जानकारी अभ्यर्थियों तक पहुंचाने के लिए एनटीए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं। जिनमें सबसे पहले छात्रों और अभिभावकों से परीक्षा को लेकर सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों में चल रही तमाम तरह की अफवाहों से पूरी तरह से दूर रहने की अपील की गई है। साथ ही कहा गया है वह केवल एजेंसी या किसी अन्य सरकारी माध्यम द्वारा दी जा रही आधिकारिक यानी अधिकृत जानकारी पर ही भरोसा करें।

### समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचे

एनटीए के मुताबिक, परीक्षा का आयोजन 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजकर 15 मिनट तक किया जाएगा। वहीं, परीक्षा केंद्रों पर छात्रों को सुबह 11 बजे से प्रवेश देने की शुरुआत हो जाएगी। छात्र इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले यानी 1 बजकर 30 मिनट के बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए छात्र समय पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचे।

### क्या करें, क्या न करें

-बरसात के मौसम के मद्देनजर छात्र एडमिट कार्ड को प्लास्टिक के पाउच में रखकर ला सकते हैं।
-पानी की पारदर्शी बोतल का ही इस्तेमाल करें।
-छात्र-छात्राएं हल्के व हाफ स्लीव के ही कपड़े पहनें, फुल स्लीव के कपड़े पहनने पर जांच में लगने वाले समय को ध्यान में रखते हुए समय से पहले केंद्र पर पहुंचना होगा।
-धार्मिक आस्था के प्रतीक जैसे कलावा, पगड़ी, हिजाब पहनने की अनुमति है, लेकिन सघन तलाशी ली जाएगी।
-परीक्षा केंद्र पर किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, डिवाइस को ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
-मोबाइल, स्मार्टवॉच, अंगूठी, चेन, कड़ा, ब्रेसलेट, घड़ी, नाक की लौंग, ताबीज, कान की बालियां, धूप से बचाव का चश्मा, टोपी, हेयर बैंड, बड़े आभूषण, केलकुलेटर, ब्लूटूथ डिवाइस, पेंसिल बॉक्स, बड़ी बकल वाली बेल्ट और किसी भी धातु से बनी वस्तुओं को नहीं ले जाने दिया जाएगा।
-परीक्षा केंद्र में जूते पहनकर आने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थी साधारण चप्पल या कम हील वाली सैंडल का इस्तेमाल करें।
-परीक्षा केंद्र पर प्रवेश से पहले प्रत्येक उम्मीदवार की अनिवार्य रूप से जांच की जाएगी।
- अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर अपने एडमिट कार्ड की 2 प्रिंट कॉपियां अनिवार्य रूप से लानी होंगी। उनके साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या किसी भी एक सरकारी प्रमाणपत्र की कॉपी भी लानी होगी।
-छात्रों को केंद्र पर अपना कोई पेन लेकर नहीं जाना है। उन्हें काले रंग का बाल प्वाइंट पेन दिया जाएगा।
-परीक्षा शुरू होने के आधा घंटा पहले और समाप्ति से आधा घंटा पहले छात्रों को टॉयलेट जाने की अनुमति नहीं होगी।
-अगर कोई छात्र टॉयलेट जाता है, तो उसकी दोबारा से जांच की जाएगी।

### 5 लाख से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात

परीक्षा को पारदर्शी और सुरक्षित अंदाज में कराने के लिए 5 लाख से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। साथ ही 6 हजार से अधिक पर्यवेक्षक और 674 शहर समन्वय पूरी परीक्षा प्रक्रिया पर पैनी नजर बनाए रखेंगे। पेपरलीक, नकल या किसी भी अन्य प्रकार की गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी, 10 साल तक की जेल और एक करोड़ रुपए तक जुर्माना लगाया जा सकता है। एनटीए ने उम्मीदवारों के लिए आधिकारिक चैनल शुरू किया है। आधिकारिक संदेश +91 7827980287 नंबर पर ही भेजे जाएंगे। इस बार परीक्षा देश में 500 से अधिक शहरों में 5 हजार से अधिक केंद्रों पर होगी।

## खबर संक्षेप

### अल्लू अर्जुन को 22 कोर्ट में पेश होने का आदेश



**हैदराबाद।** यहां की नामपल्ली कोर्ट ने साउथ एक्टर अल्लू अर्जुन को समन भेजा है। उन्होंने 22 जून को संध्या थिएटर भगदड़ मामले की सुनवाई के लिए उन्हें व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। चिक्कड़पल्ली पुलिस ने चार्जशीट में उन्हें आरोपी नंबर 11 बनाया है। संध्या थिएटर के प्रबंधन को भी आरोपियों में नामजद किया गया है।

### टीएमसी के 2 पूर्व मंत्रियों ने भी छोड़ दिया पद



**कोलकाता।** टीएमसी में उथल-पुथल के बीच दो पूर्व मंत्रियों ने अहम पदों से इस्तीफा दे दिया है। बंगाल के पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक ने सभी पदों से इस्तीफा दिया। वहीं एक अन्य पूर्व मंत्री और सिलीगुड़ी नगर निगम के महापौर गौतम देब ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मलिक ने खराब स्वास्थ्य के कारण पद छोड़ा।

### कर्नाटक एमएलसी चुनाव पर 3 नेता दिल्ली तलब



**नई दिल्ली।** कर्नाटक में 7 विधान परिषद सीटों के लिए हुए चुनाव में भाजपा को झटका लगा है। सीएम डीके शिवकुमार की अगुवाई में कांग्रेस ने जहां 5 सीटों पर जीत हासिल की। भाजपा 2 सीटों पर ही जीत दर्ज कर सकी। भाजपा विधायकों की क्रॉस-वोटिंग से भाजपा हाईकमान नाराज है। 23 तारीख को दिल्ली बुलाया है।

### दार्जिलिंग में अस्थायी पुल टूटा, उफनी बालासन



**दार्जिलिंग।** बंगाल के दार्जिलिंग जिले में बालासन नदी पर बना अस्थायी पुल गिर गया है। तेज बारिश से नदी उफान पर थी। यहां से होकर जाने वाले वाहनों का आवागमन बाधित हो गया है। वाहनों को डायवर्ट किया है। सिलीगुड़ी और मिरिक सब-डिविजन के बीच का आवागमन बाधित है।

## पेपर लीक पर अब कन्हैया ने घेरा केंद्र को : देश की शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया

# प्रधानमंत्री चुप्पी तोड़ें, धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा लें, इसके साथ ही एनटीए को बैन करें

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने देश की वर्तमान शिक्षा व्यवस्था और लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर चौतरफा हमला बोला है। कांग्रेस नेता डॉ. कन्हैया कुमार ने आरोप लगाया कि सरकार ने देश की शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह बर्बाद कर इसे व्यापार बना दिया है। कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य और एनएसयूआई प्रभारी डॉ. कन्हैया कुमार ने नीट परीक्षा में लगातार हो रही गड़बड़ियों का हवाला देते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को तुरंत प्रतिबंधित करने की मांग दोहराई। साथ ही कहा कि पेपर लीक के सभी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और पारदर्शी परीक्षा कराने के लिए सक्षम संस्थान स्थापित किया जाए।

### अयोग्य लोगों को कुलपति बनाया

कांग्रेस नेता ने कहा कि वर्तमान सरकार में अयोग्य लोगों को विश्वविद्यालयों का कुलपति और संस्थाओं का निदेशक बनाया जा रहा है, जिनका काम सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वाहवाही करना है। उन्होंने ओडिशा के पाठ्यक्रम में महान वैज्ञानिक को पायलट बताए जाने और राजस्थान में प्रश्न पत्र की जगह उत्तर पुस्तिका बांटे जाने जैसी घटनाओं का जिक्र करते हुए पूछा कि अशिक्षा फैलाकर विकसित भारत का लक्ष्य कैसे पूरा होगा? उन्होंने कहा कि आज युवाओं के लिए शिक्षा आसान नहीं रह गई है, लगातार पेपर लीक हो रहे हैं; जिसके लिए मोदी सरकार द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किए गए अयोग्य लोग जिम्मेदार हैं।

### यूपीएससी पर उठ रहे सवाल

कांग्रेस नेता ने कहा कि आज कोई ऐसी परीक्षा नहीं बची है, जिसका पेपर लीक न हो रहा हो; यहां तक कि अब यूपीएससी जैसी परीक्षा पर भी सवाल उठ रहा है। उन्होंने पेपर लीक के मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर भी सवाल उठाए और कटाक्ष किया कि पर्ची वाले प्रधानमंत्री के राज में पेपर लीक होना तो स्वाभाविक है। कन्हैया कुमार ने कहा कि नीट का पेपर लीक हो चुका है, अब यह परीक्षा दोबारा हो रही है। यह लगातार चौथा साल है जब नीट में गड़बड़ी की खबर आई है। उन्होंने कहा कि सिर्फ टेलीग्राम या सोशल मीडिया ऐप पर पाबंदी लगाने से पेपर लीक नहीं रुकेंगे, बल्कि इसके लिए जिम्मेदार भ्रष्ट और अयोग्य तंत्र पर सख्त कार्रवाई करनी होगी।




### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार की गारंटी नहीं

देश की मौजूदा शिक्षा व्यवस्था पर करारा प्रहार करते हुए कन्हैया कुमार ने आगे कहा कि माँ-बाप अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए जमीन और सोना गिरवी रख रहे हैं, लेकिन मोदी सरकार आम लोगों की जेब काट रही है। आज शिक्षा के कुल बजट से ज्यादा आम लोग अपनी जेब से खर्च कर रहे हैं, इसके बाद भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार की कोई गारंटी नहीं है। उन्होंने बढ़ती बेरोजगारी और शिक्षा बीच में छोड़ने की ऊंची दर का भी जिक्र किया।

### सरकार ने शिक्षा को व्यापार बना दिया

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने शिक्षा को व्यापार बना दिया है; पूरी मशीनरी चल रही है जो शिक्षा को महंगी बना रही है और उसकी पहुंच सीमित कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा जब व्यापार बन जाएगी और लोगों का बुनियादी अधिकार नहीं रहेगी तो वह वस्तु की तरह खरीदी व बेची जाएगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा शिक्षा व्यवस्था पर आम लोगों का भरोसा टूट गया है और युवाओं से सपने देखने का अधिकार छीना जा रहा है, जबकि भाजपा नेताओं के बच्चे विदेशों में पढ़ रहे हैं। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कोटा में हुई 'छात्रों की गूंज महारैली' में राहुल गांधी द्वारा दिए गए प्रस्तुतीकरण को देखने की अपील की।

### युवा गहरे अवसाद में जा रहे


कन्हैया कुमार ने छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं पर भी गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली से भरोसा उठने के कारण देश के युवा गहरे अवसाद में जा रहे हैं। कन्हैया कुमार ने कहा कि कांग्रेस सड़कों पर उतरकर पेपर लीक के खिलाफ संघर्ष करेगी और शिक्षा को व्यापार की वस्तु बनने से बचाते हुए इसे फिर से बुनियादी अधिकार बनाएगी, क्योंकि शिक्षित भारत से ही विकसित भारत का निर्माण संभव है।

### युवा कांग्रेस के महारोजगार मेला को सराहा

इस दौरान उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर एनएसयूआई द्वारा रक्तदान शिविर और युवा कांग्रेस द्वारा महारोजगार मेला आयोजित किए जाने की भी सराहना की।

## मनोहर लाल ने झारखंड सरकार के साथ विद्युत क्षेत्र और शहरी विकास योजनाओं की समीक्षा की

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय विद्युत और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को रांची में झारखंड राज्य के विद्युत क्षेत्र और शहरी विकास योजनाओं से संबंधित मामलों की समीक्षा की। इस बैठक में झारखंड सरकार के शहरी विकास एवं आवासन विभाग के मंत्री सुदिव्या कुमार सहित राज्य सरकार, भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस), डिस्कॉम के परिचालन एवं वित्तीय मानदंडों, भविष्य की विद्युत की मांग को पूरा करने के लिए संसाधन पर्याप्तता और पारेषण अवसंरचना नियोजन से संबंधित मामलों पर चर्चा की गई। उन्होंने राज्य में समग्र तकनीकी एवं वाणिज्यिक (एटी एंड सी) हानियों और आपूर्ति लागत एवं औसत राजस्व प्राप्ति (एसीएस-एआरआर) के अंतर के उच्च स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए इन्हें टिकाऊ स्तर पर लाने के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया।

मनोहर लाल ने राज्य सरकार से सरकारी वितरण कंपनियों (डीआईएसकॉम) के ऋण दायित्वों के पुनर्गठन की दिशा में प्रयास करने का आग्रह किया। साथ ही, उन्होंने सरकारी विभागों के बकाया विद्युत बिलों का समयबद्ध निपटान की आवश्यकता पर बल दिया तथा विशेष रूप से सरकारी उपभोक्ताओं एवं संस्थानों में स्थापित विद्युत मीटरों 31 अगस्त, 2026 तक प्रीपेड मीटरों में परिवर्तित करने के लिए नियमित भुगतान व्यवस्था विकसित करने का आग्रह किया।

इसके अलावा, बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं सहित उच्च भार वाले उपभोक्ताओं के लिए 31 अगस्ततक स्मार्ट मीटरों की स्थापना का कार्य पूरा किया जाए और अन्य श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए भी स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।

केंद्रीय मंत्री ने बढ़ती विद्युत मांग को पूरा करने के लिए संसाधनों की पर्याप्तता और राज्य के भीतर पारेषण योजना की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जनजातीय परिवारों के लिए ग्रिड विद्युतीकरण की प्रगति की भी समीक्षा की और राज्य सरकार से कार्यान्वयन में तेजी लाने को कहा। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत प्रगति के संबंध में राज्य सरकार से कार्यान्वयन में तेजी लाने और दोनों योजनाओं के लक्ष्यों को पूरा करने का आग्रह किया गया। राज्य सरकार के भवनों की छतों पर प्राथमिकता के आधार पर रूफटॉफ सौर संयंत्र स्थापित करने की सलाह दी, जिससे ग्रिड से विद्युत की मांग कम होने के कारण राज्य के बजट पर वित्तीय बोझ कम करने में मदद मिलेगी।

## वीबी-जी राम जी के कार्यान्वयन में सहयोग के लिए 100 से अधिक क्षेत्रीय अधिकारियों की तैनाती होगी

राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों की सहायता के लिए तैनात किए जा रहे अधिकारी क्षमता निर्माण और सुचारू संचालन को सुगम बनाने में सहायता करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

ग्रामीण विकास मंत्रालय 1 जुलाई, 2026 को विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 के लागू होने से पहले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सहायता प्रदान करने के लिए देश भर में 100 से अधिक क्षेत्रीय अधिकारियों को तैनात करेगा। इसे अधिनियम के सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया जा रहा है।

क्षेत्रीय अधिकारी कार्यान्वयन के चरण के दौरान सुविधादाता और संसाधन व्यक्ति के रूप में कार्य करेंगे, कार्यान्वयन में सहयोग, स्थानीय क्षमताओं को मजबूत, ज्ञान साझाकरण को सुगम, परिचालन संबंधी चुनौतियों का समाधान और अच्छी प्रथाओं को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकारों और जिला प्रशासनों के साथ संयुक्त रूप से कार्य करेंगे।

अधिकारियों को इस भूमिका के लिए प्रशिक्षित करने हेतु ग्रामीण विकास विभाग ने अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं, कार्यान्वयन ढांचे, संस्थागत व्यवस्थाओं, प्रौद्योगिकी-आधारित शासन प्रणालियों और राज्यों एवं जिलों को उपलब्ध सहायता तंत्रों को शामिल करते हुए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण विकास सचिव रोहित कंसल ने की। संयुक्त सचिव रोहिणी आर. भाजीभाकरे ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया।

क्षेत्रीय अधिकारी राज्य सरकारों, जिला प्रशासनों और जमीनी स्तर के अधिकारियों के साथ वार्तालाप करेंगे ताकि कार्यान्वयन संबंधी आवश्यकताओं को समझा जा सके, अनुभवों और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान को सुगम बनाया जा सके।

## एनएचएआई ने राजस्थान की पहली मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोलिंग प्रणाली का किया शुभारंभ

दिल्ली-जयपुर खंड पर दौलतपुरा टोल प्लाजा पर शुरू हुई मल्टी-लेन फ्री फ्लो आधारित टोलिंग

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

देश में इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली को बदलने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राजस्थान में एनएच-48 के दिल्ली-जयपुर खंड पर स्थित दौलतपुरा टोल प्लाजा पर मल्टी-लेन फ्री फ्लो आधारित टोलिंग प्रणाली का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया है। एमएलएफएफ प्रणाली न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ बाधा रहित टोलिंग की सुविधा प्रदान करती है, जिससे वाहन बिना रुके टोल चौकियों से गुजर सकते हैं । दौलतपुर में इस प्रणाली के शुभारंभ के बाद एनएचएआई अब शाहजहांपुर और मनोहरपुर के टोल प्लाजा को भी एमएलएफएफ प्रणाली में परिवर्तित करने की योजना बना रहा है, जिससे व्यस्त दिल्ली-जयपुर खंड पर यात्रा और अधिक सुगम तथा अवरोध-मुक्त हो जाएगा।

यह प्रणाली स्वचालित नंबर प्लेट पहचान प्रौद्योगिकी को फास्टैग आधारित इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली के साथ एकीकृत करती है, जिससे न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ स्वचालित रूप से उपयोगकर्ता शुल्क का संग्रह किया जा सके। इससे पहले, एनएचएआई ने गुजरात में एनएच-48 के सूरत-भरूच खंड पर स्थित चोरायासी टोल प्लाजा और दिल्ली में अर्बन एक्सटेंशन रोड-II पर स्थित मुंडका बक्करवाला टोल प्लाजा पर एमएफएलएफ आधारित टोलिंग प्रणाली का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया था। एमएफएलएफ प्रणाली का कार्यान्वयन डिजिटल राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाता है। शून्य प्रतीक्षा समय और निर्बाध वाहन आवागमन को सक्षम बनाकर एमएफएलएफ ने यात्रियों को समय बचाने, ईंधन दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ टोल स्थानों पर वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को कम करने में मदद की है।

एमएलएफएफ प्रणाली का निर्बाध लाभ लेने के लिए उपयोगकर्ताओं को अपने फास्टैग खाते में पर्याप्त शेष राशि बनाए रखना आवश्यक है। यदि फास्टैग में अपर्याप्त शेष राशि हो, फास्टैग अमान्य हो या कार्य नहीं कर रहा हो, तो उपयोगकर्ता शुल्क का भुगतान न होने स्थिति में संबंधित वाहन मालिक को इलेक्ट्रॉनिक नोटिस (ई-नोटिस) जारी किया जाता है। ऐसे उपयोगकर्ताओं को ई-नोटिस के 72 घंटों के भीतर सामान्य उपयोगकर्ता शुल्क का भुगतान करना होगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने एक्सीडेंट क्लेम मामले में की टिप्पणी

# फुटपाथ पर चलना मौलिक अधिकार रखरखाव के लिए निकाय जिम्मेदार

## केंद्र सरकार इस पर कानून बनाए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि फुटपाथ पर चलने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। साथ ही कोर्ट ने केंद्र सरकार से इसे लेकर एक कानून बनाने को कहा। साथ ही पैदल चलने वालों के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने, उसकी सीमा तय करने और उसके रखरखाव के लिए नगर निकायों और स्थानीय संस्थाओं की जिम्मेदारी को मान्यता दें।जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और अतुल एस. चंदुरकर की बेंच ने कहा



कि पैदल चलने का अधिकार मौलिक अधिकार है। यह आने-जाने की आजादी के अधिकार का एक अहम हिस्सा है। पैदल चलने के मौलिक अधिकार में तय फुटपाथ का अधिकार भी शामिल होगा। इन्हें मोटर वाले वाहनों से आने-जाने की तुलना में प्राथमिकता दी जाएगी।

### पैदल चलना जीवन का एक अहम हिस्सा

फुटपाथ पर चलने का मौलिक अधिकार सह-संबंधी कर्तव्य है। अगर सड़कें बनाई गई हैं, तो यह पक्का करना जिम्मेदारी है कि पैदल चलने वालों के लिए तय किए गए और अच्छी तरह से बनाए रखे गए फुटपाथ हों। शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम, नगरपालिकाएं और पंचायतें भी जिम्मेदार हैं, उन्हें पैदल चलने वालों के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे को तय करने, बनाने और सुरक्षित रखने की कोशिश करनी चाहिए।

### अहमदाबाद एआई-171 विमान हादसे पर नई थ्योरी आई सामने

# विमान क्रैश की वजह बिजली की खराबी थी, सबूत भी दिए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स (एफआईपी) ने अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद एयर इंडिया बोइंग फ्लाइट एआई-171 के दुखद क्रैश से जुड़ी आधिकारिक बात को चुनौती दी है। उनका दावा है कि नए सिम्युलेटर डेटा से पता चलता है कि क्रैश की वजह पायलट की अनदेखी नहीं बल्कि सिस्टम में बिजली की बड़ी खराबी थी। एफआईपी के अध्यक्ष कैप्टन सीएस रंधावा ने कहा कि उचित पड़ताल नहीं की गई है।



नए सिम्युलेटर डेटा से पायलट संगठन का दावा

### जान-बूझकर छिपाई गई जानकारी

एफआईपी के अध्यक्ष कैप्टन सीएस रंधावा ने दावा किया कि जांचकर्ताओं ने जरूरी तकनीकी सबूतों को नजरअंदाज किया और नतीजे को सही साबित करने प्रमुख विमानन विशेषज्ञों को जानबूझकर अलग रखा। अंतरिम रिपोर्ट में दावा किया गया था कि फ्लाइट-क्रू ने एक सोची-समझी आत्महत्या की योजना के तहत जानबूझकर इंजन की फ्यूल सप्लाई बंद कर दी थी।

### सिम्युलेटर टेस्ट में मिले अलग नतीजे

मैन्युअल रूप से बंद करने की वजह से विमान का 'रैम एयर टर्बाइन' ठीक चार सेकंड बाद नीचे गिर गया। 'रैम एयर टर्बाइन' एक बैकअप पावर सिस्टम है, जो पूरी तरह से बिजली जाने पर अपने आप चालू हो जाता है। हालांकि, रंधावा ने कहा कि एफआईपी ने हाल ही में उस फ्लाइट के वजन, बैलेंस और मौसम की स्थितियों को हूबहू दोहराते हुए विस्तृत सिम्युलेटर टेस्ट किए। उन्होंने कहा कि नतीजों ने आधिकारिक टाइमलाइन को पूरी तरह से गलत साबित कर दिया है।

### इंजन बंद होने के पहले विमान खराब हो गया

एफआईपी का तर्क है कि बैकअप टर्बाइन इतनी तेजी से इसलिए चालू हुआ क्योंकि इंजन बंद होने से पहले ही बिजली की एक बड़ी खराबी ने विमान को बेकार कर दिया था। इसी सिस्टम की खराबी ने इंजन स्विच को ट्रिप किया और आखिरकार विमान क्रैश हो गया। एफआईपी ने यह भी कहा कि एकमात्र व्यक्ति ने बताया था कि विमान के नीचे गिरने से ठीक पहले केबिन की लाइटें टिमटिमा रही थीं और धीमी हो रही थीं, यह जानकारी अचानक और बड़े पैमाने पर बिजली जाने की एफआईपी की थ्योरी से पूरी तरह मेल खाती है।

## आरबीआई के एक लाख करोड़ रुपये के वीआरआर को सुस्त प्रतिक्रिया

# आरबीआई के वीआरआर नीलामी में बैंकों की मांग सुस्त, अधिशेष घटने से उत्साह नहीं

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक लाख करोड़ रुपये की तीन दिन की 'परिवर्ती दर रेपो' (वीआरआर) नीलामी को शुक्रवार को बैंकों की सुस्त प्रतिक्रिया मिली जो अल्पकालिक धन की सीमित आवश्यकता का संकेत देती है।

केंद्रीय बैंक को वीआरआर नीलामी में बैंकों से एक लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले 16,750 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं। आरबीआई ने नीलामी में पूरी राशि को 5.26 प्रतिशत की 'कट-ऑफ' और भारित औसत दर पर स्वीकार कर लिया। बैंकिंग प्रणाली में नकदी की स्थिति अधिशेष में बनी रही, हालांकि इसका स्तर अपेक्षाकृत कम रहा।

### अल्पाकालिक धन की मांग सीमित

वीआरआर नीलामी में कम भागीदारी यह संकेत देती है कि आरबीआई द्वारा परिवर्तनीय दर रेपो परिचालन के माध्यम से नकदी समर्थन दिए जाने के बावजूद बैंकों में अल्पकालिक धन की मांग सीमित रही।आरबीआई अल्पकालिक नकदी प्रबंधन और ओवरनाइट दरों को नीतिगत दर गलियारे के अनुरूप बनाए रखने के लिए वीआरआर नीलामियां आयोजित करता है।

### 18 जून को नकदी अधिशेष करीब 19,163 करोड़ रुपये रहा

आरबीआई के पास उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 18 जून तक प्रणाली में नकदी अधिशेष करीब 19,163.11 करोड़ रुपये रहा। पिछले दिन की तुलना में नकदी की स्थिति में मामूली सुधार हुआ, लेकिन यह अब भी कम स्तर पर बनी रही, जो बैंकिंग प्रणाली में अपेक्षाकृत सख्त परिस्थितियों को दर्शाती है।

- अल्पकालिक धन की सीमित आवश्यकता का संकेत
- अधिसूचित राशि के मुकाबले 16,750 करोड़ रुपए की बोलियां मिली
- नीलामी में पूरी राशि को 5 .26 प्रतिशत को कट ऑफ पर स्वीकार किया गया



### अलग-अलग ब्याज दर पर बैंकों को पैसा उधार दिया जाता है

यह वीआरआर की व्यवस्था के तहत बैंकों को अलग-अलग ब्याज दरों पर बोली के जरिये पैसा उधार देता है। नकदी दबाव को कम करने और ओवरनाइट मनी मार्केट दरों को नियंत्रित रखने के लिए केंद्रीय बैंक ने पिछले कुछ दिनों में विभिन्न अवधियों की वीआरआर नीलामी के जरिए करीब 1.89 लाख करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली है।

### 18 जून को दो नीलामी की गई

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, इसमें 18 जून को दो नीलामियों के जरिये 72,300 करोड़ रुपये, 16 जून को सात दिन की वीआरआर नीलामी के जरिए 89,440 करोड़ रुपये और 15 जून को ओवरनाइट नीलामी के जरिये डाले गए 28,220 करोड़ रुपये शामिल हैं।

### मुद्रास्फीति के व्यापक फैलाव को लेकर रहना होगा सतर्क

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने महीने की शुरुआत में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के दौरान आने वाले समय में मुद्रास्फीति के व्यापक फैलाव को लेकर सतर्क रहने की जरूरत बतायी। मल्होत्रा ने नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखने के पक्ष में मतदान करते हुए यह बात कही थी।

### रेपो दर 5.25 फीसदी पर रखने का फैसला

आरबीआई ने तीन से पांच जून के बीच हुई एमपीसी बैठक की कार्यवाही का ब्योरा शुक्रवार को जारी किया। समिति के अन्य पांचों सदस्यों ने भी नीतिगत रेपो दर को अपरिवर्तित रखने के पक्ष में मतदान किया था। एमपीसी ने रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखने का फैसला किया था।

### विदेशी पूंजी आकर्षित करने कई कदम घोषित

बैठक के दौरान पश्चिम एशिया में लंबे समय से जारी संघर्ष के कारण वृद्धि और महंगाई पर बढ़ते जोखिमों के बीच विदेशी पूंजी आकर्षित करने और रुपये को समर्थन देने के लिए कई कदमों की घोषणा की गई थी। ब्योरे के मुताबिक, एमपीसी बैठक के दौरान मल्होत्रा ने कहा कि महंगाई और वृद्धि के अनुमानों को लेकर अनिश्चितता अधिक है।

## री-नीट परीक्षा के लिए रेलवे द्वारा 07 स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा री-नीट परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु 07 परीक्षा स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि गाडी संख्या 09741, रेवाडी-बठिण्डा परीक्षा स्पेशल रेलसेवा दिनांक 20.06.26 को रेवाडी से 22.30 बजे रवाना होकर अगले दिन 06.50 बजे बठिण्डा पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09742, बठिण्डा-रेवाडी परीक्षा स्पेशल रेलसेवा दिनांक 21.06.26 को बठिण्डा से 19.45 बजे रवाना होकर अगले दिन 03.20 बजे रेवाडी पहुँचेगी। गाडी संख्या 04843, बाडमेर-भगत की कोठी परीक्षा स्पेशल रेलसेवा दिनांक 21.06.26 को बाडमेर से 05.30 बजे रवाना होकर 09.30 बजे भगत की कोठी पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04844, भगत की कोठी-बाडमेर परीक्षा स्पेशल रेलसेवा दिनांक 21.06.26 को भगत की कोठी से 19.20 बजे रवाना होकर 23.30 बजे बाडमेर पहुँचेगी। गाडी संख्या 04841, भगत की कोठी-जयपुर एक तरफा परीक्षा स्पेशल रेलसेवा दिनांक 21.06.26 को भगत की कोठी से 18.35 बजे रवाना होकर रात्रि 00.45 बजे जयपुर पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में जोधपुर, राईकाबाग, बनाड, गोटन, मेडता रोड, डेगाना, मकराना, कुचामन सिटी व फुलेरा स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाडी संख्या 09643, मदार-रेवाडी एक तरफा परीक्षा स्पेशल रेलसेवा दिनांक 20.06.26 को मदार से 17.00 बजे रवाना होकर रात्रि 01.00 बजे रेवाडी पहुँचेगी।

## इन्फ्रास्ट्रक्चर, बिजनेस डेवलपमेंट एवं सस्टेनेबिलिटी पहलों की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री प्रवीण कुमार ने गुरुवार को वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के न्यू दादरी से न्यू डाबला तक विभिन्न इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं एवं बिजनेस डेवलपमेंट पहलुओं का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कामकाज को अधिक प्रभावी बनाने, फ्रेट ट्रांसपोर्टेशन क्षमता को बढाने तथा रिन्यूएबल एनर्जी को और कैसे बेहतर किया जा सकता है उसकी समीक्षा की गई। श्री प्रवीण कुमार ने अपने दौरे की शुरुआत न्यू दादरी से की, जहां उन्होंने आरओबी-191एच तथा आईएमडी बिल्डिंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजनाओं के विभिन्न तकनीकी एवं परिचालन पहलुओं की समीक्षा की तथा अधिकारियों को सभी औपचारिकताएँ पूरी करने के बाद इसे शुरु करने का निर्देश दिए। उन्होंने आईएमडी सुविधा की तैयारियों की भी समीक्षा की तथा इसके शीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कई अन्य दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रगति एवं लंबित कार्यों की स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने रेल कार के माध्यम से न्यू दादरी–न्यू रेवाड़ी सेक्शन का निरीक्षण किया, जिसके दौरान उन्होंने विभिन्न बिजनेस डेवलपमेंट पहलों की समीक्षा की तथा फ्रेट ट्रैफिक बढ़ाने एवं कॉरिडोर यूटिलाइजेशन को और बेहतर बनाने पर चर्चा किया।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियन्ता/डीजल, उत्तर रेलवे, डीजल लोको शेड, तुगलकाबाद के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा केवल निर्धारित निविदा दस्तावेज में ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएगी।

| | |
|---|---|
| कार्य विवरण | "कन्वेंशनल इलेक्ट्रिक लोको के लिए 5400 KVA ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत – @19.22 लाख प्रति यूनिट" |
| काम की जगह | डीजल शेड, तुगलकाबाद, नई दिल्ली – 110044 |
| समापन की अवधि | 01 साल |
| अनुमानित लागत राशि | ₹ 41,35,901.68/– GST सहित (इकतालीस लाख पैंतीस हजार नौ सौ एक और अड़सठ पैसे मात्र GST सहित) |
| बयाना राशि | ₹ 82,700/– (रु. बयासी हजार सात सौ मात्र) |
| तकनीकी योग्यता मापदंड | तकनीकी योग्यता मापदंड का विवरण निविदा फॉर्म के दूसरी शीट के खंड 10 पर दिया गया है। |
| वित्तीय योग्यता मापदंड | वित्तीय योग्यता मापदंड का विवरण निविदा फॉर्म के दूसरी शीट के खंड 10 पर दिया गया है। |
| ई–निविदा प्रपत्र प्राप्त करने व अपलोड करने की वेबसाइट | www.ireps.gov.in |
| ई–निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय | 10.07.2026 को 12:00 बजे तक |
| ई–निविदा खुलने की तिथि व समय | 10.07.2026 को 12:00 बजे के बाद |
| निविदा की वैधता | निविदा खुलने से 60 दिन |
| विनिधान | पी.एच.–21 |

निविदा प्रपत्र भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। विस्तृत कार्य विवरण, कार्य अनुभव और नियम व शर्तों के लिए कृपया निविदा प्रपत्र का अवलोकन करें।

निविदा सूचना सं.: टी.के.डी.–5400 के.वी.ए.–ट्रांस.–आर.एस.पी.26
दिनांक 18.06.2026 2108/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## आईटी शेयरों में बिकवाली से पांच दिनों की तेजी थमी

मुंबई। वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी एक्सेंचर के सतर्क आय अनुमान और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आईटी शेयरों में भारी बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार पांच दिनों की तेजी के बाद शुक्रवार को गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 607 अंक और निफ्टी में 155 अंक की गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों के मुताबिक, स्विट्जरलैंड में अमेरिका-ईरान शांति समझौते को अंतिम रूप देने के लिए प्रस्तावित वार्ता के टलने से उत्पन्न नई अनिश्चितता ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 607.08 अंक टूटकर 76,802.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 940.26 अंक तक लुढ़क गया था। वहीं निफ्टी 154.90 अंक गिरकर 24,013.10 अंक पर बंद हुआ। इस तरह घरेलू बाजारों में पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गई। शुक्रवार को सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इन्फोसिस का शेयर 6.69 प्रतिशत टूटा। इसके अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 3.53 प्रतिशत, एचसीएल टेक 2.74 प्रतिशत और टेक महिंद्रा 2.45 प्रतिशत नीचे बंद हुए। एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और हिंदुस्तान यूनिलीवर भी नुकसान में रहे।

## रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 94.34 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को शुरुआती बढ़त खोते हुए अंत में छह पैसे मजबूत होकर 94.34 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। डॉलर में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी ने निवेशकों की धारणा पर दबाव डाला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपया शुरुआत में सकारात्मक रुख के साथ खुला था। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता में तेजी आने की उम्मीद के बीच घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। हालांकि, अमेरिकी-ईरान शांति समझौते को लेकर अनिश्चितता के बीच बाजार धारणा कमजोर हो गई।

## सोना 2,840 रुपये टूटा, चांदी भी 8,040 रुपये फिसली

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत में लगातार चौथे दिन गिरावट जारी रही और यह 2,840 रुपये टूटकर 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गयी। वहीं, चांदी की कीमत 8,040 रुपये लुढ़क कर 2.4 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के दो महीने से अधिक के निचले स्तर पर रही। मुख्य रूप से डॉलर के मजबूत होने से कीमती धातुओं में बिकवाली हुई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,840 रुपये टूटकर 1,50,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर रही। बृहस्पतिवार को यह 1,53,440 रुपये प्रति 10 ग्राम पर थी। चांदी में भी बड़ी गिरावट देखी गई और यह 8,040 रुपये टूटकर 2,40,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गयी। पिछले सत्र में यह 2,48,740 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। चांदी ने सात अप्रैल को भी इसी स्तर के आसपास कारोबार किया था। उस समय इसकी कीमत 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। विश्लेषकों का कहना है कि सर्राफा बाजार दबाव में रहा क्योंकि निवेशकों ने डॉलर को प्राथमिकता दी। ऐसी संभावना है कि अमेरिका की प्रमुख ब्याज दर लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तः **श्वेता गोगिया**, पत्नीः **मोहित गोगिया**, निवासीः **मकान नंबर 6/8, ग्राउंड फ्लोर, ईस्ट पटेल नगर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **Case FIR No. 76/2025 दिनांक 11.06.2025, FIR No. 86/2025 दिनांक 30.06.2025, FIR No. 87/2025 दिनांक 30.06.2025, FIR No.134/2025 दिनांक 16.10.2025 & FIR No.135/2025 दिनांक 16.10.2025, All FIRs U/S 318(4), 316(2), 336(3), 338, 340(2), 341(1), 342, 238(b), 61(2) BNS** के तहत एक मामला **थाना आर्थिक अपराध शाखा, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **श्वेता गोगिया** नहीं मिली या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **श्वेता गोगिया** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **Case FIR No. 76/2025 दिनांक 11.06.2025, FIR No. 86/2025 दिनांक 30.06.2025, FIR No. 87/2025 दिनांक 30.06.2025, FIR No.134/2025 दिनांक 16.10.2025 & FIR No.135/2025 दिनांक 16.10.2025, All FIRs U/S 318(4), 316(2), 336(3), 338, 340(2), 341(1), 342, 238(b), 61(2) BNS, थाना आर्थिक अपराध शाखा, दिल्ली** के अभियुक्त **श्वेता गोगिया**, को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 04.08.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, रेणु चौधरी,
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (विशेष अधिनियम),
केंद्रीय जिला, कमरा नंबर 38, ग्राउंड फ्लोर,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली।

DP/8241/EOW/2026
(अदालती मामला)



**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**आनन्द विहार (ट.) – मऊ जं. – आनन्द विहार (ट.) नई एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का शुभारम्भ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा आनन्द विहार (ट.) – मऊ जं. – आनन्द विहार (ट.) स्टेशनों के बीच रेलगाड़ी सं. **14056/14055** नई (साप्ताहिक) एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन का निर्णय लिया गया है जिसकी समय–सारणी एवं ठहराव निम्नानुसार होंगे :–

**रेलगाड़ी संख्या 14056/14055 आनन्द विहार (ट.) – मऊ जं. – आनन्द विहार (ट.) एक्सप्रेस ट्रेन (साप्ताहिक)**

| रेलगाड़ी संख्या : 14056 | | स्टेशन | रेलगाड़ी संख्या : 14055 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 15:00 | आनन्द विहार (ट.) | 03:00 | -- |
| 20:00 | 20:05 | कानपुर सेन्ट्रल | 20:10 | 20:15 |
| 22:50 | 22:55 | प्रयागराज जं. | 17:20 | 17:25 |
| 00:16 | 00:18 | जंघई जं. | 14:43 | 14:45 |
| 01:28 | 01:30 | जौनपुर जं. | 13:38 | 13:40 |
| 03:15 | 03:25 | शाहगंज जं. | 12:55 | 13:00 |
| 03:48 | 03:50 | खोरासन रोड | 11:55 | 11:57 |
| 04:20 | 04:25 | आजमगढ़ | 11:15 | 11:20 |
| 04:48 | 04:50 | मुहम्मदाबाद | 10:53 | 10:55 |
| 05:45 | -- | मऊ जं. | -- | 10:30 |

चलने के दिनः 14056 आनन्द विहार (ट.) से (प्रत्येक बुधवार) दिनांक 24.06.2026 से एवं 14055 मऊ जं. से (प्रत्येक गुरूवार) दिनांक 25.06.2026 से।

स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App. देखें

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2117/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## सोनालीका का 2027 में मई की अब तक की सर्वाधिक 17,204 कुल ट्रैक्टर बिक्री के साथ शानदार प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष 2027 में अपनी रफ्तार को और तेज करते हुए मई की अब तक की सर्वाधिक 17,204 ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की है और 21% वृद्धि दर्ज करते हुए उद्योग के प्रदर्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। सोनालीका की यह नई उपलब्धि किसानों को 'जीतने का दम' देने पर ब्रांड के निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है और भारत को कृषि महाशक्ति बनाने की दिशा में कंपनी की महत्त्वपूर्ण भूमिका को और मजबूत करती है। कंपनी ने भारत में आगामी खरीफ सीजन की तैयारी के उपलक्ष में 17,029 ट्रैक्टरों का अब तक का सर्वाधिक मासिक उत्पादन भी दर्ज किया है।मानसून दशकों से भारतीय कृषि में आशावाद बढ़ाने वाला एक महत्वपूर्ण कारक रहा है। हालांकि, किसान अब सिंचाई की बढ़ती तीव्रता पर भरोसा कर रहे हैं और बेहतर फसल प्रबंधन और अधिक उत्पादन के लिए तकनीकी रूप से उन्नत ट्रैक्टरों की तलाश कर रहे हैं। भविष्य के लिए तैयार ट्रैक्टरों द्वारा 'जीतने का दम' देने के अपने दृढ़ विश्वास के साथ, सोनालीका ट्रैक्टर्स अपने विश्व के नंबर 1 ट्रैक्टर प्लांट में विशेषज्ञ इंजीनियरिंग और सबसे ताकतवर इंजनों से लैस ट्रैक्टरों के साथ किसानों के लिए प्रतिबद्ध है।


**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) अभिषेक हुड्डा,** पुत्र महेंद्र, निवासी H.No. T-145, इंदिरा कॉलोनी, नरेला, दिल्ली **(2) चिराग** उर्फ **काला,** पुत्र अशोक, निवासी स्वतंत्र नगर, गली नंबर 11B, बंकनेर, दिल्ली **(3) रोहित,** पुत्र सुरेश, निवासी खसरा नंबर 44/16, गली नंबर 11B, स्वतंत्र नगर, नरेला, दिल्ली **(4) शब्द,** पुत्र संदीप, निवासी गांव हामिदपुर, अलीपुर, दिल्ली **(5) इशांत** उर्फ **इशू,** पुत्र अलीशेर, निवासी पाना उद्यान, नरेला, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 57/26 धारा 109(1)/126(2)/115(2)/303(2)/324(4)/190/ 191(2)/351(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता** थाना **नरेला इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि **उक्त अभियुक्त** मिल नहीं रहे हैं, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **उक्त अभियुक्त** फरार हो गए हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। इनके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा **धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता** की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 57/26 धारा 109(1)/126(2)/115(2)/303(2)/324(4)/190/191(2)/351(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता** थाना **नरेला इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली** के उक्त अभियुक्तों **(1) अभिषेक हुड्डा (2) चिराग** उर्फ **काला (3) रोहित (4) शब्द 5) इशांत** उर्फ **इशू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **22.08.2026** को हाजिर हों।

**आदेशानुसारः श्री साहिल गुप्ता,**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-07,**
**उत्तर, कोर्ट नंबर 6, भू-तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली।**

DP/8282/ON/2026


## राशिफल

**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान–सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** — पठन–पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान–सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान–सम्मान मिलेगा। शासन–सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## तनिष्क द्वारा 'सोल्स इन सिम्फनी' प्राकृतिक हीरों का कलेक्शन पेश




**बैंगलुरु।** भारत का सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड और टाटा समूह का एक हिस्सा, तनिष्क ने अपना सबसे नया, प्राकृतिक हीरों का कलेक्शन, 'सोल्स इन सिम्फनी पेश किया है। 100 प्रतिशत प्राकृतिक हीरों और प्राकृतिक जेमस्टोन्स से बने इस कलेक्शन को आज के दौर की महिलाओं के आपसी जुड़ाव और दोस्ती को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह कलेक्शन बदलते रिश्तों, साथ में बिताए अनुभवों और उन गहरे जुड़ावों को दर्शाता है, जो आज की महिलाओं की जिन्दगी को नया रूप देते हैं। प्राकृतिक हीरों के आभूषणों में ग्राहकों की दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। तनिष्क इस श्रेणी में अपनी बढ़त को और मजबूत कर रहा है। यह मजबूती तनिष्क की बेहतरीन कारीगरी और आधुनिक डिजाइनों से आती है।



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद भिवानी | समाधान शिविर शिकायत दिनांक 15.01.2026 के तहत सेक्टर-13, 23, 21 और 26 सहित मण्डी टाउनशिप अथवा एमसीएस क्षेत्र में विभिन्न गली नम्बर प्लेट्स में मकान नम्बर प्लेट्स का प्रावधान व फिक्सिंग + 4 कार्य। | 18.06.2026 26.06.2026 | 2,71,89,998/- | https://etenders.hry.nic.in | 99966295555 me.mcbhiwani@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2027/60/46386/I/88/7 दि. 19.06.26


## शब्द पहेली - 6262




**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा -2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -6261 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | | म | | प | र | दा | न | शी |
| पू | | क | ल | श | | छ | बी | ल | | त |
| त | ल | | | व | | ता | | | सा | ल |
| | ल | | धा | रा | प्र | वा | ह | | व | |
| म | क | ब | रा | | था | | म | हा | न | ता |
| | | | वा | दा | | मा | स | | | |
| ह | म | रा | ही | | पा | | फ | र | मा | न |
| | यू | | क | हा | नी | का | र | | य | |
| ख | र | | | थी | | र | | | का | न |
| प | | ब | र | खा | | ना | र | द | | य |
| त | र | स | खा | ना | | मा | | म | न | न |



# मैक्सिको नॉकआउट में जाने वाली पहली टीम

## साउथ कोरिया को हराया



मैक्सिको के फैंस ने खचाखच भरे स्टेडियम में टीम के सपोर्ट में लगाए नारे



एजेंसी ▶▶| गुआडालाजारा

लुइस रोमो ने दक्षिण कोरिया की रक्षात्मक चूक का फायदा उठाते हुए गोल दागा, जिससे सह मेजबान मैक्सिको 1-0 से जीत हासिल करके मौजूदा विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। मैच जब गोलरहित बराबरी पर चल रहा था तब खेल के 58वें मिनट में दक्षिण कोरिया के गोलकीपर किम सेउंग-ग्यू और डिफेंडर ली गी-ह्युक के बीच टक्कर होने से गेंद पेनल्टी एरिया के अंदर छूट गई। रोमो के पास यह सुनहरा मौका था और उन्होंने गेंद को आसानी से खाली नेट में डालकर गोल कर दिया, जो बाद में निर्णायक साबित हुआ। यह उस टीम के लिए एक बड़ी जीत है, जो 2022 में ग्रुप चरण में जीत हासिल करने में नाकाम रही थी और अब उसने घरेलू मैदान पर उत्साहित दर्शकों के सामने दो बार जीत हासिल की है।

### दर्शकों ने खचाखच भरे स्टेडियम में जयकारे लगाए

मैक्सिको के खिलाड़ियों ने मैदान पर जश्न मनाया जबकि दर्शकों ने एस्टाडियो एक्रोन के खचाखच भरे स्टेडियम में जयकारे लगाए और गीत गाए। खिलाड़ियों ने प्रशंसकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। दक्षिण कोरिया ने 87वें मिनट में लगभग बराबरी कर ली थी लेकिन मैक्सिको के गोलकीपर राउल रेंगल ने दो शानदार बचाव करके खतरे को टाल दिया था। उन्होंने पहले चो ग्वे-सुंग के करीब से किए गए हेडर को रोका और फिर रिबाउंड पर यांग ह्यून-जून के प्रयास को और भी बेहतर तरीके से नाकाम किया।

## मंजांबी ने लगाया वॉली शाट, दागा पहला गोल

स्विट्जरलैंड ने बोस्निया हर्जेगोविना को हराया



**इंगलवुड।** स्थानापन्न खिलाड़ी योहान मंजांबी के दो गोल की मदद से स्विट्जरलैंड ने विश्व कप फुटबॉल की ग्रुप बी के मैच में बोस्निया-हर्जेगोविना पर 4-1 से जीत शानदार जीत हासिल की। मंजांबी ने मैदान पर उतरने के तीन मिनट बाद ही मैच के 74वें मिनट में एक शानदार वॉली शॉट लगाकर विश्व कप में अपना पहला गोल किया। यह स्विट्जरलैंड का मैच में पहला गोल भी था। इसके बाद उसने गोल की झड़ी लगाकर ग्रुप बी में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। बोस्निया के टैरिक मुहारेमोविच को खतरनाक टैकल के लिए लाल कार्ड दिखाए जाने के कारण उसकी टीम को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, जिसका स्विट्जरलैंड ने पूरा फायदा उठाया। रुबेन वर्गास ने इसके कुछ देर बाद 84वें मिनट में स्विस टीम के लिए दूसरा गोल किया। मंजांबी ने वर्गास के पास पर 90वें मिनट में फिर से गोल किया, जबकि कप्तान ग्रैनिट ज़ाका ने इंजरी टाइम के सातवें मिनट में पेनल्टी पर से गोल दागकर अपनी टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। इस बीच एर्मिन महमिच ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में बोस्निया के लिए गोल किया।



## डेविड ने लगाई हैट्रिक कनाडा की पहली जीत

कतर को 6-0 से दी करारी शिकस्त

*वैंकूवर।* *जोनाथन डेविड ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच हैट्रिक लगाई, जिससे कनाडा ने कतर को 6-0 से करारी शिकस्त देकर विश्व कप फुटबॉल के इतिहास में अपनी पहली जीत दर्ज की और नॉकआउट राउंड में अपनी जगह लगभग सुनिश्चित कर ली। कतर के दो खिलाड़ियों को लाल कार्ड मिले, जिससे उसकी टीम 9 खिलाड़ियों तक सिमट गई। कनाडा की टीम ने इसका पूरा फायदा उठाया। होमन अहमद को पहले हाफ (33वें मिनट) में ही ताजोन बुकानन पर फाउल करने के लिए मैदान से बाहर भेज दिया गया था। इसके बाद दूसरे हाफ की शुरुआत में ही असीम मदीबो (51वें मिनट) को इस्माइल कोने पर फाउल करने के कारण लाल कार्ड दिखाया गया। उन्होंने कोने के बाएं पैर के निचले हिस्से में चोट पहुंचाई थी जिससे कनाडा के खिलाड़ी को मैदान से बाहर ले जाया गया।*

## मोकोएना ने पेनल्टी को गोल में बदला

द.अफ्रीका ने चेक गणराज्य के खिलाफ खेला ड्रॉ



**अटलांटा।** तेबोहो मोकोएना ने आखिरी क्षणों में पेनल्टी को गोल में बदलकर न सिर्फ दक्षिण अफ्रीका को हार से बचाया बल्कि चेक गणराज्य के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ कराकर विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप ए में उसे एक महत्वपूर्ण अंक भी दिलाया। मोकोएना ने मैच में आंखों में आंसू लिए खेल शुरू किया और चेहरे पर मुस्कान के साथ खेल समाप्त किया। मर्सिडीज-बेंज स्टेडियम में छठे मिनट में मिखाल सादिलेक ने चेक गणराज्य को बढ़त दिलाई। अलेक्जेंडर सोज्का ने सादिलेक को पास दिया और उन्होंने गोलकीपर रोनवेन विलियम्स को चकमा देते हुए गोल दाग दिया। चेक गणराज्य जब जीत की तरफ बढ़ रहा था तब थापेलो मासेको का लंबी दूरी का शॉट पेनल्टी एरिया में चेक प्रतिद्वंद्वी पावेल सुल्क के हाथ को स्पर्श कर गया। मैच से पहले राष्ट्रगान के दौरान आंसू बहाते हुए दिखाई देने वाले मोकोएना ने 83वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट पर कदम रखा और चेक गणराज्य के गोलकीपर मातेज कोवर के पास निचले हिस्से में शॉट मारकर गोल कर दिया।

## खबर संक्षेप



### इनियन ने जीता ग्लोबल चेस फेस्टिवल का खिताब

**मुंबई।** ग्रैंडमास्टर इनियन पा ने अपनी शीर्ष रैंकिंग के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए शुरू से लेकर अंत तक दबदबा बनाकर ग्लोबल चेस फेस्टिवल का खिताब जीत लिया। चौबीस साल के राष्ट्रीय चैंपियन इनियन ने अंतिम दौर में अजय संतोष पर्वतरेड्डी के साथ ड्रॉ खेलकर टूर्नामेंट में पदार्पण करते हुए खिताब जीता। उन्हें 8 लाख रुपए की इनामी राशि मिली। इनियन ने प्रतियोगिता में अजेय रहते हुए 7.5 अंक के साथ खिताब जीता। बोरिस सावचेंको ने अंतिम दौर में आकाश शरदचंद्र दाल्वी के साथ ड्रॉ खेलकर 6.5 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। नितिन बाबू ने चैलेंजर बर्ग जबकि माधवेंद्र प्रताप शर्मा ने जूनियर मास्टर्स वर्ग का खिताब जीता।

### 'स्पार्क' ने किया ईस्पोर्ट्स विश्व कप के लिए क्वालीफाई



**मुंबई।** भारत के ट्रैकमेनिया खिलाड़ी कुणाल उप्रेती (स्पार्क के नाम से मशहूर) ने एशिया और ओसनिया क्वालीफायर के जरिए जगह बनाकर ईस्पोर्ट्स विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया, जिससे वह इस रेसिंग खिताब में देश के अकेले प्रतिनिधि हैं। ईस्पोर्ट्स वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन 19 से 22 अगस्त तक होगा, जिसमें दुनिया के 32 शीर्ष खिलाड़ी 500,000 अमेरिकी डॉलर (4.7 करोड़ रुपए) की कुल पुरस्कार राशि के लिए मुकाबला करेंगे। स्पार्क भारतीय ईस्पोर्ट्स संस्थान एस8यूएल के उन तीन ट्रैकमेनिया खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट के पहले चरण के लिए जगह बनाई है।

### आज दोपहर 1.30 बजे से अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरा वनडे

# 'सुपर सैटरडे': क्लीन स्वीप पर भारत की नजर

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पहले दो मैच में धमाकेदार जीत से उत्साहित भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार को होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी, जिसमें केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल के प्रदर्शन पर नजर रहेगी। राहुल की वनडे टीम में जगह को लेकर कभी कोई संदेह नहीं रहा है, लेकिन जायसवाल शीर्ष क्रम में कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए अपनी जगह पक्की करने के लिए बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। जायसवाल ने 2025 के बाद वनडे टीम में वापसी की है लेकिन वह लखनऊ में अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे मैच में केवल चार रन ही बना पाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इससे पहले, जो आखिरी वनडे खेला था उसने उन्होंने विशाखापत्तनम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 116 रन बनाए थे, लेकिन उसके बाद स्थिति काफी बदल गई है और अब ईशान किशन की वापसी ने शीर्ष क्रम में एक और दावेदार को जोड़ दिया है।



### राहुल का 5वें नंबर पर प्रदर्शन अच्छा

राहुल का मामला बिल्कुल अलग है। लंबे अंतराल के बाद भारतीय टीम में अय्यर की वापसी का मतलब है कि 34 वर्षीय राहुल को अब अधिकतर मौकों पर छठे नंबर पर बल्लेबाजी करनी होगी। राहुल लंबे समय तक पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे थे और उन्होंने इस पोजीशन पर अच्छा प्रदर्शन भी किया है। उन्होंने पांचवें नंबर पर खेलते हुए 38 मैचों में 63.2 के औसत से 1517 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और 10 अर्धशतक शामिल हैं। इसके विपरीत छठे नंबर पर उन्होंने 15 मैचों में 41.5 की औसत से 332 रन बनाए हैं, जिसमें एक अर्धशतक शामिल है।

### राणा खेलेंगे तीसरा वनडे

तेज गेंदबाज हर्षित राणा को घुटने की चोट से उबरने के बाद अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले तीसरे और अंतिम वनडे के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने यह घोषणा की। राणा टी20 विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। उनके दाहिने घुटने के नीचे की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और जिसके बाद फरवरी में उनकी सर्जरी हुई थी। वह इस कारण टी20 विश्व कप और इंडियन प्रीमियर लीग में नहीं खेल पाए थे। राणा शनिवार को होने वाले श्रृंखला के अंतिम मैच से पहले टीम के साथ जुड़ गए हैं।

# श्रेयांका विश्व कप से बाहर, प्रेमा को मौका

एजेंसी ▶▶| लीड्स

ऑफ स्पिनर श्रेयांका पाटिल टखने की चोट के कारण महिला टी20 विश्व कप से बाहर हो गई हैं और उनकी जगह लेग स्पिनर प्रेमा रावत को टीम में शामिल किया गया है, जिन्होंने अभी तक एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है।

23 वर्षीय पाटिल बुधवार को नीदरलैंड के खिलाफ भारत की 95 रन की जीत के दौरान चोटिल हो गई थी। यह घटना पावरप्ले के आखिरी ओवर में हुई जब पाटिल को गेंद को रोकने की कोशिश में चोट लग गई। इससे उनके टखने में मोच आ गई।



### रावत पहली बार सीनियर राष्ट्रीय टीम में शामिल

24 वर्षीय रावत को पहली बार सीनियर राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। वह महिला प्रीमियर लीग के दो सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए छह मैच खेल चुकी हैं। रावत उस भारत ए टीम का हिस्सा थी, जिसे इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को नॉर्थम्प्टन में पहले टी20 मैच के साथ शुरू होने वाली छह मैचों की श्रृंखला खेलनी है। उन्होंने राइजिंग स्टार्स महिला एशिया कप में भी शानदार प्रदर्शन किया था, जहां उन्होंने 4.27 की इकॉनमी रेट से आठ विकेट लिए थे और भारत ए ने खिताब जीता था।

### महिला टी20 विश्व कप: वेस्टइंडीज का विजय अभियान जारी, स्कॉटलैंड को हराया

**लीड्स।** वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को 7 रन से हराकर आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखा। स्कॉटलैंड को जीत के लिए 154 रन की दरकार थी और टीम ने 18 ओवर में 5 विकेट पर 132 रन बना लिए थे। तेज गेंदबाज आलिया एलीन ने इसके बाद मैच का रुख वेस्टइंडीज की ओर मोड़ दिया। उन्होंने 19वें ओवर में डार्सी कार्टर (59) सहित 3 विकेट चटकाए। स्कॉटलैंड को अंतिम ओवर में 17 रन की जरूरत थी लेकिन टीम अंतिम गेंद पर 146 रन पर सिमट गई। ग्रुप दो में अब तक वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने ही अपने दोनों मैच जीते हैं। ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। सस्कॉटलैंड ने दोनों पारियों में वेस्टइंडीज को मुश्किल में डाला। टीम ने पहले अपनी अनुशासित गेंदबाजी और अच्छे क्षेत्ररक्षण से 18 ओवर में वेस्टइंडीज का स्कोर 6 विकेट पर 124 रन कर दिया। अनुभवी स्टेफनी टेलर ने हालांकि टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचा दिया। स्टेफनी ने 19 गेंद में नाबाद 47 रन की पारी खेली और 34 रन बाउंड्री से बनाए, जिससे वेस्टइंडीज की टीम छह विकेट पर 153 रन बनाने में सफल रही।

मकाऊ ओपन

# सेमीफाइनल में अशिमता किम को 37 मिनट में हराया



एजेंसी ▶▶| मकाऊ

भारतीय शटलर अशिमता चालिहा ने चोट से उबरने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कोरिया की किम मिन सन को सीधे गेम में हराकर मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। असम की 26 वर्षीय खिलाड़ी अशिमता ने विश्व की 99वें नंबर की खिलाड़ी किम को 37 मिनट में 21-16, 21-18 से हराया। चोटिल होने के कारण वह तीन महीने तक खेल से बाहर रही थी और उन्होंने मई में वापसी की थी। वहीं अनमोल खरब क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई।

### अशिमता का अगला मुकाबला यून से

इस साल बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिता में यह अशिमता का पहला सेमीफाइनल होगा। वापसी के बाद से उन्होंने चाइना मास्टर्स सुपर 100 और मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 प्रतियोगिताओं में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था। विश्व की 63वें नंबर की खिलाड़ी अशिमता फाइनल में जगह बनाने के लिए कोरिया की पार्क गा यून का सामना करेंगी।

### अशिमता और किम के बीच कांटे का मुकाबला

पहले गेम में अशिमता और किम के बीच कांटे का मुकाबला हुआ और एक समय स्कोर 14-14 से बराबर था। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने लगातार चार अंक हासिल किए और फिर यह गेम अपने नाम कर दिया। अशिमता दूसरे गेम में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाई और किम ने 8-2 की बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि वापसी का शानदार नमूना पेश किया और अंतर को 16-18 तक कम कर दिया। इसके बाद उन्होंने लगातार पांच अंक जीतकर अंतिम चार में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली।

### विश्व चैंपियन को हराकर पदक किया पक्का

# विश्व मुक्केबाजी कप : रोहतक की मीनाक्षी ने चीन में गाड़ा झंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चीन में आयोजित हो रहे विश्व बॉक्सिंग कप से भारत की बॉक्सर मीनाक्षी हुड्डा ने पकद पक्का कर लिया है। 51 किलोग्राम भारवर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही मुक्केबाज मीनाक्षी हुड्डा ने रिंग में अपना दबदबा कायम रखते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। मीनाक्षी 48 किलोग्राम में दुनिया की नंबर एक की बॉक्सर है। इस प्रतियोगिता में 51 किलोग्राम में भाग ले रही है। ओलंपिक में 48 किलोग्राम भारवर्ग होने की वजह से मीनाक्षी को



भारवर्ग बदलना पड़ा। पुरुषों की प्रतियोगिता में दीपक (70 किलोग्राम) ने अजरबैजान के नबी इस्गंदारोव को 5-0 से हराया, जबकि निखिल (55 किलोग्राम) ने भी अजरबैजान के अमीन मम्मादजादा के



खिलाफ शानदार 5-0 की जीत के बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई। 57 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रही प्राची ने पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपे की शि यी वू को 4-1 के फैसले से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इनके अलावा ज्योति (48 किग्रा) और जुगनू (85 किग्रा) पहले ही सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के लिए दो पदक पक्के कर चुके हैं। हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने विजेता खिलाड़ी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मीनाक्षी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दुनिया की नंबर दो बॉक्सर को हराया है। कोच विजय हुड्डा ने भी विजेता खिलाड़ी का हौसला बढ़ाया। मीनाक्षी का सेमीफाइनल मैच शनिवार को होगा।

### रुड़की से वैश्विक मंच तक का सफर

*रोहतक जिले के रुड़की गांव की रहने वाली मीनाक्षी हुड्डा की इस कामयाबी से न सिर्फ उनके पैतृक गांव, बल्कि पूरे हरियाणा और देश में जश्न का माहौल है। हरियाणा की मिट्टी वैसे भी देश को कई महान मुक्केबाज और पहलवान दे चुकी है, और अब मीनाक्षी उसी विरासत को वैश्विक पटल पर एक नए मुकाम पर ले जा रही हैं। सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के बाद अब मीनाक्षी हुड्डा की नजरें पदक का रंग बदलने यानी स्वर्ण पदक पर टिकी हुई हैं।*

### विश्व चैंपियन और नंबर-2 बॉक्सर को चटाई धूल

*क्वार्टर फाइनल का यह मुकाबला किसी महामुकाबले से कम नहीं था। मीनाक्षी के सामने दुनिया की नंबर-2 मुक्केबाज, दो बार की विश्व चैंपियन और तीन बार की एशियाई चैंपियन कजाकिस्तान की दिग्गज खिलाड़ी अलुआ बाल्कीबेकोवा की चुनौती थी। अलुआ को महिला बॉक्सिंग की सबसे चतुर और अनुभवी मुक्केबाजों में गिना जाता है। लेकिन, रोहतक की इस धाकड़ बेटी ने अपने आक्रामक खेल, शानदार फुटवर्क और सटीक पंचों के दम पर अलुआ को चारों खाने चित कर दिया।*

## इजराइल का शांति समझौते से इनकार

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/ वॉशिंगटन

इजराइल ने अमेरिका और ईरान के बीच हुए शांति समझौते को मानने से इनकार कर दिया है। इजराइली सेना ने शुक्रवार को रात भर दक्षिणी लेबनान में कई ठिकानों पर हमले किए। इजराइल की तरफ से हमला होने के बाद हिजबुल्ला ने इजराइल पर जबरदस्त पलटवार किया है। लेबनान में इजराइली सेना की कार्रवाई के बाद पश्चिम एशिया में तनाव फिर से भड़कने की आशंका है। इस बार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू आमने सामने आ गए हैं। हालांकि, अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि उनकी बातचीत में ऐसी कोई बात सामने नहीं आई जिससे लगे कि नेतन्याहू समझौते को लेकर बेहद नाराज हैं।

# लेबनान पर किया ड्रोन से हमला, ट्रंप और नेतन्याहू में बढ़ा तकरार

हिजबुल्ला की गोलाबारी में इजराइल के 4 सैनिक शहीद



### ड्रोन हमले में 21 की मौत, 33 घायल

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजराइली ड्रोन हमले में कम से कम 21 लोग मारे गए। शुक्रवार आधी रात के बाद हुए हमलों में 33 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। वहीं, इजराइली सेना ने कहा कि उसने दक्षिणी लेबनान के नबातियह शहर में हमला किया। यही हिजबुल्ला की ओर से हुए हमले में एक लेफ्टिनेंट कर्नल समेत चार सैनिक मारे गए।

### जिनेवा में होने वाली बातचीत टल गई

इन हमलों के कारण स्विट्जरलैंड के जिनेवा में अमेरिका और ईरान के बीच होने शुक्रवार को वाली वार्ता टल गई है। गुरुवार रात को व्हाइट हाउस ने घोषणा की कि अमेरिका उपराष्ट्रपति जेडी वैंस की ईरान के साथ तकनीकी वार्ता के लिए निर्धारित यात्रा स्थगित कर दी गई है। स्विट्जरलैंड के विदेश मामलों के संघीय विभाग ने एक बयान में कहा कि अमेरिका, ईरान, कतर और पाकिस्तान के बीच होने वाली वार्ता स्थगित कर दी गई है। स्विट्जरलैंड इन वार्ताओं में सहयोग देने के लिए तैयार है। वार्ता में राजनीतिक ढांचागत समझौते से आगे बढ़कर कार्यान्वयन, सत्यापन और अनुपालन पर विस्तृत बातचीत करने की योजना थी।

### इजराइल और हिजबुल्ला युद्धविराम पर सहमत

अधिकारियों ने बताया कि बाद में इजराइल और चरमपंथी समूह ने युद्धविराम को फिर से बहाल करने पर सहमति जताई। दो क्षेत्रीय अधिकारियों और एक अमेरिकी अधिकारी ने युद्धविराम बहाल करने पर सहमति बनने की जानकारी दी। क्षेत्रीय अधिकारियों के अनुसार, इस अस्थायी युद्धविराम की मध्यस्थता कतर, अमेरिका और ईरान ने मिलकर की है।

### इजराइल को हमारी मदद नहीं भूलनी चाहिएः वेंस



*अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि इस समय पूरी दुनिया में ट्रंप ही ऐसे राष्ट्राध्यक्ष हैं जो इजराइल के प्रति सबसे अधिक सहानुभूति रखते हैं। वेंस ने याद दिलाया कि पिछले तीन महीनों में इजराइल की सुरक्षा में इस्तेमाल हुए लगभग दो-तिहाई रक्षात्मक हथियार अमेरिकी सहयोग से उपलब्ध हुए हैं। उन्होंने कहा कि इजराइल में जो लोग यह सोचते हैं कि उनकी सबसे बड़ी समस्या अमेरिका के राष्ट्रपति हैं, उन्हें वास्तविक स्थिति को समझना चाहिए।*

## समझौते पर खामेनेई का पहला बयान

### कहा- ट्रंप को मजबूरी में करना पड़ा एमओयू



ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने अमेरिका के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर की पुष्टि करते हुए एक खास पोस्ट में कहा कि यह समझौता ईरान की उत्सुकता से नहीं, बल्कि अमेरिका की मजबूरी की वजह से हुआ है। ईरानी अधिकारियों ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए ईमानदारी से काम किया था, लेकिन अमेरिकी पक्ष ने ही सबसे अधिक जोर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ही मजबूरी में आकर इसे अंजाम देने के लिए हर तरह के दबाव और तरीकों का इस्तेमाल किया। उन्होंने माना कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से इस समझौते को लेकर कुछ आपत्तियां थीं। उन्होंने कहा कि सिद्धांत के तौर पर मेरी राय अलग था, लेकिन उन्होंने ईरानी राष्ट्र और 'रेसिस्टेंस फ्रंट' (प्रतिरोध मोर्चो) के अधिकारों की रक्षा करने के लिए ईरानी राष्ट्रपति के वादे के आधार पर अपनी मंजूरी दे दी। खामेनेई ने कहा कि अगर अमेरिकी पक्ष हद से ज्यादा मांगें रखने की कोशिश करेगा, तो वे उन्हें नहीं मानेंगे। उन्होंने खुद को 'विनम्र सेवक' बताते हुए सीधे अपने देश को संबोधित किया।

## खबर संक्षेप

### इंडिगो की फ्लाइट पर गिरी बिजली, यात्री सेफ



**कोलकाता।** भारतीय विमानन प्राधिकरण (एएआई) के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को आंधी-तूफान के दौरान कोलकाता हवाई अड्डे पर खड़े इंडिगो के एक विमान पर बिजली गिर गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ। इंडिगो की फ्लाइट 6ई6068 का विमान एयरोब्रिज 56एल पर खड़ा था, तभी बिजली गिरी। एहतियात के तौर पर एयरलाइन ने यात्रियों को विमान से उतार दिया, जो बाद में दूसरे विमान (वीटी-आईसीडी) से रवाना हो गए। दो ग्राउंड स्टाफ मामूली रूप से प्रभावित हुए।

### ट्रंप पर भड़की इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी



**रोम।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के बीच जबर्दस्त भिड़ंत हो गई है। डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि मेलोनी ने उनसे जी7 सम्मेलन के दौरान फोटो के लिए भीख मांगी थी। वह फोटो खिंचवाने के लिए तैयार हो गए। ट्रंप के इस दावे को लेकर जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि मैं और मेरा देश इटली, कभी भीख नहीं मांगते। मेलोनी ने कि ट्रंप का बयान पूरी तरह से फैब्रिकेटेड हैं। मैं इसको लेकर बहुत ज्यादा हैरान हूं। इस घटना के बाद इटली के विदेश मंत्री ने अमेरिका की यात्रा रद्द कर दी है।

### घोड़ा गाड़ी दुर्घटना में भारतीय किशोर की मौत



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में स्थित सेंट्रल पार्क में घोड़ा गाड़ी की चपेट में आने से 18 साल के एक भारतीय युवक रोमांच महाजन की मौत हो गई। रोमांच अपने परिवार के साथ पहली बार न्यूयॉर्क घूमने गए थे। जानकारी के मुताबिक, भारतीय परिवार घोड़ा गाड़ी में बैठकर घूम रहा था। इसी दौरान, गाड़ी का ड्राइवर परिवार की फोटो खींचने के लिए रुका। तभी अचानक घोड़ा बेकाबू हो गया और तेज रफ्तार से दौड़ने लगा। रोमांच की मां प्रिया महाजन चलती गाड़ी से नीचे गिर गईं। अपनी मां को गिरता देख रोमांच उन्हें बचाने के लिए तुरंत चलती गाड़ी से नीचे कूद गया।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को लिखा तीखा पत्र

# ग्रेट निकोबार परियोजना पर फिर गरजे पूर्व पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश: रिपोर्ट छिपाई का रही, सरकार पारदर्शिता भाग रही

## ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट की पर्यावरणीय मंजूरी जल्दबाजी में दी गई, गंभीर सवाल अब भी अनुत्तरित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने एक बार फिर केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि परियोजना से जुड़ी महत्वपूर्ण पर्यावरणीय रिपोर्टें, अध्ययन और शमन योजनाएं सार्वजनिक नहीं की जा रही हैं, जिससे परियोजना की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं।

18 जून को लिखे गए पत्र में जयराम रमेश ने कहा कि 3 जून को भेजे गए उनके पत्र के जवाब में 13 जून को प्राप्त मंत्री का उत्तर "निराशाजनक और असंतोषजनक" है तथा उसमें उनके द्वारा उठाए गए मूल मुद्दों का कोई ठोस जवाब नहीं दिया गया।

### पर्यावरणीय प्रभाव आकलन गंभीर रूप से अपर्याप्त

जयराम रमेश ने दावा किया कि ग्रेट निकोबार परियोजना के विभिन्न घटकों के लिए किए गए पर्यावरणीय प्रभाव आकलन न केवल अधूरे हैं बल्कि स्वयं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों से भी काफी नीचे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पहले भी कई विस्तृत पत्र लिखे जा चुके हैं, लेकिन सरकार इन चिंताओं का संतोषजनक उत्तर देने में विफल रही है।

### सार्वजनिक नहीं की जा रहीं अनुपालन रिपोर्टें

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि पर्यावरणीय मंजूरी की शर्तों के अनुसार हर छह महीने में अनुपालन रिपोर्ट सार्वजनिक



की जानी चाहिए, लेकिन मार्च 2024 के बाद ऐसी कोई रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई है। उन्होंने यह भी कहा कि परियोजना निगरानी समिति की बैठकों के कार्यवृत्त भी कई महीनों की देरी से अपलोड किए जा रहे हैं।

### विशेषज्ञ संस्थानों की रिपोर्टें भी सार्वजनिक नहीं

पत्र में कहा गया है कि नवंबर 2022 में पर्यावरणीय मंजूरी मिलने के 15 दिनों के भीतर विभिन्न संरक्षण और शमन योजनाएं प्रस्तुत की जानी थीं, लेकिन वे आज तक सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध नहीं हैं।

इन योजनाओं को तैयार करने की जिम्मेदारी कई प्रतिष्ठित संस्थानों को दी गई थी। जयराम रमेश ने कहा कि इन संस्थानों द्वारा तैयार योजनाओं और अध्ययन रिपोर्टों को सार्वजनिक न करना गंभीर चिंता का विषय है।

### पहले मंजूरी, बाद में अध्ययन- यह कैसे स्वीकार्य?

पूर्व पर्यावरण मंत्री ने यह भी सवाल उठाया कि पर्यावरण मूल्यांकन समिति की टिप्पणियों के बाद कई संस्थानों से संशोधित प्रस्ताव मांगे गए थे। उनके अनुसार, यदि परियोजना की समीक्षा और मंजूरी के बाद अध्ययन तथा शमन योजनाएं तैयार की जा रही हैं।

तो इससे उनकी पर्याप्तता और विश्वसनीयता पर संदेह पैदा होता है। उन्होंने कहा कि यह समझ से परे है कि किसी परियोजना को मंजूरी पहले दे दी जाए और उसके पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों पर बाद में काम किया जाए।

### 12 से अधिक अध्ययन और संशोधित पर्यावरण प्रबंधन योजना गायब

जयराम रमेश ने दावा किया कि विभिन्न संस्थानों द्वारा किए गए कम से कम 12 अतिरिक्त अध्ययनों के आधार पर तैयार की जाने वाली अद्यतन पर्यावरण प्रबंधन योजना भी सार्वजनिक नहीं की गई है। उनका कहना है कि ऐसी महत्वपूर्ण परियोजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इन सभी दस्तावेजों को जनता के सामने रखा जाना चाहिए।

### रणनीतिक महत्व के नाम पर पर्यावरणीय चिंताओं को दबाया जा रहा

पत्र के अंत में जयराम रमेश ने कहा कि सरकार अब ग्रेट निकोबार परियोजना को "रणनीतिक महत्व" का हवाला देकर उचित ठहराने का प्रयास कर रही है, लेकिन इससे पर्यावरणीय प्रभावों और पारिस्थितिकीय क्षति को लेकर उठे वैध प्रश्न समाप्त नहीं हो जाते। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की ओर से दिए जा रहे जवाब टालमटोल वाले हैं और परियोजना से जुड़े अध्ययन, रिपोर्टें तथा योजनाएं छिपाने के लिए असामान्य स्तर की गोपनीयता बरती जा रही है।

### कुछ अध्ययन अब भी अधूरे, मंजूरी जल्दबाजी में दी गई

पत्र में यह भी कहा गया है कि कई आवश्यक अध्ययन अभी तक पूरे नहीं हुए हैं, जिससे यह साबित होता है कि परियोजना को पर्यावरणीय मंजूरी जल्दबाजी में प्रदान की गई। उन्होंने विशेष रूप से बड़े पैमाने पर कोरल कॉलोनियों (प्रवाल भित्तियों) को स्थानांतरित करने की योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह व्यवहारिक रूप से लगभग असंभव और अवास्तविक प्रतीत होती है।

### एनजीटी की हाई-पावर्ड कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग

जयराम रमेश ने याद दिलाया कि उन्होंने पहले भी द्वारा गठित हाई-पावर्ड कमेटी की रिपोर्ट तथा के फील्ड सर्वे को सार्वजनिक करने की मांग की थी। उनका कहना है कि इसी सर्वे के आधार पर प्रस्तावित ट्रांसशिपमेंट पोर्ट के तटीय विनियमन क्षेत्र संबंधी निष्कर्ष निकाले गए थे, जिनकी स्वतंत्र जांच और सार्वजनिक समीक्षा आवश्यक है।

युद्धपोतों का आधार हैं ये जनरेटर सेट, 1.25 मेगावाट की क्षमता

## नौसेना को मिलेंगे 12 मरीन गैस टर्बाइन जनरेटर सेट, 425 करोड़ का हुआ समझौता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



रक्षा मंत्रालय ने 19 जून को भारतीय नौसेना के लिए 12 मरीन गैस टर्बाइन जनरेटर सेट की खरीद करने के लिए पुणे स्थित भारत फोर्ज लिमिटेड के साथ 425 करोड़ रुपए के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

इन दर्जनभर जेनरेटरों की क्षमता 1.25 मेगावाट होगी और इनमें न्यूनतम 60% स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। एक आधिकारिक बयान में मंत्रालय ने बताया कि रक्षा खरीद प्रक्रिया के तहत तय की गई बॉय (इंडियन) श्रेणी के तहत इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसमें रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति भी रही। यह जनरेटर सेट नौसेना के आधुनिक युद्धपोतों का आधार हैं। महत्वपूर्ण युद्ध प्रणालियों, उन्नत हथियारों और सेंसरों को शक्ति प्रदान करने वाले विद्युत उत्पादन अनुप्रयोगों में इन गैस टर्बाइन जनरेटर सेट का ही इस्तेमाल किया जाता है।




वैश्विक चिप उद्योग 800 अरब डॉलर का

# निर्माण उद्योग में 10 लाख पेशेवरों की कमी देश युवाओं को चिप डिजाइन में दे रहा ट्रेनिंग

एजेंसी ▶▶ पटना

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग लगभग 10 लाख पेशेवरों की कमी का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए एक बड़ा अवसर है और देश इस क्षेत्र में कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराने वाला प्रमुख केंद्र बन सकता है। पटना स्थित सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) केंद्र में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग का वर्तमान आकार लगभग 800 अरब डॉलर है और अगले एक वर्ष के भीतर इसके 1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक होने की संभावना है।

### 2032 तक होंगी 20 लाख नई नौकरियां



अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष 2032 तक वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षेत्र में लगभग 10 लाख नई नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। वहीं उद्योग को करीब 10 लाख कुशल पेशेवरों की कमी का भी सामना करना पड़ रहा है। भारत को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए दो प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान देना होगा – सेमीकंडक्टर डिजाइन और सेमीकंडक्टर निर्माण। सरकार चिप डिजाइन के साथ यह सुनिश्चित कर रही है कि भारतीय छात्र दुनिया के सबसे बेहतर प्रशिक्षित पेशेवरों में शामिल हों।

### 75 हजार छात्रों को मिला अवसर

वैष्णव ने कहा कि सेमीकंडक्टर डिजाइन से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों और पहलों के माध्यम से अब तक लगभग 75 हजार छात्रों को आकर्षक अवसर मिल चुके हैं। हमारा लक्ष्य इस संख्या को 75 हजार से बढ़ाकर 5 लाख छात्रों तक पहुंचाना है। भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण गतिविधियां पहले ही शुरू हो चुकी हैं।

बांग्लादेश की सैन्य ताकत को मजबूती देगा चीन

# जे-10सीई फाइटर जेट के लिए जल्द करेगा एमओयू पर साइन



एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश जल्द ही चीन से 20 जे-10सीई मल्टीरोल फाइटर जेट खरीद सकता है। इस सौदे को लेकर दोनों देशों में बातचीत अंतिम चरण में है। जे-10सीई वही फाइटर जेट है, जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के खिलाफ किया था। पाकिस्तान और चीन दावा करते हैं कि जे-10सीई लड़ाकू विमान ने भारत के राफेल को मात दी थी। इसे क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के तौर पर देखा जा रहा है।

### *10 साल में चीन को भुगतान करेगा बांग्लादेश*

*इस खरीद के लिए 10 साल में किश्तों में भुगतान किया जाएगा और 2026 से 2027 के बीच विमानों की डिलीवरी होने की उम्मीद है। इससे बांग्लादेश अपने टैक्टिकल एविएशन बेड़े को आधुनिक बना सकेगा। जे-10सीई एक 4.5-जेनरेशन फाइटर प्लेटफॉर्म है। यह एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड एरे रडार, आधुनिक डेटा लिंक, बियॉन्ड-विजुअल-रेंज मिसाइल इंटीग्रेशन और नेटवर्क-सेंट्रिक क्षमता से लैस है।*

गहरा रहा इबोला का खतरा

# कांगो में अब तक 232 मौतें, 896 संक्रमित, निगरानी में 6367 लोग

एजेंसी ▶▶ किंशासा



डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में इबोला वायरस का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि देश में इबोला के मामलों की संख्या अब 896 हो गई है। इस खतरनाक बीमारी ने अब तक 232 लोगों की जान ले ली है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बुधवार को इटुरी और नॉर्थ किवू प्रांतों में इबोला के 21 नए मामले सामने आए, जिनमें 6 लोगों की मौत हो गई। यह प्रकोप अब पूर्वी कांगो के तीन प्रांतों- इटुरी, नॉर्थ किवू और साउथ किवू के 33 स्वास्थ्य क्षेत्रों तक फैल चुका है। वर्तमान में 383 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं या उन्हें अलग रखा गया है। 78 मरीज इस बीमारी से पूरी तरह ठीक हो चुके हैं। बुधवार को ही 151 संदिग्ध मामले भी दर्ज किए गए।

कतर से आई 62,370 मीट्रिक टन गैस

# 3 माह के इंतजार बाद हॉर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत पहुंचा टैंकर 'दिशा'

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद



तीन महीने से अधिक समय के इंतजार के बाद एलएनजी टैंकर 'दिशा' सफलतापूर्वक हॉर्मुज स्ट्रेट पार करते हुए गुजरात के दहेज एलएनजी टर्मिनल पहुंच गया। शुक्रवार सुबह करीब 7:32 बजे टैंकर ने दहेज टर्मिनल पर पहुंचकर अपनी यात्रा पूरी की। मध्य-पूर्व में जारी भू-राजनीतिक तनाव और समुद्री सुरक्षा संबंधी चिंताओं के बीच इस जहाज का सुरक्षित आगमन भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वेसल ट्रैकिंग जानकारी के अनुसार, 'दिशा' ने सुरक्षित रूप से अपनी यात्रा पूरी करते हुए दहेज एलएनजी टर्मिनल तक पहुंच बनाई है। 'दिशा' टैंकर कतर के रास लाफान एलएनजी टर्मिनल से 62,370 मीट्रिक टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) लेकर रवाना हुआ था।

यूएन में भारत की पाकिस्तान को दो टूक

# सिंधु जल समझौता अब पुरानी बात आतंक फैलाने वालों को मदद नहीं



एजेंसी ▶▶ जिनेवा

भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाई है। भारत ने 1960 के सिंधु जल समझौते को आज के समय के हिसाब से पुराना और बेकार बताया है। भारत ने साफ शब्दों में कहा कि जो देश आतंकवाद को अपनी सरकारी नीति की तरह इस्तेमाल करता है, वह दोस्ती और सहयोग के फायदों की उम्मीद नहीं कर सकता।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की सचिव अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान के आरोपों का कड़ा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सिंधु जल समझौते पर भारत का रुख बिल्कुल साफ है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109